You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-316 ❒ रविवार, 21 दिसम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



मैं सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर इस बल से जुड़े सभी कार्मिकों को हार्दिक बधाई देता हूं। एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है। कर्तव्य की उनकी भावना हमारे राष्ट्र की सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बनी हुई है। उनके आगे के प्रयासों में उन्हें शुभकामनाएं। नरेन्द्र मोदी

बंगलादेश में हिंदू युवक की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में सात लोग गिरफ्तार 11

खेलों से अनुशासन, स्वास्थ्य और तनावमुक्त जीवनः धामी 12

## संक्षेप

### दिल्ली में कोहरे के कारण 125 से अधिक उड़ानें रद

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर तथा पूर्वी भारत के कई हिस्सों में कोहरे के कारण यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गयीं। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 10 बजे तक प्रस्थान करने वाली 63 और यहां उतरने वाली 66 उड़ानें रद्द कर दी गयीं। इसके अलावा कुछ उड़ानों में देरी की भी सूचना है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली समेत उत्तर भारत और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में इन दिनों तड़के और सुबह के समय घना कोहरा बन रहा है जिससे उड़ानें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इस बीच, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार रात एक निर्देश जारी किया है कि विमान सेवा कंपनियां यात्रियों को उड़ान में देरी, समय में बदलाव या उसके रद्द होने के बारे में अग्रिम और सही-सही जानकारी देंगी। अंतिम समय में देरी की घोषणा करने पर तुरंत जानकारी देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, एक सीमा से अधिक देरी होने पर यात्रियों के जलपान की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही, रीशिड्यूलिंग की स्थिति में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। रात में निश्चित समय से ज्यादा की देरी होने पर होटल में ठहरने की व्यवस्था करनी होगी। उड़ान रद्द होने की जानकारी तय सीमा के बाद देने की स्थिति में पूरा रिफंड देना होगा। मार्ग परिवर्तन या रीशिड्यूलिंग पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यात्री के समय पर चेक-इन करने की स्थिति में बोर्डिंग से मना नहीं किया जा सकेगा।


### वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक नहीं रहीं : जयशंकर

**पुणे।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा है कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं। पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्जी थोप नहीं सकता।' उन्होंने कहा, 'इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संतुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार, ऊर्ज़ा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं। यह इसे एक खास तौर पर जटिल बनाते हैं। जयशंकर ने कहा, 'यह पहचानना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जयशंकर ने कहा, 'हमारे जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अगर तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, तो उसे महत्वपूर्ण और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग विकसित करनी चाहिए।

# कांग्रेस की दशकों पुरानी गलतियां सुधार रही सरकार

## असम बन रहा भारत का 'ईस्टर्न गेटवे' : मोदी

एजेंसी



गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हमारी सरकार कांग्रेस की दशकों पुरानी गलतियों को एक-एक कर सुधार रही है और असम आज भारत के 'ईस्टर्न गेटवे' के रूप में उभर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की पिछली सरकारों के लिए असम और पूरे पूर्वोत्तर का विकास कभी भी प्राथमिकता सूची में नहीं रहा, जिसके कारण इस क्षेत्र को लंबे समय तक उपेक्षा का सामना करना पड़ा।

प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी में गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की नई टर्मिनल इमारत का उद्घाटन करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि असम की धरती से उनका गहरा जुड़ाव है। यहां के लोगों का प्यार और स्नेह, विशेष रूप से असम और नॉर्थ-ईस्ट की माताओं और बहनों का अपनापन, उन्हें लगातार प्रेरित करता है और पूर्वोत्तर के विकास के उनके संकल्प को मजबूती देता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन केवल असम के लिए नहीं, बल्कि पूरे नॉर्थ-ईस्ट के लिए विकास का उत्सव है। मोदी ने कहा कि जैसे असम में विशाल ब्रह्मपुत्र की धाराएं कभी नहीं रुकतीं, वैसे ही भाजपा की डबल इंजन सरकार में राज्य में विकास की धारा भी निरंतर बह रही है। गुवाहाटी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इसके लिए असमवासियों और देशवासियों को बधाई दी। मोदी ने आधुनिक एयरपोर्ट सुविधाओं और कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर को किसी भी राज्य के लिए नए अवसरों के द्वार बताते हुए कहा कि ये सुविधाएं बढ़ते आत्मविश्वास और लोगों के भरोसे की मजबूत नींव होती हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई यात्री इस नए टर्मिनल में कदम रखता है, 'विकास और विरासत' के मंत्र का सजीव उदाहरण दिखाई देता है। यह टर्मिनल असम की प्रकृति और संस्कृति को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जिसमें हरियाली और स्थानीय पहचान का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि यात्रियों को शांति और आराम का अनुभव हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब लोग असम में बने आधुनिक एयरपोर्ट और हाईवे देखते हैं, तो वे स्वयं महसूस करते हैं कि अब राज्य के साथ न्याय हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेस के एजेंडे में असम और नॉर्थ-ईस्ट का विकास शामिल ही नहीं था। कांग्रेस सरकारों की सोच थी कि इस क्षेत्र को आधुनिक एयरपोर्ट, बेहतर रेलवे और हाईवे की आवश्यकता नहीं है और इसी कारण दशकों तक यहां विकास नहीं हो पाया। 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर को रणनीतिक प्राथमिकता दी है। इसके परिणामस्वरूप आज असम भारत को आसियान देशों से जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण पुल की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि असम का 'ईस्टर्न गेटवे' के रूप में उभरना केवल शुरुआत है और आने वाले समय में इससे व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान जनता से आग्रह किया कि वे अपने मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट जलाकर विकास के इस उत्सव में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि यह ● शेष पेज 11 पर

### बंगाल में 'महाजंगल राज' खत्म करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए राज्य की मौजूदा स्थिति को ल्ममहाजंगल राजङ्क करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टीकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल का विकास ठप पड़ा है और तृणमूल सिर्फ भाजपा का विरोध करने के लिए आम लोगों को पीड़ा झेलने पर मजबूर कर रही है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के ताहेरपुर में रैली को खराब मौसम के कारण वर्चुअली संबोधित किया। घने कोहरे की वजह से उनका हेलीकॉप्टर ताहेरपुर में बनाए गए अस्थायी हेलीपैड पर नहीं उतर सका, जिसके चलते उन्हें कोलकाता लौटना पड़ा और वहीं से फोन के जरिए सभा को संबोधित कियाा। प्रधानमंत्री ने इसके लिए लोगों से क्षमा मांगते हुए कहा कि मौसम की बाधा के कारण वे उनसे सीधे मुलाकात नहीं कर सके, लेकिन उनका स्नेह और आशीर्वाद उनके साथ है। प्रधानमंत्री ने ताहेरपुर स्टेशन के पास सुबह हुई रेल दुर्घटना पर भी दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण रैली स्थल पर पहुंचते समय भाजपा परिवार के कुछ कार्यकर्ता हादसे का शिकार हुए हैं। जिन कार्यकर्ताओं की मृत्यु ● शेष पेज 11 पर

# प्रदेश में प्रचंड सर्दी का कहर



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ अगले 48 घंटे रहेंगे बेहद चुनौतीपूर्ण

❒ कई जिलों में दृश्यता शून्य, यातायात और जनजीवन प्रभावित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में ठंड ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में घने से अत्यधिक घने कोहरे और शीत दिवस को लेकर चेतावनी जारी की है। आगामी 24 से 48 घंटों के दौरान हालात और गंभीर हो सकते हैं, जिसको देखते हुए कई जिलों में रेड अलर्ट और कुछ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को प्रदेश के कई प्रमुख शहरों जैसे कानपुर, आगरा, प्रयागराज और गाजियाबाद में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है। सुबह और देर रात के समय हालात और अधिक खराब रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार, पिछले चार दिनों से जारी घने कोहरे में अगले 24 घंटों में हल्की कमी आ सकती है। तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने से सोमवार को शीत दिवस की स्थिति से कुछ राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद 24 दिसंबर से कोहरे की तीव्रता फिर बढ़ेगी।

इसके साथ ही प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे ठंड और अधिक बढ़ेगी।

इन जिलों में अत्यधिक घने कोहरे का रेड अलर्ट : कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, ● शेष पेज 11 पर

# भारतीय साइबर एजेंसी ने व्हाट्सएप 'हाईजैक' की आशंका जताई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-आईएन ने व्हाट्सऐप के डिवाइस-लिंकिंग फीचर में एक खामी की ओर इशारा किया है, जो हमलावरों को किसी खाते पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने में सक्षम बनाती है, जिसमें वेब संस्करण पर वास्तविक समय के संदेशों, फोटो और वीडियो तक पहुंच शामिल है।

एजेंसी द्वारा प्राप्त एक परामर्श में एजेंसी ने शुक्रवार को इस मुद्दे को घोस्टपेयरिंग नाम दिया है। ऐसी खबरें आई हैं कि दुर्भावनापूर्ण तत्व बिना प्रमाणीकरण की आवश्यकता के 'पेयरिंग कोड' का उपयोग करके खातों को हैक करने के लिए व्हाट्सऐप की 'डिवाइस-लिंकिंग' सुविधा का फायदा उठा रहे हैं। एडवाइजरी में कहा गया है, घोस्टपेयरिंग नामक इस नए पहचाने गए साइबर अभियान से साइबर अपराधी पासवर्ड या सिम स्वैप की आवश्यकता के बिना व्हाट्सएप खातों पर पूर्ण नियंत्रण




हासिल कर सकते हैं। इस खुलासे पर व्हाट्सऐप की प्रतिक्रिया का इंतजार है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) साइबर हमलों से निपटने और भारतीय इंटरनेट क्षेत्र की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी शाखा है। परामर्श में कहा गया है कि उच्च गंभीरता वाले हमले का अभियान आमतौर पर पीड़ित को किसी विश्वसनीय संपर्क से हाय, यह फोटो देखें जैसा संदेश प्राप्त होने से शुरू होता है। संदेश में फ़ेसबुक जैसे पूर्वावलोकन वाला एक लिंक है। यह लिंक एक नकली फ़ेसबुक उपयोगकर्ता पर ले जाता है जो उपयोगकर्ताओं को सामग्री देखने के लिए ● शेष पेज 11 पर

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की हत्या की साजिश रचने के मामले में आरोप तय

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने और उनकी हत्या की कथित साजिश रचने के मामले में सकारिया राजेशभाई खीमजीभाई और तहसीन रजा के खिलाफ आरोप तय किए हैं। अदालत ने दोनों आरोपियों पर हत्या के प्रयास, लोक सेवक के कार्य में बाधा डालने, लोक सेवक को कर्तव्य पालन से रोकने के लिए हमला करने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप लगाए हैं। इसके अतिरिक्त, आरोपी सकारिया राजेशभाई खीमजीभाई के खिलाफ जानबूझ कर चोट पहुंचाने का आरोप तय किया गया है। यह आदेश विशेष लोक अभियोजक प्रदीप राणा और बचाव पक्ष के वकील के बीच 15 दिसंबर को हुई लंबी बहस के बाद पारित किया गया। बचाव पक्ष ने तर्क दिया था कि इस मामले में हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश के आरोप लागू नहीं होते। इसके विपरीत, विशेष लोक अभियोजक ने साक्ष्यों के जरिए बताया कि आरोपियों की मंशा मुख्यमंत्री को खत्म करने की थी। इसके लिए उन्होंने चाकू ● शेष पेज 11 पर

# मनरेगा के लिए लड़ी थी और अब इसे खत्म करने के खिलाफ भी लड़ूंगी : सोनिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा की जगह नया कानून लाकर उसने गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार 11 साल से इस कानून को कमजोर करने का लगातार प्रयास करती रही है और अब उसने गरीबों के रोजगार के लिए बने इस कानून को ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गरीबों को यह अधिकार दिलाने के लिए लड़ी थीं और अब इसे खत्म कर गरीबों का अधिकार छीनने के खिलाफ भी लड़ेंगी। श्रीमती गांधी ने शनिवार को यहां एक वीडियो संदेश में कहा ''मुझे आज भी याद है, 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण



परिवारों को मिला। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अति गरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक़ दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया।''

उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरु से ही इस योजना को महत्व नहीं दे रही है और पिछले 11 साल में उसने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की जबकि कोविड के वक़्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। अफसोस इस बात का है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। इस योजना से न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरुप भी बिना विचार-विमर्श, बिना किसी से सलाह-मशवरा और विपक्ष को विश्वास में लिए बिना मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। कंग्रेस का मनरेगा को लाने और लागू करने में बड़ा योगदान था, लेकिन यह पार्टी से जुड़ा मामला कभी नहीं रहा बल्कि यह देशहित और जनहित से जुड़ी योजना थी। मोदी सरकार ने ● शेष पेज 11 पर

# इसरो 24 को अमेरिकी उपग्रह ब्लूबर्ड-6 लॉन्च करेगा

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 24 दिसंबर की सुबह अपने श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से 'ब्लूबर्ड-6' संचार उपग्रह को लॉन्च करेगा।

एक विशेष वाणिज्यिक मिशन के तहत, भारत का भारी-भरकम प्रक्षेपण यान एलवीएम3 श्रीहरिकोटा के शार रेंज से अमेरिकी स्पेस टेक कंपनी 'एएसटी स्पेसमोबाइल' के 6.5 टन वजनी 'ब्लूबर्ड-6' संचार उपग्रह को लॉन्च करेगा। यह अब तक भारत द्वारा लॉन्च किया जाने वाला सबसे भारी पेलोड होगा और यह उपग्रह पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि यह लॉन्च बुधवार को सुबह 08:54 बजे होगा। संगठन ने कहा, ''आम जनता ऑनलाइन पंजीकरण करके शार की 'लॉन्च व्यू गैलरी' से इस लॉन्च को देख




सकती है। इसरो ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 मिशन एलवीएम3 प्रक्षेपण यान का एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन है।'' यह मिशन एलवीएम की छठी परिचालन उड़ान है। गौरतलब है कि 30 जुलाई को जीएसएलवी-एफ16 के जरिए नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (निसार) उपग्रह के सफल प्रक्षेपण के बाद, अमेरिकी उपग्रह से जुड़ा इसरो का यह दूसरा मिशन होगा। इसरो द्वारा विकसित एलवीएम3 एक तीन चरणों वाला प्रक्षेपण यान है। इसके पहला चरण ठोस ईंधन वाला है और इसमें दो ठोस स्ट्रैप-ऑन मोटर (एस200) लगे हैं। दूसरे चरण ● शेष पेज 11 पर

# अटल, श्यामा प्रसाद और दीनदयाल के विचारों को समर्पित होगा राष्ट्र प्रेरणा स्थल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन तथा नवनिर्मित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा लखनऊ को प्रदान किया जा रहा यह उपहार राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक विरासत एवं गौरव का प्रतीक बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल जी की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रीय एकता, एकात्म मानववाद तथा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को समझने और आत्मसात करने की प्रेरणा देंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल, आतिथ्य एवं भीड़ प्रबंधन से संबंधित सभी व्यवस्था उच्चतम मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए और

❒ राष्ट्र प्रेरणा स्थल लोकार्पण कार्यक्रम की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, कहा सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम, ठंड के बीच न हो किसी को समस्या-दो लाख लोगों की उपस्थिति में होगा राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण

किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की फाइनल टचिंग, लैंडस्केपिंग, उद्यान, संग्रहालय परिसर, एम्फीथिएटर एवं मार्गों के सुंदरीकरण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश भर से आने वाले दो लाख से अधिक जनता के लिए तैयार की गई व्यवस्था; परिवहन, पार्किंग लेआउट, बस रूट प्लान, नियंत्रण कक्ष एवं चिकित्सा इकाइयों की समीक्षा की और कहा कि प्रत्येक बस, पार्किंग ब्लॉक और प्रवेश द्वार हेतु जिम्मेदार नोडल अधिकारी नामित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने पुलिस एवं प्रशासन को वीवीआईपी रूट, हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल एवं जनसभा क्षेत्र में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू करने तथा यातायात



डायवर्जन, पार्किंग व पैदल मार्ग हेतु स्पष्ट साइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया प्रबंधन, स्वागत व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुति और प्रोटोकॉल के सभी घटकों में समन्वय और समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल : प्रमुख विशेषताएं

लगभग 230 करोड़ रुपये की लागत से 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित भव्य परियोजना।-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न अटल बिहारी ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री योगी की सख्ती का असर, एक हफ्ते में राजस्व परिषद लेखपाल भर्ती की करेगा संशोधित अधियाचन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त रुख के बाद हरकत में आए राजस्व परिषद ने एक हफ्ते में लेखपाल पद के अधियाचन के क्रम में पदों की संशोधित सूचना जारी करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस संबंध में शनिवार को राजस्व परिषद के आयुक्त ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) को वर्तमान में रिक्त 7994 लेखपाल पदों की संख्या की जांच करते हुए तत्काल नियमानुसार संशोधित अधियाचन की कार्यवाही करने को लेकर पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि उप्र के राजस्व लेखपाल के 7,994 पदों के लिए 16 दिसंबर 2025 को जारी विज्ञापन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने बीते दिनों यह तथ्य सामने आया कि जनपदों से भेजे गए श्रेणीवार आंकड़ों में स्पष्ट विसंगतियां थीं। मुख्यमंत्री ने मामले की शिकायत मिलने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए आयोग के चैयरमैन और राजस्व परिषद को चेतावनी देते हुए श्रेणीवार कार्यरत एवं रिक्त पदों की गणना को पुनः सत्यापित कर संशोधित अधियाचन पूरी तरह त्रुटिरहित स्वरूप में जारी करने के कहा। सीएम की सख्ती को देखते हुए राजस्व परिषद के चेयरमैन ने इसकी पहल कर दी है। उन्होंने शनिवार को 7994 खाली पदों पर वर्टिकल और हॉरिजॉटल आरक्षण के साथ अधियाचन करने को लेकर राजस्व परिषद को पत्र लिखा है। अधियाचन में 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा 2 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति का वर्टिकल आरक्षण अक्षरशः सीएम के निर्देश को लागू करते हुए एक हफ्ते में प्रक्रिया रोस्टर जारी करने को कहा है। इस संबंध में राजस्व परिषद की सचिव कंचन वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद परिषद ने प्राथमिकता से सभी आंकड़ों की समीक्षा प्रारंभ कर दी है। उन्होंने कहा कि संशोधित अधियाचन आयोग को भेजे जाने के उपरांत लेखपाल भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी, विवाद-मुक्त और आरक्षण प्रावधानों के पूर्ण अनुपालन के साथ आगे बढ़ेगी।

# सकारात्मक सोच के साथ देश व समाज की सेवा करें : धर्मवीर प्रजापति

## राज्यमंत्री ने वार्डन एवं स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति ने शनिवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) में आयोजित नागरिक सुरक्षा कोर, प्रयागराज के वार्डन/स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्इतनी शक्ति हमें देना दाताङ्क प्रार्थना एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से की गई, जिससे प्रशिक्षणार्थियों में अनुशासन एवं सेवा भावना का संचार हुआ।इस अवसर पर राज्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक मेले, आयोजनों एवं प्राकृतिक आपदाओं सहित हर परिस्थिति में निस्वार्थ भाव से जनसेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी माघ मेले में भी सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक अपनी दक्षता और पारंगतता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आमजन की सेवा करेंगे।उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्वयंसेवकों से अपील की कि वे अपने-अपने मोहल्लों और बस्तियों में लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की जानकारी दें, ताकि लोग स्वयं और दूसरों की सुरक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि महाकुंभ-2025 में सिविल डिफेंस द्वारा किए गए कार्यों की सर्वत्र सराहना हुई है। उन्होंने बताया कि पहले सिविल डिफेंस कुछ ही जिलों तक सीमित था, लेकिन मुख्यमंत्री की प्रेरणा से अब प्रदेश के सभी जिलों में इसकी इकाइयों का गठन हो चुका है।राज्यमंत्री ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने सिविल डिफेंस के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि सिविल डिफेंस के कार्यों की जानकारी देने के लिए मोहल्लों और प्रमुख स्थलों पर बैनर लगाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सेवा से जुड़ सकें।अपने पूर्व अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि जेल मंत्री रहते हुए जेलों में अनेक सुधारात्मक कार्य कराए गए। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पार्कों का निर्माण कराया गया, शिक्षा की व्यवस्था की गई और महिलाओं के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। कैदियों की मानसिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संवाद को प्राथमिकता दी गई।राज्यमंत्री ने कहा कि जीवन में नकारात्मक सोच से बचते हुए सकारात्मक भाव के साथ आगे बढ़ना चाहिए। अच्छे कार्यों से ही पहचान बनती है और देश व समाज के लिए कुछ अच्छा करके जाना चाहिए। उन्होंने परमार्थ भाव से कार्य करने और अपने कार्यों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार द्वारा 224 नागरिक सुरक्षा टाउन में एक साथ हवाई हमले से बचाव की मॉक ड्रिल कराई गई तथा लगभग 1000 शहरों में यह अभ्यास संपन्न हुआ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: हण्डिया में जिलाधिकारी ने शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील हण्डिया में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का जिलाधिकारी ने अवलोकन किया और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण अभियान के अंतर्गत 3 महिलाओं की गोदभराई एवं 2 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया तथा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की जानकारी ली गई।जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेने और संतुष्टि सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में विलंब होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 496 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए।इस दौरान भूमि पैमाइश, अवैध कब्जा, तालाब व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, अवैध खनन तथा रास्ता अवरुद्ध करने जैसी शिकायतों पर जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारी व पुलिस अधिकारियों को जांच कर विधिसंगत कार्रवाई के निर्देश दिए।कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजीव कुमार शाक्य, उपजिलाधिकारी हण्डिया रामेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में ठंड के बीच बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने गरीबों को बांटे कंबल



प्रयागराज । जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए बारा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. वाचस्पति ने शनिवार सुबह बारा तहसील परिसर में क्षेत्र से आए जरूरतमंद और गरीब लोगों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह भी दी।कार्यक्रम के दौरान एसडीएम बारा एसीपी निकिता श्रीवास्तव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## 27 व 28 दिसम्बर को गुलदाउदी व कोलियस प्रदर्शनी का किया जाएगा आयोजन

प्रयागराज। समस्त जनपद वासियों की सहर्ष सूचित किया जाता है कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी राजकीय उद्यान, चन्दशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज के बैण्ड स्टैण्ड उद्यान इकाई (गोल चक्कर) पर दिनांक 27 व 28 दिसम्बर 2025 को पुष्प उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुलदाउदी व कोलियस की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 'व्यक्तिगत' अथवा सरकारी / अर्धसरकारी / निजी संस्था प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया जाता है। प्रदर्शनी में लगने वाले प्रदर्श (गमलों) की कोई एंट्री फीस नहीं ली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपने गमलों को दिनांक-26.12.2025 को एन्ट्रीफार्म भरकर चन्द्रशेखर आजाद पार्क के गेट नं0-06 से ला सकते हैं। प्रदर्शनी में उत्कर्ष प्रदर्शों को प्रोत्साहित हेतु प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेंगे । एन्ट्री फार्म एवं नियमावली हेतु श्री सुनील कुमार, कार्यालय वरिष्ठ सहायक-9889408043, सुरेश कुमार यादव प्रभारी संतति पौधशाला- 9621929063 एवं शिव कुमार यादव, प्रभारी बैण्ड स्टैण्ड इकाई - 9453090560 पर सम्पर्क किया जा सकता है। किसी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु कार्यालय अधीक्षक राजकीय उद्यान चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज से सम्पर्क किया जा सकता है ।

## नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा, स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन 25 दिसंबर को

प्रयागराज। राजकीय होम्योपैथिक मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय प्रयागराज के सौजन्य से परिसर - काली कन्या विकास विद्यालय, 7-सी, जोंधवल, तेलियरगंज, प्रयागराज में प्रातः 10.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा, स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जगदीश राम ने दी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस उपायुक्त ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

प्रयागराज । शनिवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा सम्पूर्ण समाधान/तहसील दिवस के अवसर पर तहसील हण्डिया में फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं।इस दौरान प्राप्त जनसमस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जनशिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतने और समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हण्डिया पुलिस ने लूट के दो वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रयागराज । अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हण्डिया पुलिस टीम ने लूट के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट के कुल 6400 रुपये, दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है।गिरफ्तार अभियुक्तों में सचिन कन्नौजिया (26 वर्ष) एवं अनुराग मिश्रा (25 वर्ष) निवासी ग्राम भेल्सी, थाना हण्डिया शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों ने 19 दिसंबर 2025 को पैगहा पुलिया के पास मारपीट कर एक व्यक्ति से लगभग 15 हजार रुपये व दो मोबाइल फोन लूट लिए थे। इस संबंध में थाना हण्डिया पर मुकदमा दर्ज किया गया था।शनिवार को पुलिस ने सचिन को ग्राम जसवा नहर पुलिया के पास से तथा अनुराग को ग्राम वासूपुर के पास से गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में विधिक धाराओं की बढ़ोत्तरी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## माघ मेला 2026 की तैयारियों का किया निरीक्षण

प्रयागराज। माघ मेला 2026 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन को लेकर पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने नगर क्षेत्र के झूंसी स्थित ओल्ड जीटी कछार पार्किंग, सरस्वती पार्किंग, सोहम आश्रम छतनाग तथा नागेश्वर मंदिर पार्किंग एरिया का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पार्किंग व्यवस्था, यातायात सुगमता एवं सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए पुलिस उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

प्रयागराज । महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी अभियान ध्मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शनिवार को गंगानगर जोन कमिश्नरेट प्रयागराज के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।इस दौरान साइबर सुरक्षा को लेकर भी जागरूक किया गया और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए। मिशन शक्ति टीम ने किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल डायल-112 या मिशन शक्ति टीम से संपर्क करने की अपील की।साथ ही महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े 112, 1090, 181, 1076, 1930 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट भी वितरित किए गए।

# पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ से तुलसी पार्क में आध्यात्मिक चेतना का व्यापक प्रसार

## गायत्री महायज्ञ से गुंजायमान हुआ तुलसी पार्क, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अखिल विश्व गायत्री परिवार, हरिद्वार के संयोजकत्व एवं गायत्री शक्तिपीठ, गोमतीनगर, लखनऊ के तत्वावधान में आज गोमतीनगर के विराम खंड54 स्थित तुलसी पार्क में पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ का भव्य, अनुशासित एवं आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर क्षेत्र का वातावरण वेद मंत्रों की गूंज, यज्ञाग्नि की दिव्यता और सामूहिक साधना की ऊर्जा से अनुप्राणित हो उठा।कार्यक्रम का विधिवत संचालन शान्तिकुंज, हरिद्वार से पधारी चार साधिकाओं द्वारा वैदिक परंपराओं के अनुरूप किया गया। यज्ञ के माध्यम से विश्व कल्याण, समाज में सद्भाव, नैतिक उत्थान एवं मानवीय मूल्यों के संवर्धन की कामना की गई। मुख्य वक्ता के रूप में गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी श्री शिव शंकर मिश्रा जी ने अपने प्रेरणादायी उद्‌बोधन में कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सामाजिक जागरण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है।इस अवसर पर ट्रस्टी दिनेश यादव जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय कार्यकर्ता धीरज मिश्रा, दिनेश कुलश्रेष्ठ, प्रताप नारायण, नितिन पाण्डेय, अशोक सिंह जी परिव्राजक एवं श्रीमती गीता सिंह जी सहित गायत्री शक्तिपीठ से जुड़ी अनेक बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।यज्ञ में कालोनी एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा आहुतियां अर्पित कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओं की बड़ी सहभागिता ने यह स्पष्ट किया कि समाज में आज भी सनातन संस्कृति, यज्ञीय परंपरा और नैतिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था विद्यमान है।कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, लखनऊ के जिला संयोजक महिपाल जी,अशोक कुमार पाण्डेय, जय करण पाल जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन की समस्त व्यवस्थाओं का दायित्व कालोनी निवासी अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा अत्यंत मनोयोग, समर्पण और सेवा भाव से निभाया गया। समापन पर सभी सहभागियों ने ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

## पुलिस आयुक्त ने की जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश




प्रयागराज। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। जनसुनवाई के दौरान पुलिस आयुक्त ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ताओं से संवेदनशील व्यवहार किया जाए और कार्रवाई की जानकारी समय पर दी जाए, जिससे आमजन का पुलिस पर विश्वास मजबूत हो।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख ने राइस मिल के विरुद्ध की समाधान दिवस में शिकायत

## किसानों की नहीं तौल की जा रही धान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव, प्रयागराज। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस कोरांव में पूर्व ब्लाक प्रमुख अव्यक्त राम मिश्र ने आरोप लगाते हुए पवन राइस मिल कोरांव के विरुद्ध शिकायत किया है कि किसानों का धान सीधे नहीं खरीदा जा रहा दलालों व एमओ के माध्यम से धान की तौल किया जा रहा यह भी आरोप है कि एमओ द्वारा किसानों से कहा जाता है कि धान व्यापारियों के माध्यम से बिक्री करे जिससे तुरंत अंगूठा लगवाकर खाता में पैसा भेजा जा सके साथ ही अपनी शिकायत में पवन राइस मिल का स्टॉक चेक करवाने व जांच कार्यवाही की माग किए है कि आखिर इतना धान आया कहा से अब देखना है कि आखिर शिकायत को जिम्मेदार अधिकारी कितना गंभीरता से लेकर जांच कार्यवाही करते है इसी प्रकार कोरांव के भाजपा मंडल अध्यक्ष बबूआन द्विवेदी ने भी मनमानी धान तौल आदि किसानों की माग को लेकर शिकायत उच्चाधिकारियों से की है जिसपर विभाग द्वारा लगाई गई आख्या पर मंडल अध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर करते हुए पुनः से जांच कार्यवाही की माग की है

# एडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ समाधान दिवस

## आई 222 शिकायतें 08 का निस्तारण, पूर्व की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व की , राजस्व विभाग अपने विभाग की शिकायत में नहीं ला पा रहा सुधार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। शनिवार को जिले से आए एडीएम नजूल संजय कुमार पांडेय व एसडीएम संदीप तिवारी की अध्यक्षता में तहसील कोरांव सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें राजस्व विभाग से 90 शिकायतें ,पुलिस विभाग की 27 विकास विभाग 35 शिक्षा स्वास्थ्य जीरो समाज कल्याण 2 अन्य विभाग की 68 शिकायतें आई कुल मिलाकर 222 शिकायतें आई जिसमें राजस्व विभाग से आई 08 शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया शेष 214 शिकायतें लंबित है संबंधित विभाग को एसडीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि श्रेणी चयन कर एक सप्ताह के भीतर मौके पर जाकर आख्या गुणवत्ता पूर्वक अपलोड करे एसडीएम ने आख्या समय से न आने की कड़ी नाराजगी जताई और उन्होंने कहा दुबारा न कहना पड़े बेलन नहर प्रखंड व पुलिस ब्लाक समेत कुछ विभाग के लंबित प्रार्थना पत्र का निस्तारण न होने पर भी नाराजगी जाहिर की इस मौके पर एडीएम नजूल संजय कुमार पांडेय एसडीएम संदीप तिवारी , वन क्षेत्राधिकारी कोरांव पीके सिंह व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे

# तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर जांच कर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें लापारवाही बर्दास्त नही की जायेगी। यह उद्गार तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे तहसीलदार मंजुला मिश्रा सम्बन्धितों को निर्देशित कर व्यक्त कर रही थी।

तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस में कुल 23 शिकायते आई मौके पर 4 शिकायतो का निस्तारण किया गया।आपको बता दें कि प्राप्त शिकायतो में राजस्व 10 पुलिस 12, अन्य 1 प्रार्थना पत्र आए। शेष शिकायतो के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को मौके पर जांच कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह, अवर अभियंता संजय कुमार अवर अभियंता अजय सैनी, अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, पूर्ति निरीक्षक मुकेश पांडेय, सीएचसी अधीक्षक गणनायक पांडेय, राजस्व निरीक्षक उमेश चंद्र त्रिपाठी, अहमद, आबिद अली, लेखपाल राजीव मिश्र, सुनील यादव, संतोष पटेल सहित सम्बन्धित थानों के उपनिरीक्षक मौजुद रहे।

# परा विधिक स्वयंसेवकों के मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

## जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज में कार्यरत समस्त परा विधिक स्वयंसेवकों (अधिकार मित्रों) के मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज श्री दिनेश कुमार गौतम ने की। इस अवसर पर अतिथियों को बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने परा विधिक स्वयंसेवकों को तहसील, ब्लॉक, थाना एवं अन्य स्थानों पर उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए प्रभावी कार्य करने हेतु दिशा-निर्देश दिए। वहीं जनपद न्यायाधीश श्री सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आ रही समस्याओं के समाधान के साथ जनहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।सचिव श्री दिनेश कुमार गौतम ने नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए माघ मेला क्षेत्र में आम श्रद्धालुओं को विधिक सहायता प्रदान करने हेतु मार्गदर्शन किया।साइबर क्राइम टीम द्वारा साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। इसके अतिरिक्त प्रोबेशन, समाज कल्याण, डिफेंस काउंसिल, पॉक्सो एक्ट एवं महिला कल्याण योजनाओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा दी गई।

# प्रेरणा स्थल के उद्घाटन की तैयारियां तेज

**निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, लखनऊ मंडल आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार भी उपस्थित रहे**



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । राजधानी के ठाकुरगंज क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रेरणा स्थल के उद्घाटन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इन्हीं तैयारियों के क्रम में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, लखनऊ मंडल आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार भी उपस्थित रहे । मौके पर ठाकुरगंज थाना प्रभारी ओमवीर सिंह चौहान भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गौरतलब है कि आगामी 25 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण एवं तैयारियों की समीक्षा लगातार की जा रही है। जिसके प्रेरणा स्थल पर सुरक्षा के साथ साथ अधिकारियों ने अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। वहीं आयुक्त ने समस्त विभागों से समय पर तैयायिं पूर्ण करने के निर्देश भी दिये।

## दयालपुर में अर्ध निर्मित मकान में किसान का शव फंदे से लटका मिला, गांव में पसरा मातम



निगोहां , लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र अंतर्गत दयालपुर गांव के मजरा भीमनगर में शनिवार सुबह एक किसान का शव गमछे के सहारे फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 52 वर्षीय प्रकाश के रूप में हुई है। वह शुक्रवार रात खाना खाने के बाद अपने अर्धनिर्मित मकान पर सोने गए थे। सुबह पत्नी रामरती के पहुंचने पर दरवाजा बंद मिला और अंदर प्रवेश करने पर शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है , परिवार में पत्नी रामरती व बड़ा बेटा सुनील कुमार विवाहित है, जबकि सुभाष (25), विकास (21) और बेटी शालू (18) अभी अविवाहित हैं। उन्होंने बताया कि प्रकाश ही पूरे परिवार का सहारा थे। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में क्षितिज 2025 का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । गोसाईगंज इलाके में सुल्तानपुर रोड के किनारे स्थित श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस, में वार्षिक खेल - कूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव ल्क्षितिज 2025ङ्क का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में माननीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरिश चंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप मौजूद रहे तथा माननीय विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) विनीत नारायण पांडेय इस आयोजन के विशेष अतिथि रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व से अवगत कराते हुए इसके लिए प्रेरित किया।संस्थान में आयोजित वॉलीबॉल में जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज, कबड्डी (गर्ल्स) में वाई.डी.वी.पी.,खो-खो में आर.पी.टी. इंटर कॉलेज,सोलो डांस में कशिश (माँ श्री विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज),विचार प्रतियोगिता में ऋचा सिंह (सेंट गैब्रियल इंटर कॉलेज),पोस्टर मेकिंग में अर्चना चौधरी ने,वॉल पेंटिंग में एन.के.एम. इंटर कॉलेज ने,फूड विदाउट फायर में संकट मोचन इंटर कॉलेज ने,100 मीटर रेस में प्रियांशु (मुक्तेश्वर इंटर कॉलेज) ने,शतरंज में अर्पित (माँ काली इंटर कॉलेज) ने,कैरम में अमन जायसवाल (माँ काली इंटर कॉलेज) ने तो,टग ऑफ वॉर में माँ श्री विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज के हाथ सफलता लगी।

# किडज़ी–प्री स्कूल में वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया

**विद्यार्थियों ने अपनी रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से इस संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शनिवार को शांति नगर स्थित किडज़ी प्रीस्कूल में वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, अभिभावकगण, शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रधानाचार्या सुमन यादव ने बताया कि इस वर्ष के वार्षिक समारोह की मुख्य थीम áROAR & BELIEVEâ रही, जिसका उद्देश्य नन्हे बच्चों में आत्मविश्वास,साहस और स्वयं पर विश्वास की भावना को विकसित करना था। विद्यार्थियों ने अपनी रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से इस संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।इसके पश्चात बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, सांस्कृतिक एवं थीम आधारित कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।नन्हे-मुन्ने बच्चों का आत्मविश्वास और मंच पर उत्साह सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन यादव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा शिक्षकों के समर्पण को सराहा। उन्होंने कहा कि किडज़ी प्रीस्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं मूल्य आधारित शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है।उन्होंने अभिभावकों को उनके निरंतर सहयोग और विश्वास के लिए धन्यवाद भी दिया।मुख्य अतिथि ने विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और स्वयं पर विश्वास रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।समारोह हर्ष,उल्लास एवं प्रेरणादायक प्प संदेश के साथ संपन्न हुआ स्वयं पर विश्वास करें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।इस अवसर पर समस्त अध्यापक व स्कूल स्टॉप एवं समीर यादव रवि यादव जितेन्द्र भारती उपस्थित रहे।

# मोहनलालगंज में सपा की चुनावी तैयारी तेज़ बीएलओ-2 के साथ हुई अहम बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज में समाजवादी पार्टी ने आगामी चुनावी तैयारियों को गति देते हुए शनिवार को सेक्टर समेसी एवं मीरखनगर न्याय पंचायत के गांव छतौनी में बीएलओ-2 के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से जुड़े मैपिंग कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराना रहा। बैठक में सांसद आर.के. चौधरी, पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, सपा अधिवक्ता सभा के श्रवण कुमार यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमा शंकर वर्मा, विजय यादव सहित संबंधित सेक्टर व बूथ अध्यक्ष तथा बीएलओ-2 मौजूद रहे। वक्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने पर बल देते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बीएलओ-2 को मतदाता सूची मैपिंग के महत्व से अवगत कराते हुए इसे शीघ्र पूरा करने की अपील की। उन्होंने सेक्टर समेसी व मीरखनगर के विभिन्न बूथों का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौरान बूथ स्तर पर आ रही व्यावहारिक समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं व बूथ पदाधिकारियों से संवाद करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त करने पर ज़ोर दिया। बैठक और बूथ भ्रमण को आगामी चुनावी रणनीति की दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है, जिससे न सिर्फ संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिलेगी बल्कि मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में भी तेजी आने की उम्मीद है। इस अवसर पर बरजोर यादव, ओमकार लोधी, सुभाष गुप्ता, कलासर रावत, वेद प्रकाश रावत, सहदेव रावत, राम सनेही, सुरेश, विशम्भर रावत सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड का कहर

लखनऊ। अवध समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में 3 दिन तक भीषण ठंड व घना कोहरा.मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट, जनजीवन प्रभावित होने की आशंका।लखनऊ,मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में ठंड को लेकर बड़ा अलर्ट जारी किया है। बाराबंकी, लखनऊ, अयोध्या, सीतापुर, उन्नाव, बहराइच सहित पूरे अवध क्षेत्र और प्रदेश के अधिकांश जिलों में 20, 21 और 22 दिसंबर तक भीषण ठंड और घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। हालात की गंभीरता को देखते हुए मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है।मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता बेहद कम हो सकती है, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित होने की आशंका है। प्रशासन अलर्ट, जनता से सावधानी की अपील, ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। खुले स्थानों पर रहने वाले लोगों के लिए रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश भी दिए जा सकते हैं। किसानों और यात्रियों पर असर,कोहरे और शीतलहर का असर फसलों, खासकर आलू, सरसों और सब्जी उत्पादक किसानों पर भी पड़ सकता है। वहीं, कोहरे के कारण हाईवे और एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग की अपील:अनावश्यक यात्रा से बडे,वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करें,ठंड से बचाव के पूरे इंतजाम रखें,प्रदेश में ठंड का यह दौर अभी और लंबा खिंचने के आसार हैं।

## 27 दिसंबर को लगेगा पासपोर्ट जन शिकायत निवारण मेला

लखनऊ । बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन मिलेगी पासपोर्ट संबंधी समस्याओं से राहत.लखनऊ,पासपोर्ट से जुड़ी समस्याओं से परेशान लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। 27 दिसंबर को पासपोर्ट जन शिकायत निवारण मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और गोरखपुर में एक साथ लगेगा।यह आयोजन क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ की ओर से किया जा रहा है, जिसमें आम नागरिक बिना किसी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के सीधे मेले में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।इन समस्याओं का होगा समाधान,पासपोर्ट आवेदन में अनावश्यक देरीनाम, पता, जन्मतिथि सहित सुधार संबंधीशिकायतें,प्रक्रिया से जुड़ी अन्य तकनीकी व,प्रशासनिक दिक्कतें,समय,सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक,अधिकारियों के अनुसार, मेले का उद्देश्य आम जनता को त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## एनपीएल-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब माती इलेवन स्टार के नामनिलमथा को फाइनल में दी शिकस्त



निगोहां, लखनऊ। निगोहां स्थित एसएनटी मैदान में आयोजित एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को उत्साह और रोमांच के बीच खेला गया , 20 ओवर के इस खिताबी मुकाबले में माती इलेवन स्टार और नीलमथा की टीमें आमने-सामने रहीं। टॉस जीतकर निलमथा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निलमथा की पूरी टीम 18.2 ओवर में 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी माती इलेवन स्टार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 16.4 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट की विजेता बनी। फाइनल मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर टूर्नामेंट के संरक्षक एवं वरिष्ठ सपा नेता अमरपाल सिंह, सपा नेत्री अर्चना रावत, पूर्व प्रधान अजय सिंह और आयोजक शैलेन्द्र 'दीपू' ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निखिल शुक्ला को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। उन्होंने सीरीज में 185 रन बनाने के साथ 7 विकेट भी झटके और अपनी शानदार प्रतिभा का परिचय दिया। इस मौके अनिल सिंह, पूर्व प्रधान निशु मिश्रा, विकास सिंह, सर्वेश बाजपेई, मधुकर यादव, पंकज मिश्रा, कॉमेंटेटर अंशुल त्रिवेदी, जतिन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# सपा कार्यालय बिंदौवा में हरिशंकर का जन्मदिन समारोह, केक काटकर दी गई शुभकामनाएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। क्षेत्रीय समाजवादी पार्टी कार्यालय बिंदौवा, मोहनलालगंज में प्रतिनिधि हरिशंकर शनिवार को हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद आर.के. चौधरी तथा पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने केक काटकर जन्मदिन मनाया और ईश्वर से उनके स्वस्थ, दीर्घायु व खुशहाल जीवन की कामना की। समारोह के दौरान सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने एकजुट होकर शुभकामनाएं दीं और संगठन की मजबूती के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष/सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा, राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता सभा श्रवण यादव, विजय यादव, ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह, नवनीत सिंह, अशर्फी लाल धीमान, संतराम रावत, सर्वेश कुमार रावत, राम सुमिरन रावत, शान मोहम्मद, रमेश यादव, फरहान, अबरार अहमद, धीरज यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ और उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

# कागजों में सड़क की पंचिंग का काम हुआ पूरा लेकिन हकीकत में अधूरा

**इस सड़क पर कई बार राहगीर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल भी हो चुके है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी, लखनऊ । काकोरी इलाके में इन दिनों लखनऊ से मोहान मार्ग से लेकर मलिहाबाद- मोहान ल को जोड़ने वाली मुख्य नहर सड़क जर्जर होने के कारण आम जनता को चलना दुर्लभ हो गया है। इस सड़क पर कई बार राहगीर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल भी हो चुके है,इस जर्जर बजरी युक्त सड़क से निजात दिलाने के लिए सिंचाई विभाग ने लाखों रुपए के बजट की संस्तुत करते हुए सैफलपुर पुल से लेकर नहर कोठी नरौना तक सड़क को पंचिंग कर ठीक करने के लिए कई वेंडर कंपनियों को टेंडर के माध्यम से दुरूस्त करने की जिम्मेदारी सौंपी थी।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की पंचिंग कर दूरस्थ करने की जिस कंपनी के ठेकदारों को जिम्मेदारी दी गई थी वह सिर्फ कागज़ों पर पूरी हो चुकी है परन्तु वर्तमान समय में यदि हकीकत देखी जाए तो कहीं पेइचिंग हुई है तो कहीं रोड़ पर पहले की तरह बजरी ही नजर आ रही है,आस पास के ग्रामीण ने बताया कि यह सिंचाई विभाग की लापरवाही का नतीजा है जो अभी भी सैफलपुर से लेकर काकोरी मोड़ तक कई जगहों पर किलोमीटर के हिसाब से पंचिंग का कार्य अधूरा पड़ा है। इस रोड़ की जद में सैकड़ों गांव आते है।जिसमें सैफलपुर, खानपुरमऊ, बाहरु,मेंहदी नगर, बंडाखेड़ा, कुसमी, रेवरी,आदमपुर इंदवारा, भालिया, नकटोरा,दोना,नरौना,करझन,कौड़ियांखेड़ा सहित सैकड़ों गांव की जनता को प्रतिदिन इस ऊबड़ खाबड़ बजरी युक्त सड़क से निकलने के मजबूर है।आस पास के ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जिम्मेदारों से शिकायत की गई है लेकिन कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला।सिंचाई विभाग के क्षेत्रीय जेई और एसडीओ का कहना है कि पेचिंग का काम पूर्ण हो गया है।

# सेंट फ्रांसिस दुर्गागंज काकोरी के रंगारंग वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**ईथोस' में नन्हे मुन्ने बच्चों ने दिखाई अपनी अनूठी प्रतिभा का दम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी, लखनऊ । शनिवार को सेंट फ्रांसिस विद्यालय के प्रांगण में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश राठौर थाना प्रभारी निरीक्षक काकोरी ने विद्यालय दुर्गागंज काकोरी, लखनऊ के प्रांगण में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया।

उसके बाद कक्षा नर्सरी व एक से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों ने अपने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके अभिभावक दर्शकों को अचंभित करते हुए मनमोहक कर दिया। वहीं प्रिंसिपल सिस्टर एल्सा ग्रेस एवं मैनेजर सिस्टर रोजलीन के कुशल नेतृत्व में शिक्षिकाओं ने नन्हे मुन्ने बच्चों को इस रंगारंग प्रस्तुति के लिए कई सप्ताह से तैयार किया था। नन्हे मुन्ने बच्चों ने केवल नृत्य ही नहीं किया बल्कि अपने कुशल अभिनय से दर्शकों को कार्यक्रम के माध्यम से संदेश भी दिया जिसमें गरीबों की मदद करना, ट्रैफिक नियमों का पालन करना, मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले बच्चों व अभिभावकों को खतरे से भी लोगों को आगाह किया। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा माता-पिता के सम्मान में प्रस्तुत की एक कव्वाली, योगा डांस तथा ईसा मसीह के जन्म की कथा के प्रस्तुतीकरण को भी उपस्थित माता-पिता ने बहुत सराहा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थाना प्रभारी ने भी बच्चों की अनूठी प्रतिभा को सराहा और अनुशासन को देखकर उन्हें प्रोत्साहित भी किया।कार्यक्रम की शोभा को फादर एंड्रयू डी सोज़ा (कैथोलिक प्रीस्ट लखनऊ) ने बहुत मान सम्मान बढ़ाया। विद्यालय स्थापना के बाद इस वर्ष पहली बार विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र अपनी पहली बोर्ड परीक्षा देने जा रहे है।और हमारे स्कूल को सी बी एस ई, बोर्ड द्वारा कक्षा 12 तक आधिकारिक तौर पर मान्यता भारत सरकार भी इस वर्ष प्राप्त होई है। सिस्टर एल्सा ग्रेस ने विगतवर्ष की उपलब्धियां के बारे में अभिभावकों को जानकारी देते हुए कहा कि आप सब के सहयोग से विद्यालय नित्य वर्ष नई उपलब्धि हासिल करने में सफल हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी सतीश राठौर काकोरी, लखनऊ व विशिष्ट अतिथि डॉ रितेश द्विवेदी (मेडिकल सुप्रिटेंडेंट रेड क्रॉस, लखनऊ) और फादर एंड्रयू डी सोज़ा (कैथोलिक प्रीस्ट लखनऊ) ने बच्चों की प्रस्तुतियों को खूब सराहा और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का मुख्य मार्ग है।

# दुबग्गा मण्डी के बाहर सजती है सड़क पर अवैध सब्जी मण्डी

**मण्डी गेट नम्बर 3 व 4 पर सजी अवैध दुकानें,सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का पहुंच रहा नुकसान, जिम्मेदारों को नजर नहीं आ रहीं अवैध दुकानें**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सड़क पर अवैध रूप से दुबग्गा मण्डी के बार सजी सब्जी दुकानें यह सिर्फ लखनऊ में ही देखने को मिल सकता है।यही नाहीं ओवरलोड वाहनों की कतार और बेतरतीब वाहन संचालन भी राजधानी के राजमार्गों की पहचान बन चुकी है।

अब सवाल यह उठता है कि निगरानी के दावे करने वाले जिम्मेदार कितनी गहरी नींद में सो रहे हैं,जो उन्हें कुछ भी नजर नहीं आ रहा है।भीषण ठंड में कोहरे का प्रकोप भी शुरू हो चुका है।ऐसे में सड़क पर जरा सी चूक हादसे को दावत दे सकती है।यह जानते हुए भी मण्डी के बाहर सड़क पर निगरानी तंत्र पूरी तरह से फ़ेल साबित हो रहा है।हारदोई रोड हाईवे पर व दुबग्गा मण्डी के बाहर जॉगर्स पार्क रोड पर अवैध सब्जी मंडी लगती है।सुबह 3:00 बजे से ही किसान एकत्रित होने लगते हैं,मण्डी गेट के बाहर कुछ दबंग व्यापारी आढ़त लगाते हैं।सड़क पर वाहनों का जमावड़ा रहता है।बीच डिवाइडर पर बाइक खड़ी होती हैं।आज तक मण्डी सचिव या फिर नगर निगम द्वारा इस अवैध सब्जी की दुकानों हटाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गये।इससे जहां सरकार को हर माह लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही हैं।वहीं ये अवैध दुकाने कभी एक बड़े हादसे का कारण भी बन सकती हैं।क्योंकि इन दुकानों पर बिकने वाले सामान की मण्डी में कोई इंट्री नहीं होती है।दुबग्गा मण्डी के गेट नम्बर 3 व 4 के बाहर दर्जनों दुकानें अवैध रूप से संचालित हो रहीं हैं।दुबग्गा मण्डी प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि मण्डी के बाहर जो दुकानें संचालित हो रहीं है वह नगर निगम की जमीन पर हैं,हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है,सभी दुकाने अवैध रूप से बिना लाइसेंस के चल रही हैं,जिससे जाम भी लग जाता है।

# नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के दूसरे दिन सख्त प्रवर्तन व व्यापक जागरूकता

**सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग का विशेष अभियान, 46 चालान हेलमेट अनिवार्यता को लेकर जिले में सघन प्रवर्तन अभियान जारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । परिवहन आयुक्त किंजल सिंह एवं जिलाधिकारी राजा गणपति आर के निर्देशानुसार 19 दिसंबर 2025 से 17 जनवरी 2026 तक संचालित किए जा रहे नो हेलमेट, नो फ्यूल विशेष अभियान के तहत दूसरे दिन सख्त प्रवर्तन कार्रवाई के साथ-साथ व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया।

इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना तथा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता और उसके जीवन-रक्षक महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना है। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीमों ने जिले के मछरेहटा रोड और बस स्टॉप के आस पास के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोका तथा उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल/डीजल न दिया जाए, ताकि नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जा सके।एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार को चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान 46 दोपहिया वाहन चालकों के चालान किए गए, जबकि 180 से अधिक वाहन चालकों को मौके पर ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल एक कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि सुरक्षा का ताज है। सड़क दुर्घटनाओं के दौरान सिर में गंभीर चोट लगना मृत्यु का प्रमुख कारण होता है, ऐसे में हेलमेट जीवन रक्षक साबित होता है। हेलमेट पहनने का उद्देश्य केवल चालान से बचना नहीं, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में अपने और अपने परिवार के भविष्य की सुरक्षा करना है।

उन्होंने यह भी कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हम सभी की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। यह विशेष अभियान आगामी 17 जनवरी 2026 तक लगातार जारी रहेगा, जिसमें प्रवर्तन के साथ-साथ जागरूकता पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# अभिभावक सहभागिता से समावेशी शिक्षा पर जोर, विषय पर संगोष्ठी सम्पन्न

**संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है कि अभिभावकों को बुनियादी साक्षरता के प्रति जागरूक करना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय एसडी इंटरनेशनल स्कूल बरेती लालपुर बाजार सीतापुर में शनिवार को अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, संगोष्ठी की अध्यक्षता इंस्ट्रक्टर निहारिका गंगवार ने किया अभिभावक संगोष्ठी में विद्यालय की संस्थापिका शांती देवी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चा समाज का हिस्सा होगा और इसके लिए उन्हें आज से ही तैयार करना होगा । इंस्ट्रक्टर निहारिका गंगवार ने कहा कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है कि अभिभावकों को बुनियादी साक्षरता के प्रति जागरूक करना, वर्ग सापेक्ष दक्षताओं के प्रगति पर विस्तृत रूप से चर्चा की गईद्य संगोष्ठी में अभिभावकों के सहभागिता के माध्यम से समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चे में सीखने की क्षमता को मजबूत करने पर चर्चा की गईद्य अभिभावकों को अपने-अपने बच्चों को टीवी और मोबाइल का सीमित उपयोग करने, बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल करने, पोषण पर ध्यान देने, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और नियमित रूप से विद्यालय भेजने सहित अन्य प्रकार की जानकारी दी गईद्य बैठक में प्रबंधक श्री एम पी वर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर बसंत वर्मा एवं वन्दना वर्मा, प्रधानाध्यापक अमित यादव, कॉर्डिनेटर नम्रता पाण्डेय, श्रद्धा मिश्रा और आकांक्षा श्रीवास्तव एवं सभी शिक्षक सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी आक्रोश, 29 नवम्बर के कार्यवृत्त का किया दहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विद्युत उपकेंद्रों पर संविदा कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और पावर कॉरपोरेशन द्वारा 29 नवम्बर 2025 को जारी किए गए कार्यवृत्त की प्रतियों का दहन किया**

सकरन, सीतापुर। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन के वादाखिलाफी से नाराज बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों ने शुक्रवार को प्रदेशभर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में सीतापुर जनपद के सभी 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों पर संविदा कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और पावर कॉरपोरेशन द्वारा 29 नवम्बर 2025 को जारी किए गए कार्यवृत्त (Minutes of Meeting) की प्रतियों का दहन किया।

बताया गया कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने अपने ही आदेशों का उल्लंघन करते हुए करीब 15 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी, वेतन निर्धारण न करने, मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को बहाल न करने, घायल कर्मचारियों के कैशलेस इलाज व भुगतान में लापरवाही, ईपीएफ-ईएसआई जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखने सहित कई गंभीर अनियमितताएं की हैं।संगठन के अनुसार इन सभी मांगों को लेकर 26 नवम्बर 2025 को शक्ति भवन लखनऊ में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान निदेशक (कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासन) की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रबंधन और संगठन के बीच कई बिंदुओं पर सहमति बनी थी। सहमति के तहत 55 वर्ष के नाम पर हटाए गए अनुभवी कर्मचारियों की पुनः तैनाती, वर्टिकल व्यवस्था में किसी की छंटनी न करने, मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों की वापसी, घायल कर्मचारियों के उपचार खर्च का भुगतान तथा मीटर रीडरों को न्यूनतम वेतन दिए जाने की जांच पर सहमति बनी थी।लेकिन संगठन का आरोप है कि 29 नवम्बर 2025 को जारी किया गया कार्यवृत्त बैठक में बनी सहमति के अनुरूप नहीं था। इसी वादाखिलाफी के विरोध में 20 दिसम्बर 2025 को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में प्रदर्शन कर कार्यवृत्त की प्रतियों का दहन किया गया।सीतापुर जनपद में शाम चार बजे सभी संविदा कर्मचारियों ने अपने-अपने उपकेंद्रों पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कर्मचारियों ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर अमल नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।जिला संगठन मंत्री राहुल दीक्षित ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है। समझौतों का उल्लंघन कर कर्मचारियों को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसे संगठन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

## संत गाडगे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



शाहजहांपुर। संत गाडगे की 149वीं पुण्यतिथि पर थाना रोजा क्षेत्र के गांव पट्टी बहादुरपुर में संत गाडगे सेवा आश्रम पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत गाडगे सेवा आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष विष्णु कनौजिया ने संत गाडगे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की। इस दौरान तमाम लोगों ने संत गाडगे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, विष्णु कनौजिया ने संत गाडगे के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कहा कि संत गाडगे महाराज एक ऐसे संत थे, जिन्होंने देश आजाद होने से पहले शिक्षा, स्वच्छता और समाज में फैली कुरीतियों को लेकर जन जागरण चलाया था। इस दौरान संस्था के कोषाध्यक्ष कमलेश भारती ने कहा कि संत गाडगे को डॉ भीमराव अंबेडकर अपना गुरु मानते थे।

# समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने तहसील कलान में सुनीं जनसमस्याएं

**निस्तारण के निर्देश-देरी से पहुंचे एसएचओ मिर्ज़ापुर का स्पष्टीकरण तलब, जरूरतमंदों को बांटे कम्बल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी राजेश द्विवेदी ने तहसील कलान में फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील दिवस में एसएचओ मिर्ज़ापुर सोनी शुक्ला देरी से पहुंची, जिस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए उनका स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, सभी अधिकारी तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें। साथ ही निस्तारित शिकायतों का संतुष्टि फीडबैक शिकायतकर्ताओं से अवश्य लिया जाए। कहा कि सरकार की जनकल्याणी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाया जाए, अगर कोई समस्या आ रही है तो उसका निस्तारण करते हुए लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में डीएम ने मिर्ज़ापुर में सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भूमि कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विकास निर्माण, चकबंदी और विद्युत विभाग आदि संबंधित 79 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें कुल 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। अंत में डीएम-एसपी ने जरूरतमंदों को कम्बल बांटे। इस दौरान एसडीएम कलान अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ विवेक मिश्रा, डीडीओ ऋषिपाल, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला खीरी । भीषण ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने नगर पालिका गोला द्वारा संचालित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रैन बसेरों में उपलब्ध कंबल, बिस्तर, पेयजल, शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखी। अधिकारियों ने मौजूद कर्मचारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और जरूरतमंदों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शीतलहर के दौरान कोई भी असहाय, गरीब या बेघर व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, पर्याप्त कंबल, गर्माहट की व्यवस्था और रोशनी हर समय उपलब्ध रहनी चाहिए। साथ ही रात्रि में भी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या असामाजिक गतिविधि न हो।निरीक्षण के समय नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कुल मिलाकर जिला प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से साफ है कि ठंड और शीतलहर के इस कठिन समय में जरूरतमंदों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर और संवेदनशील है।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला मंच, निघासन में विधायक खेल स्पर्धा सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन कस्बा निघासन स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज के खेल मैदान में पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन को लेकर क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इससे अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। सरकार युवाओं को खेलों से जोड़ने और ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।स्पर्धा में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्र-छात्राओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। खेल मैदान में पूरे दिन उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने विद्यालय परिसर में इस आयोजन को गौरवपूर्ण बताते हुए युवा कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर रामकुमार मौर्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, खेल प्रशिक्षक, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## खानपुर ग्राम पंचायत में प्रधान के परिवार में बने अंतोदय राशन कार्ड

खानपुर, सीतापुर। विकास खंड सकरन के ग्राम पंचायत खानपुर शिकायतकर्ता कप्तान पुत्र राधेश्याम का आरोप है 2 अक्टूबर 2024 को जीरो प्रॉपर्टी योजना के तहत सर्वेक्षण किया गया था फिर प्रधान ने एक यूनिट का पात्र गृहस्थी राशन कार्ड बना दिया जब प्रधान से बात की गई बोला यह वहीं से बनकर आया है प्रधान ने जो अंत्योदय कार्ड बनाया अपने सगे संबंधी परिवार के अवधेश पुत्र केशव प्रसाद राशन कार्ड नंबर 215420798073 राम सहारे का राशन कार्ड नंबर 215420798072 इन लोगों के पास ट्रैक्टर ट्राली पर्याप्त जमीन भी है इसकी शिकायत जब प्रधान जी से की गई तो उन्होंने बताया अभी अंतोदय कार्ड नहीं बनते हैं, फिर शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन शिकायत जिला अधिकारी से की शिकायत की।

## केसरिया हिंदू वाहिनी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य नामित होने पर राकेश त्रिपाठी का हुआ भव्य

खैराबाद, सीतापुर। केसरिया हिंदू वाहिनी के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य नामित होने पर खैराबाद कस्बे में उत्साह का माहौल है एवं राकेश त्रिपाठी जी को बधाई देने का कार्यक्रम लगातार चल रहा है । इसी क्रम में कल शाम श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर माखुपुर,खैराबाद में एक भव्य आयोजन किया गया ,जिसमें ब्राह्मण समाज, वैश्य समाज, खत्री समाज, तैलिक समाज, श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर सेवा समिति, श्री कल्कि एजुकेशनल एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी, गौ सेवा समिति खैराबाद, बनवारी बनवारी शरण ज्ञानस्थली एवं आर.जे.जे. एजुकेशनल प्वाइंट एवं मुस्लिम समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित हुआ ।संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की इसमें उपस्थिति रही ,ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत सत्कार का भव्य समागम देखने को मिला।कार्यक्रम को लेकर एक बड़ा उत्साह आम जनमानस के देखने को मिला ।

## बहादुरगंज की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने दिया ज्ञापन



शाहजहांपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बहादुरगंज बाजार की तमाम समस्याओं को लेकर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह को ज्ञापन दिया।ज्ञापन में कहा गया कि बहादुरगंज छोटी सब्जी मंडी के पास रात में अंधेरा हो जाता है, वहां पर स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए। बहादुरगंज बाजार में काफी संख्या में ग्राहक ग्रामीण क्षेत्र से अपने परिवार के साथ खरीददारी करने आते हैं, जिनके लिए बाजार में कहीं पर भी बैठने की व्यवस्था नहीं है, उनके लिए रिक्शा स्टैंड की खाली पड़ी भूमि पर बैठने की व्यवस्था कराई जाए। बहादुरगंज क्षेत्र में जहां पहले फुब्बारा था, वहां पर सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित कराई जाए। बाजारों में बेसहारा पशु घूमते रहते हैं, जिनके कारण आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना होती रहती है। इस पर रोक लगाई जाए। कहा गया कि इससे पहले भी कईबार नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया गया, लेकिन आज तक कोई भी कार्य नहीं कराया गया। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह गोल्डी, जिला महामंत्री प्रदीप गुप्ता, महानगर अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, महानगर महामंत्री श्याम मोहन मिश्रा, मोहम्मद रईस, चमन तिवारी, आलोक तिवारी, विजय कुमार, अनुपम सक्सेना, गौरव सक्सेना, संदीप वर्मा, बृजेश कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## डीएम ने सीएचसी जरियनपुर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र में सीएचसी जरियनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, वार्डों की स्थिति, आपातकालीन सेवाओं तथा आवश्यक चिकित्सीय उपकरणों की स्थिति का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को अस्पताल परिसर की स्वच्छता, मरीजों की सुविधा, समयबद्ध उपचार एवं शासन द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए?। कहा कि दूरदराज से आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उन्हें निर्धारित समय में समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान एसपी राजेश द्विवेदी, सीएमओ डॉ विवेक मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। ब्लॉक संसाधन केंद्र मितौली में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे का कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी अमित कुमार परिहार व कार्यक्रम के आयोजक खण्ड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव की उपस्थिति में संपन्न किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल रेडनेस के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं स्कूल रेडनेस के शिक्षकों द्वारा तीन से चार वर्ष के बच्चों को प्रोत्साहित करना है । हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा (बालवाटिका) को मज़बूत करना और बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों के बीच समन्वय स्थापित कर अभिभावकों को भी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाता है, ताकि सभी बच्चे बुनियादी शिक्षा के लक्ष्यों (निपुण) को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को निष्ठा पूर्वक दायित्व का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ट्टटक्क पूनम सिंह तोमर ने सभी शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बताया गया । कार्यक्रम में शामिल शिक्षकों , आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व छात्र छात्राओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी भगवान राव व सहायक विकास अधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया ।

# एसडीएम मधुसूदन गुप्ता की पहल, तहसील दिवस पर गरीबों को बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मितौली, खीरी। मितौली तहसील में आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस मानवीय पहल से ठंड से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग पहुंचे, जिन्हें व्यवस्थित ढंग से कंबल उपलब्ध कराए गए।

कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता, तहसीलदार मितौली एवं सीओ सिटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिकारियों ने स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि कंबल सही लाभार्थियों तक पहुंचे।उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता ने बताया कि लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए आमजन को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में उन्होंने क्षेत्र के कई मुख्य चौराहों, बस स्टैंड, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था भी तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित कराई है, ताकि राहगीरों और जरूरतमंदों को ठंड से बचाव मिल सके।तहसील दिवस के दौरान आम जनता की समस्याएं भी सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। प्रशासन की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयासों से ठंड के मौसम में गरीबों को बड़ी राहत मिलती है।कुल मिलाकर तहसील दिवस के मौके पर मितौली तहसील में प्रशासन की सक्रियता साफ दिखाई दी, जहां एक ओर जनसमस्याओं का समाधान किया गया, वहीं दूसरी ओर जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए।

# सर्राफा लूटकांड मामले में इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज, सिपाही निलंबित, बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। उघैती थाना क्षेत्र के खितौरा कस्बे में शुक्रवार शाम हुई लूट की वारदात के बाद दूसरे दिन भी व्यापारियों में आक्रोश देखा गया। थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज की लापरवाही से गुस्साए व्यापारियों ने शनिवार को सहसवान बिसौली रोड पर जाम लगा दिया। पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। बता दें कि पूरा मामला उघैती थाना क्षेत्र के खितौरा कस्बे में शुक्रवार शाम सराफ लालाराम रस्तोगी से हुई लूट की वारदात के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में रोष है। घटना के बाद पुलिस कार्रवाई में कथित लापरवाही को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी फैल गई। शनिवार को आक्रोशित व्यापारियों ने विरोध स्वरूप खितौरा बाजार बंद करा दिया और सहसवान-बिसौली मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।व्यापारियों का आरोप था कि समय रहते पुलिस सक्रिय होती तो इस तरह की वारदात को रोका जा सकता था। व्यापारियों ने इंस्पेक्टर समेत लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए शनिवार सुबह सहसवान-बिसौली मार्ग पर जाम लगा दिया। व्यापारी पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सूचना पर सीओ सहसवान व थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह व एसपी देहात हृदेश कठेरिया भी मौके पर पहुंच गए।व्यापारियों ने एसएसपी से इंस्पेक्टर, चौकी प्रभारी व पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर दो घंटे के बाद जाम खुल सका। वहीं गांव खितौरा निवासी लालाराम रस्तोगी बिसौली सहसवान रोड स्थित मार्केट में सर्राफ की दुकान चलाते हैं।शुक्रवार शाम करीब पांच बजे चार बदमाश दुकान में दाखिल हुए और लालाराम को तमंचे के बल पर बंधक बना लिया।अलमारी में रखे आभूषण बोरी में भरवा लिए। दुकान पर रखी पांच लाख रुपये की नकदी भी लूट ली। लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद जैसे ही बदमाश बाइक पर सवार हुए। दुकानदार ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर व्यापारियों एवं राहगीरों ने तीन बदमाशों को पकड़ लिया। एक बदमाश भाग निकला। दो बदमाशों के पास से तमंचे भी लोगों ने छीन लिए। घटना से गुस्साए लोगों एवं व्यापारियों ने बदमाशों की लाठी डंडों से जमकर पिटाई की।आरोप है कि सूचना के एक घंटे के बाद नरैनी चौकी एवं थाने से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची थी। दिनदहाड़े सराफा व्यापारी से लूटपाट की घटना के बाद सुरक्षा को लेकर व्यापारों में रोष है।व्यापारियों ने ग्रामीणों के साथ बिसौली सहसवान रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगने के बाद दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जिसकी वजह से राहगीरों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ गया। काफी मान मनोबल के बाद आक्रोशित व्यापारी शांत हुए। रुपये की बरामदगी को चार टीमें लगाईं

स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने बदमाशों से बोरी में भरे गए आभूषण तो मौके से ही बरामद कर लिए थे। लेकिन पीड़ित लालाराम रस्तोगी ने पांच लाख की नकदी गायब होने की बात कही। इसकी बरामदगी के लिए एसएसपी ने चार टीमें लगाईं हैं। जल्द ही रुपये के साथ ही भागे बदमाश को भी जल्द गिरफ्तार करने की बात एसएसपी ने व्यापारियों से कही है। वहीं पुलिस ने एफआईआर में चार बदमाशों का तो जिक्र किया है लेकिन उनके नाम नहीं खोले हैं। इससे व्यापारियों ने पुलिस पर बदमाशों की सांठ-गांठ का आरोप लगाया। उन्होंने एफआईआर में नाम खोलने की भी मांग एसएसपी से की है।तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी समेत चौकी प्रभारी व बीट सिपाही को निलंबित कर दिया है। वहीं चार टीमों को लगाया गया है। जिससे लूटी गई रकम को बरादम किया जा सका। बाकी बदमाशों की गिरफ्तारी हो सके। इंस्पेक्टर व चौकी प्रभारी की लापरवाही सामने आई है, जिसकी जांच डीआईजी बरेली को सौंपी जाएगी।

# तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**तहसील चंदौसी के सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

संभल (बहजोई)। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में तहसील चंदौसी के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील चंदौसी में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर एवं परिसर में स्थित कार्यालय आपूर्ति विभाग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर एवं कार्यालय आपूर्ति विभाग में साफ़ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड बनिया खेड़ा के ग्राम कैथल में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय के लिए भूमि का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी क्षेत्राधिकारी चंदौसी मनोज कुमार सिंह तहसीलदार चंदौसी रवि सोनकर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसएम डिग्री कॉलेज में किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल । युवा कल्याण विभाग द्वारा माननीय विधायक खेल स्पर्धा, विधानसभा चंदौसी का शुभारंभ एसएम डिग्री कॉलेज चंदौसी में किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश श्रीमती गुलाब देवी जी के प्रतिनिधि श्री रामपाल सिंह जी के द्वारा किया गया उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन एवं संयम सिखाता है तथा उन्होंने खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम जी ने संबोधित करते हुए बताया कि इस विधायक खेल स्पर्धा से प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को आगे राज्य स्तर तक जाने का मौका मिलेगा।

सब जूनियर बालक वर्ग 800 मीटर में प्रथम स्थान अजय और बालिका वर्ग में वंदना ने प्राप्त किया। जूनियर 400 मीटर बालक वर्ग में हेमंत एवं 1500 मीटर में मुकुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मी बालिका में प्रथम स्थान अदिती शर्मा ने प्राप्त किया । लंबी कूद सीनियर पुरुष वर्ग में फैजान जूनियर वर्ग में अभिषेक यादव और सब जूनियर में विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर 100 मी कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बनिया खेड़ा की टीम ने प्राप्त किया, सभी विजय खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू जगजीत सिंह चित्रवीर सिंह अनुज कुमार नितिन कुमार जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती ओलंपिक संघ के सचिव आशु शर्मा , जिला स्काउट अध्यापक प्रफुल्ल कुमार डॉक्टर गौरव मिश्रा और अशोक पाठक जी उपस्थित रहे।

# शिकायतों का गंभीरतापूर्वक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 48 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 25, विद्युत की 04, नगर पालिका परिषद की 03, खाद एवं रसद विभाग की 02 ग्राम्य विकास विभाग की 02, पुलिस विभाग की 06 व अन्य विभागों की 06 सहित कुल 48 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती एवं प्रार्थना पत्रों का सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त बढ़ते कोहरे व सर्दी के दृष्टिगत स्ट्रीट लाइट व अन्य व्यवस्थाओं को जांचने के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजकीय मेडिकल कॉलेज के निकट तिराहे तक का मुआयना भी किया। इस अवसर पर सीडीओ केशव कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## विकास खण्ड जुनावई में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 20.12.2025 को ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में विकास खण्ड जुनावई सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी तबस्सुम जैहरा द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी श्री उमेश कुमार (आई.एस.बी.) ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से मयंक, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. राजकुमार गुप्ता, विकास कुमार, राजेश, सार्थक आदि उपस्थित रहे।

## कॉलेज में प्रतियोगिताओं का आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बिसौली के रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम दास ने आपने सम्बोधन में कहा कि जन्म शताब्दी के अवसर पर वाजपेई जी को याद करना केवल अतीत का गुणगान नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शन है। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में अटल जी के योगदान विषय पर निबंध लेखन तथा उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया गया। मंच का संचालन आनन्द सिंह ने किया। कार्यक्रम में सुधाकर शर्मा, मनोज कुमार, विपिन शर्मा, रेनू कुमारी, विनोद कुमार, साक्षी, शिवानी, अंशिका, कामेन्द्र सिंह, अमित पाराशरी, प्रकाशवीर, हरदीप सिंह आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

## फाइनल मैच में एसके वॉरियर्स ने एसके टाइगर्स कों रौंदा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीकृष्ण मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सब जूनियर वर्ग का फाइनल मैच एसके वॉरियर्स और एसके टाइगर्स के बीच खेला गया। कंाटेदार टक्कर के बीच एसके वॉरियर्स की टीम विजेता रही। एसके वॉरियर्स के निशांत मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज रहे। निशांत ने 10 छक्के और तीन चौके मार के कुल 75 रन का विशाल व्यक्तिगत स्कोर खड़ा किया और नॉट आउट रहे। निशांत ने और अरुण ने बहुत अच्छी बोलिंग करके अपनी टीम को विजय हासिल कराई। एसके टाइगर्स उपविजेता रही। विजेता और उपविजेता टीम को टूर्नामेंट प्रभारी श्री कौशल कुमार सिंह और परीक्षा प्रभारी डॉक्टर बृजेंद्र कुमार ने शील्ड देकर सम्मानित किया। अभिषेक शर्मा और पंकज शर्मा ने अंपायर के रूप में भूमिका अदा की। क्रीडा शिक्षक रमेश सिंह एवं टूर्नामेंट के कोषाध्यक्ष रितेश कुमार ने विजेता और उपविजेता टीम को बधाई देते हुए कहा की विजय प्राप्त करके हमें घमंड नहीं करना चाहिए और पराजित होकर हमें लज्जित नहीं होना चाहिए क्योंकि खेल में हार जीत होती है। राम एवं मनोज कुमार ने आंखों देखा हाल सुनाया वही गेस्ट कॉमेंटेटर कल्पित सिंह ने भी बहुत ही आकर्षक ढंग से आंखों देखा हाल प्रसारित किया। इस अवसर पर सर्वश्री विजय कुमार सुखलाल व्यास ,बृजेंद्र कुमार,राम किशोर, विवेक जौहरी श्री राम ,पंकज कुमार ,रविंद्र सिंह ,मनोज कुमार, राधेश्याम शर्मा ,अरविंद कुमार गंगवार, श्रीमती सोनी गंगवार, श्रीमती सोनल कपूर ,संदीप कुमार ,डॉ शिवकुमार, पवन कुमार यादव ,प्रदीप कुमार सक्सेना, नेमचंद ,सुमित यादव ,सुनील दीक्षित, सचिन प्रताप सिंह , सुधीर सक्सेना,विवेक सक्सेना, दीपक चंद शर्मा अनूप कुमार सिंह अनूप कुमार, गोपाल चौरसिया ,अशोक कुमार श्रीमती अवनीश कुमारी मुदित गुप्ता, रामकिशोर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रधानाचार्य डॉक्टर संदीप भारती ने सभी खिलाड़ियों का आवाहन करते हुए खेल भावना को विकसित करते हुए भविष्य का अच्छा खिलाड़ी बनने का आशीर्वाद दिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विवेक जौहरी ने देते हुए बताया की दिनांक 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बीच श्री कृष्ण इंटर कॉलेज बदायूं के खेल के मैदान में खेले जाएंगे।

## चौधरी चरण सिंह जयंती पर बदायूँ क्लब में होगा मिलेट्स महोत्सव

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह जी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्मोत्सव 23 दिसम्बर 2025 को किसान सम्मान दिवत्त एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत दो दिवसीय मिलेटस महोत्सव, मिलेट रेसिपी कार्यकम 23 व 24 दिसम्बर 2025 को बदायूँ क्लब बदायूँ में पूर्वान्ह 11:00 बजे से आयोजित की जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर कृषि, पशुपालन, गन्ना, मत्स्य, उद्यान, रेशम विभागों तथा उत्तर प्रदेश मिलेटस पुनरोद्धार कार्यक्रम एवं एनएफएसएनएम योजनान्तर्गत बाजरा, रागी, कोदो, सांवा फसलों पर कॉप कटिंग के आधार पर उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जायेगा। मिलेट्स को बढ़ावा देने एवं आम जन-मानस को मिलेट्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिलेट्स रेसीपी कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा मिलेट्स से तैयार खाद्य उत्पादों के स्टॉल लगाये जाएगें।

# एक डोर से बांधने का सहारा बनी बदायूं पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। पुलिस लाईन बदायूं में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से आपसी कलह और मतभेद में आकर बिखरते परिवारों को एक डोर से बांधने का सहारा बनी बदायूं पुलिस। रिजर्व पुलिस लाईन बदायूं में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से तथा मौजूद काउंसलर ज्वाला प्रसाद गुप्ता, एसडी शर्मा, शिव स्वरूप गुप्ता, सुषमा कथरिया,अशोक खुराना व संबंधित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उ0 नि0 माया देवी महिला हेड कंास्टेबल कुमुद महिला कंास्टेबल स्वाति द्वारा पारिवारिक समस्याओं की कुल 19 फाइलें लगाई गई। जिनमें से 15 फाइलों की काउंसलिंग हुई, 01 फाइल में समझौता हुआ 03 फाइल निरस्त शेष फाइलो में अग्रिम तिथि दी गई एवं उपस्थित पक्षों को सुना गया और उनकी समस्याओं के निवारण का विचार किया गया।

# आशा वर्कर्स का कई मांगों कों लेकर धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। 45 वेंश्रम सम्मेलन की सिफारिशों कों लागू किये जाने की मांग कों लेकर आशा कार्यकत्रियों ने शनिवार कों मालवीय आवास में धरना प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि 45 वें श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू किया जाये। शनिवार को आशा कार्यकत्रियों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की। धरने के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि श्रम सम्मेलन में उनके मानदेय में वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य मूलभूत अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण सिफारिशें की गई थीं, लेकिन अब तक उन्हें लागू नहीं किया गया है। इससे आशा कार्यकत्रियों में भारी नाराजगी है।कार्यकत्रियों ने कहा कि वे वर्षों से अल्प मानदेय पर सेवाएं दे रही हैं और सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

इसके बावजूद उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है।धरना-प्रदर्शन के अंत में आशा कार्यकत्रियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान आशा वर्कर्स यूनियन कि जिलाध्यक्ष जौली वैश्य के भारी संख्या में आशा कार्यकत्री मौजूद रहीं।

# सदर विधायक ने हेलमेट पहनने की शपथ दिलवाई, वितरित किए हेलमेट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। हरि बोल सेवा समिति के माध्यम से ग्राम पुठि सराय में आयोजित ल्लनिशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रमङ्क का शुभारंभ मा० केंद्रीय राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी मोटरसाइकिल वाहन धारकों को निशुल्क रूप से हेलमेट का वितरित किए तथा इस दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की शपथ भी दिलाई। आपकी सुरक्षा, आपके परिवार की खुशी है। हमेशा हेलमेट पहनें और सुरक्षित सफर करें।

# आईआईटी बॉम्बे की राष्ट्रीय रोबोटिक्स प्रतिस्पर्धा हेतु विशेष रोबोटिक्स प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई)। सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा संभल जनपद के परिषदीय (सरकारी) विद्यालयों के चयनित विद्यार्थियों के लिए टेकफ़ेस्ट 2025, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे की राष्ट्रीय रोबोटिक्स प्रतिस्पर्धा हेतु आयोजित त्रिदिवसीय विशेष रोबोटिक्स प्रशिक्षण कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह प्रशिक्षण कार्यशाला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार, संभल एवं ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी), बहजोई में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कक्षा 5 से 9 तक के चयनित विद्यार्थी सम्मिलित हुए। ये वही विद्यार्थी हैं जिन्होंने पूर्व में आईआईटी दिल्ली के वार्षिक प्रौद्योगिकी महोत्सव ट्रटड्डट्टड्ड में भाग लेकर देशभर से आए अभियांत्रिकी छात्रों के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा करते हुए अंतिम चरण में चौथा स्थान प्राप्त किया था, तथा इसके पश्चात आईआईटी कानपुर के ट्वक्एक्क्वटत्रक्र में भी इन विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यशाला के दौरान जिलाधिकारी, संभल डॉ राजेन्द्र पैंसिया ने स्वयं उपस्थित होकर आगामी राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा टेकफ़ेस्ट 2025, आईआईटी बॉम्बे हेतु विद्यार्थियों को आशीर्वाद, प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अलका शर्मा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ नामित शिक्षक-शिक्षिकाओं की भी सक्रिय सहभागिता रही, जिनमें प्रमुख रूप से शालिनी सक्सेना, विजय शर्मा, अभिषेक रस्तोगी एवं मधुलिका सिंह सम्मिलित रहे।

कार्यशाला का तकनीकी प्रशिक्षण सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन के रोबोटिक्स प्रशिक्षक श्री रुद्रभा मुखर्जी द्वारा प्रदान किया गया।

यह संपूर्ण कार्यक्रम सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन के संस्थापक संजीव नेवर की परिकल्पना, मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संचालित किया गया। संजीव नेवर, जो आईआईटीऽआईआईएम के पूर्व छात्र हैं, का उद्देश्य वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को उन्नत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित (स्टेम) तथा रोबोटिक्स शिक्षा से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर के अवसरों के लिए सक्षम बनाना है। तीन दिवसीय रोबोटिक्स प्रशिक्षण के समापन सत्र में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गयीं कि सभी विधार्थी आईआईटी बॉम्बे में अपने प्रदेश और जनपद का नाम रोशन करें। शालिनी सक्सेना, मधुलिका, अभिषेक रस्तोगी, विजय शर्मा, सहित 11 बच्चे प्रतियोगिता में जा रहे हैं। समापन समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंशी

# सम्पूर्ण समाधान में 103 शिकायतों में सिर्फ 15 का मौके पर निस्तारण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें तहसील करनैल गंज में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा पुलि स अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आये हुये फ रियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकाय तों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषि त किया गया।जनसुनवाई के दौरान तहसील करनैलगंज में कुल 103 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें पंद्रह प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही नि स्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित सम य सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उप लब्ध कराने के निर्देश दिये गये।सम्पूर्ण समाधा न दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरं जन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टी म गठित किया जाय,तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चि त करें।साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश,अवैध कब्जा, चकरोड,नाली,अवैध अतिक्रमण आदि को पु लिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें,शिका यतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं।उसके आने प र लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी,वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्ता रण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खि लाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।संपूर्ण समाधा न दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्त रीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में लाभार्थियों के द्वारा अवगत कराया गया कि उनका राशन कार्ड नहीं बना है जिसे संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उपरोक्त लाभार्थियों का राशन कार्ड बनवाकर मौके पर ही वितरित किया।संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील करनैलगंज के परिसर में बलरामपुर चीनी मिल यूनिट मैजापुर ने ठंड से बचाव हेतु क्षेत्र के जरूरतमंदों को माननीय विधायक करनैलगंज अजय सिंह तथा जिला धिकारी प्रियंका निरंजन एवं उपजिलाधिकारी करनैलगंज नेहा मिश्रा के द्वारा लगभग एक हजार लोगों को कंबल वितरित कराया।

# सर्दी में निरोगी रहने को योग जरूरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । आम जनमानस के उच्च स्वास्थ हेतु औ र सर्दियों से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए श्याम मंदिर में योग ध्यान शिविर का आ योजन किया गया।जिसमें योगाचार्य सुधांशु द्वि वेदी द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित समस्त योग साधकों को अपने तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया एवं संबंधित योगासनों एवं प्राणा याम के विषय में जानकारी भी दी गयी।इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया सर्दि यों से बचने के लिए नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करना बहुत फायदेमंद है।सूर्य नमस्कार शरीर में गर्मी पैदा करता है और प्रति रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है,जबकि कपा लभाति,अनुलोम-विलोम और भस्त्रिका जैसे प्रा णायाम फ़ेफड़ों को मजबूत करने और रक्त सं चार बेहतर बनाने में मदद करते हैं।इन अभ्या सों से सर्दी-जुकाम और शरीर की अकड़न से बचाव होता है।ठंड से बचने के लिए अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका और सूर्यभेदी प्राणायाम करें, जो शरीर में गर्मी बढ़ाते हैं और रक्त संचार सुधा रते हैं साथ ही,वज्रासन,भुजंगासन और सूर्य नमस्कार जैसे आसन करें जो शरीर को मजबूत और ऊर्जावान बनाते हैं,जिससे आप ठंड में भी सक्रिय और स्वस्थ महसूस कर सकते हैं।शि विर में योगाचार्य ने कहा कि योग अपनी सांस पर ध्यान देते हुए विभिन्न मुद्राओं में रहने की कला है। प्रत्येक योगासन का हमारे श्वसन तंत्र पर विशेष प्रभाव पड़ता है इसके चलते हमारा हृदय भी प्रभावित होता है।शिविर में अमित गर्ग, सचिन,राजेश अग्रवाल,मुकेश,अनमोल, ऋषभ, मीनू,नीतू,रचना,रूचि,मेघा,साधना, रोश नी अनु, श्वेता,आदि मौजूद रहीं।

# नगर कोतवाली पुलिस ब्लैकमेलर पति-पत्नी को किया गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 72 घंटे में ब्लैक मेलर बैंक कैशियर और उसकी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी शादीशुदा गर्लफ्रेंड सोनल सिंह और उसके पति बैंक कैसर अजीत सिंह को नगर कोतवाली पुलिस ने जिला मेडिकल कॉलेज ले जाकर के मेडिकल कराया और फिर गोंडा न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय द्वारा दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन दोनों लोगों द्वारा गायत्री पुरम के रहने वाले इंजीनियर 25 वर्षीय अभिषेक श्रीवास्तव को लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था और लगातार बेइज्जत किया जा रहा था। जिससे परेशान होकर के अभिषेक श्रीवास्तव ने बीते 17 दिसंबर को देर रात्रि में अपने घर के अंदर फांसी के फंदे से लटक करके अपनी जान दे दी थी। फांसी से लटक कर जान देने से पहले अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा सोनम सिंल से व्हा ट्सएप कॉल के माध्यम से किए गए बातचीत का स्क्रीनशॉट्ज़ व्हाट्सएप चैट और ऑनला इन तरीके से कराए गए शॉपिंग के लेनदेन का भी प्रिंट आउट निकलवा करके पूरे कमरे को अपने साथ को लेकर के सजाया था। इंजीनि यर अभिषेक श्रीवास्तव ने आत्महत्या करने से पहले सोनल सिंह और अभिषेक श्रीवास्तव दोनों जनवरी 2025 से लेकर जुलाई द्वारा 25 तक प्रेम संबंध रहे थे। दोनों एक दूसरे से बातचीत किया करते थे लेकिन अचानक घर के सामने अभिषेक के कैमरा लगवाने और अभि षेक के घर के सामने कूड़ा फेंकने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ फिर दोनों से बात चीत बंद हो गई थी। जब अभिषेक ने बातचीत करने से मना किया तो बीते 28 सितंबर को सोनल सिंह ने अभिषेक पर एक फर्जी आरोप लगा करके उसे जेल भिजवा दिया था।जेल से 12 अक्टूबर को छुटकारा आने के बाद वह लगातार परेशान चल रहा था। आरोपी सोनल और उसके बैंक कैशियर पति अजीत सिंह की अभिषेक के संपत्ति पर पूरी तरीके से नजर थी और इस संपत्ति को हड़पने के लिए सोनल ने अभिषेक को अपने प्रेम जाल में फसाया था और फिर बाद में मुकदमा लिखवा करके जेल भेज दिया था था।वही अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार करके नगर कोतवाली पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया है।उदभव श्रीवास्तव ने बीते 18 दिसंबर को नगर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया था और आरोप लगाया था कि उनके चचेरे भाई मृतक इंजीनियर अभिषेक श्रीवास्तव को सोनल सिंह और उसके पति अजीत सिंह द्वारा उसे बार-बार ब्लैकमेल करके परेशान किया जा रहा है। उसे लगातार पैसे की मांग की जा रही है जिससे परेशान होकर के उसने सुसाइड कर लिया था फिलहाल पूरे मामले को लेकर के नगर कोतवाली पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# पाले की मार से फसल बचाने के वैज्ञानिक उपाय बताए कृषि विशेषज्ञों ने

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि इस समय पाला किसानों के लिए एक गंभीर प्राकृतिक चुनौती बनकर सामने आता है। सर्दियों में जब रात का तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे चला जाता है, हवा की गति कम रहती है और आसमान साफ होता है, तब खेतों की सतह से ऊष्मा तेजी से निकल जाती है। ऐसी स्थिति में पौधों की पत्तियों व तनों पर जमी ओस बर्फ में बदल जाती है, जिसे पाला कहा जाता है। उन्होंने बताया कि निचले इलाकों, हल्की मिट्टी तथा सूखे खेतों में पाले का प्रभाव अधिक देखने को मिलता है। पाले की स्थिति में पौधों की कोशिकाओं के भीतर मौजूद पानी जम जाता है, जिससे कोशिका की दीवारें फट जाती हैं और पौधों की जैविक क्रियाएं बाधित हो जाती हैं। इसके परिणामस्वरूप पत्तियां झुलस जाती हैं, रंग भूरा या काला पड़ जाता है, फूल व कलियां गिरने लगती हैं तथा नई बढ़वार रुक जाती है। गेहूं, सरसों, आलू, मटर, चना, सब्जियां, आम, केला, पपीता एवं नर्सरी के पौधे पाले के प्रति अधिक संवेदनशील माने जाते हैं। गंभीर स्थिति में पूरी फसल नष्ट होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वानिकी विशेषज्ञ उमेश कुमार ने बताया कि पाले को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है, लेकिन समय पर अपनाए गए वैज्ञानिक उपायों से इसके नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। पाला पड़ने की संभावना होने पर हल्की सिंचाई सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। सिंचाई से मिट्टी में नमी बनी रहती है, जो दिन की गर्मी को रात तक संचित रखती है और खेत का तापमान गिरने से बचाती है।

उन्होंने बताया कि सब्जियों और नर्सरी पौधों को पुआल, बोरी, पॉलिथीन शीट या फसल अवशेषों से ढकने पर भी पाले से अच्छी सुरक्षा मिलती है। पाला और अत्यधिक ठंड के समय रसायनों का छिड़काव भी सहायक भूमिका निभाता है। पाले की संभावना होने पर थायोयूरिया का एक ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर 24 से 48 घंटे पहले छिड़काव करने से गेहूं, सरसों, मटर, चना एवं सब्जी फसलों में अच्छे परिणाम मिलते हैं। इसी प्रकार पोटाश आधारित स्प्रे, जैसे पोटैशियम नाइट्रेट या पोटैशियम सल्फ़ेट का एक प्रतिशत घोल, पाले से पहले या हल्के पाले के बाद करने से पत्तियों के झुलसने की समस्या कम होती है। सब्जियों, फलदार पौधों और नर्सरी में सलिसिलिक एसिड, सी-वीड एक्सट्रैक्ट तथा अमीनो एसिड आधारित जैव-उत्तेजकों का छिड़काव फसलों को तेजी से उबरने में मदद करता है। पाले के बाद यदि फसल प्रभावित दिखाई दे, तो 2S3 दिन बाद यूरिया के दो प्रतिशत घोल का हल्का छिड़काव नई पत्तियों की वृद्धि में सहायक होता है। विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी कि छिड़काव करते समय सावधानियां अवश्य बरतें। पाले वाली रात या घने कोहरे में कभी भी छिड़काव न करें तथा रसायनों का प्रयोग केवल अनुशंसित मात्रा में ही करें।

# ठंड में शिक्षा की राह आसान छात्रों को बांटी गई जैकेट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**राजकीय इंटर कॉलेज लखैयाकलां में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को किया गया जैकेट वितरण**

नानपारा, बहराइच। ठंड के मौसम को देखते हुए राजकीय इंटर कॉलेज लखैयाकलां, जनपद बहराइच में निर्धन एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के लिए जैकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को सर्दी से बचाव हेतु जैकेट वितरित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि ठंड के कारण पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की सहायता करना विद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय आ सकें और अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। जैकेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। विद्यालय परिवार द्वारा किए गए इस प्रयास की अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकगण व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# तीन दिवसीय क्रॉस बॉर्डर टूरिज्म कॉनक्लेव का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । क्रॉस बॉर्डर टूरिज्म कॉनक्लेव 2025 का आयोजन भारत नेपाल पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लुंबनी सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेपाल राष्ट्र गुरु चन्द्रनाथ योगी जी महाराज ने दीप प्रज्वलित करके किया। आयोजित कार्यक्रम में नेपाल भारत के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पर्यटन उद्योग बोर्ड से जुड़े हुए पदाधिकारी व भारत नेपाल दोनों देशों के उद्योगपति, पर्यावरण विद, समाजसेवी व स्वयं सेवी संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नेपाल टूरिज्म बोर्ड की ओर से आयोजित तीन दिवसीय क्रॉस बॉर्डर टूरिज्म कॉनक्लेव 2025 भारत नेपाल में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से और विभिन्न धार्मिक कॉरिडोरों को बनाने जैसे काशीविश्वनाथ - पशुपतिनाथ कॉरिडोर, केदारनाथ बद्रीनाथ और पशुपतिनाथ कॉरिडोर, लुंबिनी श्रावस्ती सारनाथ बोध गया कॉरिडोर, मिथिला जनकपुर कॉरिडोर जैसे महत्वपूर्ण सथानों के पर्यटन की दृष्टि से जोड़ने एवं बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है । सांसद धवल समशेर जंग बागदूर राणा ने कहा कि भारत नेपाल का संबंध सनातन काल से रोटी बेटी का संबंध रहा है । हमारी संस्कृतियां समरूप व सनातनी हैं। सनातन परंपरा हमारी संस्कृतियों का आधार है, हम सभी सनातनी धार्मिक टूरिज्म को बहुत अधिक महत्त्व देते हैं जिस कारण हम लोग उसके बढ़ावे के लिए सतत प्रयास करते रहते हैं । आयोजित पर्यटन संवाद को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी बांके ने कहा कि भारत नेपाल सीमा पर पर्यटकों को होने वाली असुविधाओं को तात्कालिक प्रभाव से सुधार करने का प्रयास किया जाएगा जो कि क्रॉस बॉर्डर टूरिज्म को और अधिक सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बनाएगा । नेपाल में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुरक्षा बेहतर सुविधा सहयोग मिल सके इसके लिए हमारा प्रसाशन सतत प्रयास करता रहेगा । आयोजित कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार झलक ग़ैरे तथा अध्यक्षता नेपाल पर्यटन बोर्ड स्थानीय संयोजक राम सिगडेल ने किया । धन्यवाद ज्ञापन टूरिज्म बोर्ड के वरिष्ठ पदाधिकारी दिलीराज ने किया तथा समन्वय का कार्य सुश्री अल्पना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रूल ऑफ़ लॉ सोसाइटी महामंत्री कानूनविद सोमेशवर्धन सिंह, विश्वजीत तिवारी एडवोकेट, महामना मालवीय अवध अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट, पर्यावरणविद पंडित मनी राम शर्मा, राम जी सोनी, जयचंद कुमार एडवोकेट, महिला प्रतिनिधि रेखा श्रीवास्तव, प्रिया सिंह, युवा पर्यावरणविद आयूष वर्मा, शिखर श्रीवास्तव, डॉ पंकज श्रीवास्तव, राहुल उपाध्याय , अनिल वर्मा, रुद्र प्रताप मिश्रा , किसान नेता शिव पूजन सिंह , नेपाल बार कौंसिल मेंबर , ईश्वर प्रसाद गेंवाली , रेड क्रॉस सोसायटी सचिव मिन बहादुर मल्ल , समाजसेवी रवेंद्र नाथ शर्मा , समाजसेवी विनय पांडेय , दुर्गेश वर्मा , समन्वयक रेशम खत्री समेत आदि लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित भारत नेपाल दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने पर्यटन उद्योग को बहुआयामी बनाने व समावेशी बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया।



## उत्साहपूर्वक मनाया गया 62वाँ स्थापना दिवस

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी द्वारा 62वाँ स्थापना दिवस वाहिनी मुख्यालय में हर्षोल्लास, गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी के सभी अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट कैलाश चंद रमोला द्वारा महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल का संदेश समस्त बल कार्मिकों को पढ़कर सुनाया गया। अपने संबोधन में उन्होंने बल के गौरवशाली इतिहास, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा के प्रति सशस्त्र सीमा बल की भूमिका पर प्रकाश डाला कमांडेंट महोदय ने सभी अधिकारियों एवं जवानों को 62वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा भविष्य में भी पूरी निष्ठा, समर्पण एवं साहस के साथ राष्ट्र सेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# पीएससी के सिपाही ने लूट लिए थे 509 चांदी के सिक्के, पुलिस ने किया खुलासा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । जिले में नकली एसटीएफ अधिकारी बनकर 509 प्राचीन सिक्कों से भरा कलश लूटने वाले शातिर गिरोह का गोंडा पुलिस ने खुलासा करते हुए पीएसी जवान समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वही एक पीआरडी जवान विनोद तिवारी और जेसीबी चालक गोलू फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार देहात कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है।आरोपियों कब्जे से एक कार, 431 सफ़ेद धातु के सिक्के, एक कलश और दो फर्जी पुलिस आईडी कार्ड बरामद किए हैं। दरअसल बीते 17 दिसंबर को बिहार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरापुर गांव में बाबा कुटी मंदिर के निर्माण को लेकर जेसीबी से खुदाई करवाई जा रही थी। खुदाई जेसीबी चालक गोलू द्वारा की जा रही थी खुदाई के दौरान एक पुराना कलश मिला जिसे खोल करके देखा गया तो उसने 509 चांदी के पुराने सिक्के थे। जिसे तत्काल खुदाई रुकवा करके मंदिर के महंत उपेंद्र सिंह उर्फ उपेंद्र बाबा द्वारा उसे ले जाकर के बगल में रखा गया और देखा गया तो उसमें 1860,1880,1901 और उसे पुराने के सिक्के इसमें थे। पुराने सिक्के बरामद होने के बाद देहात कोतवाली पुलिस को भी उपेंद्र बाबा द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई और इन सिक्कों को उनके द्वारा अपने पास ही रख लिया गया। वही जब इसकी जानकारी जेसीबी चलवा रहे हरिओम दुबे को हुई तो हरिओम दुबे द्वारा जेसीबी चालक गोलू के साथ मिलकर के त्रिलोकी नाथ पांडेय को इसकी पूरी जानकारी दी गई। त्रिलोकी पांडेय द्वारा लखनऊ के 35वीं पीएसी में तैनात जवान आलोक शुक्ला उर्फ सुधीर, गोंडा पीआरडी में तैनात प्रदीप तिवारी के साथ मिलकर इसे हड़पने का पालन बनाया गया। अगले दिन 18 दिसंबर को त्रिलोकी पांडेय,आलोक शुक्ला उर्फ सुधीर,प्रिंस मिश्रा,राहुल यादव, प्रदीप तिवारी और मनोज मिश्रा,ये सभी लोग एक कार में सवार होकर बालपुर पहुंचे। 18 दिसंबर को ही उपेंद्र बाबा उसे अपने कार में रखकर के बालपुर बाजार सब्जी खरीदने के लिए लेकर आए हुए थे इसकी जानकारी हरिओम दुबे और गोलू को पहले से ही थी। इसी मौके का फायदा उठाकर के पीछा करते-करते हरिओम दुबे और जेसीबी चालक गोलू भी उपेंद्र के पीछे पीछे जा रहे थे। जैसे ही उपेंद्र सिंह उर्फ उपेंद्र बाबा परसपुर मोड़ के पास पहुँचे वैसे तुरंत इन लोगो द्वारा कार को रोक लिया गया और अपने आपको एसटीएफ अधिकारी बताते हुए बालपुर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास ले गए। वहां पर फर्जी परिचय पत्र दिखाते हुए पुलिस कार्रवाई के नाम पर धमकाते हुए सफ़ेद धातु के सिक्के से भरा करके कलश लेकर फरार हो गए। सूचना तत्काल महंत उपेंद्र सिंह उर्फ उपेंद्र बाबा द्वारा डायल- 112 को सूचना देकर देहात कोतवाली पहुंच करके लिखित रूप में एक तहरीर दी गई थी तहरीर के आधार पर देहात कोतवाली पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ पूरे मामले में दर्ज करके तत्काल पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई। आज बड़ी कार्रवाई करते हुए देहात कोतवाली पुलिस ने लखनऊ पीएसी में तैनात पीएसी जवान आलोक शुक्ला उर्फ सुधीर, त्रिलोकी पांडेय,हरिओम दुबे,प्रिंस मिश्रा,राहुल यादव और मनोज मिश्रा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी आज रात में इन सिक्कों को बेचने की योजना बना ही रहे थे कि उससे पहले देहात कोतवाली पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है।वहीं पूरे घटना का खुलासा करते हुए गोंडा पुलिस अधीक्षक बने जायसवाल ने बताया कि 17 दिसंबर को खुदाई के दौरान इतना सिक्का मिला था लेकिन महंत द्वारा किसी को सूचना न देकर के उसे अपने पास रख लिया गया था। 18 दिसंबर को अपने गाड़ी में रखकर के बालपुर सब्जी खरीदने गए थे तभी एक कार से आए पांच लोगों ने अपने आप को यूपी एसटीएफ का अधिकारी बताते हुए जांच के नाम पर इन्हें धमकाया था। बालपुर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास ले जाकर के गाड़ी से उतार दिया और गाड़ी के डिग्गी में रखा कलश लेकर के फरार हो गए थे। जिसकी सूचना मिलते ही देहात कोतवाली पुलिस द्वारा पूरे घटना के खुलासे के लिए कई टीमों को लगाया गया था। आज इन लोगों को गिरफ्तार किया गया है इसमें लखनऊ पीएसी में तैनात एक जवान समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस पूरे घटना में एक जो उसे दौरान वर्दी पहन कर के गया था पीआरडी जवान जो हमारे गोंडा में तैनात था प्रदीप तिवारी और जेसीबी चालक गोलू यह दोनों फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए हमारी पुलिस टीम लगी हुई है।

# विद्यालय में शैक्षिक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**मुख्य अतिथि के रूप में मंडलीय अध्यक्ष देवीपाटन मंडल अजीत सिंह रहे**

**उक्त शैक्षिक गोष्ठी में शिक्षकों ने रखी मुख्य अतिथि के समक्ष अपनी समस्याएं**

बहराइच । वैद्य भगवानदीन मिश्रा गांधी इंटर कॉलेज बहराइच में शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य जसवंत सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शैक्षिक गोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष देवीपाटन मंडल अजीत सिंह रहे। शैक्षिक गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने मंडलीय अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया । गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों की एकता और संगठन के बल पर हमें बहुत सारी उपलब्धियां मिली हुई हैं। उन्हें अक्षुण बनाए रखने के लिए तथा आने वाले समय में शिक्षकों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए संगठन की एकजुटता आवश्यक हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षकों की एनपीएस की समस्या, पुरानी पेंशन समस्या एवं स्वामित्व पोषित शिक्षकों की समस्या आदि के समाधान के लिए हमें एकजुट रहकर अपनी लड़ाई लड़नी होगी उन्होंने आगे कहा कि आने वाले शिक्षक निर्वाचन हेतु एकमात्र शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी हैं। जो शिक्षकों की प्रत्येक समस्या के प्रति ध्यान विधान परिषद में उठाते रहते हैं अतः हमें उनके समर्थन में एकजुट रहना होगा।उक्त शैक्षिक गोष्ठी में शिक्षकों ने मुख्य अतिथि के समक्ष अपनी समस्याओं को विशेष रूप से रखा। शिक्षक अजय कुमार मिश्र ने एनपीएस की धनराशि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की हठधर्मिता के कारण शिक्षक कर्मचारियों के खाते में नहीं भेजी गई।जबकि शासन द्वारा राज्य अंश कार्यालय को प्राप्त हैं। शैक्षिक गोष्ठी में विद्यालय के प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया और संगठन की एकता पर विशेष बल दिया। तथा 5 से 7? तथा 7?, से 9?, व 9?, से 12?, महगाई भत्ता एवं बोनस 2017-2018 का अघतन शिक्षक कर्मचारियों को प्राप्त नहीं है।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 48 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये,मौके पर 09 शिकायतें हुई निस्तारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 48 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों को जिलाधिकारी ने कम्बल वितरित किये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में मृतक खातेदारों की वरासत की खतौनी उनके वारिसों को प्रदान की तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी अमरिया, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, तहसीलदार अमरिया, खण्ड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण मुक्त अभियान को लेकर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता नगर पालिका सभागार मे हुई बैठक

पूरनपुर।नगर पालिका परिषद सभागार में बोर्ड बैठक का अयोजन किया गया जिसमें नगर क्षेत्र पूरनपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान पर विचार किया गया, बाहरी क्षेत्र से आने वाले ई-रिक्शा नगर क्षेत्र के बाहर चलाये जायेंगे, शहरी ई-रिक्शा नगर क्षेत्र में चलेंगे, बाहरी क्षेत्र के ई-रिक्शा लाल रंग से चिन्हित किये जाएंगे व शहर वाले ई-रिक्शा हरे रंग से चिन्हित किये जाएंगे तथा पंजीकरण कराया जाएगा साथ ही आधार कार्ड नंबर सहित ई रिक्शा मालिक का परिचय पत्र जारी किया जाएगा, ई रिक्शा मार्ग वन वे कराया जायेगा,अतिक्रमण नाली टू नाली हटाया जाएगा और नाली से बाहर पाए गए अतिक्रमण पर 500 रुपये जुर्माना राशि वसूली जायेगी, दुकान स्वामी द्वारा अपनी दुकान के आगे अतिक्रमण अथवा फड़ आदि लगवाये जाने पर उन पर 1000 रुपये प्रतिदिन जुर्माना लगेगा सीमेंट रोड पर ई रिक्शा पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे, पंजाब नेशनल बैंक पूरनपुर स्टेशन के सामने से ईको व अन्य चार पहिया वाहन हटवाए जाएंगे, डिवाइडर के पास खड़े होने वाले वाहनों का चालान किया जाएगा इसके साथ ही गणतंत्र दिवस 2026 का राष्ट्रीय पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से रामलीला मैदान पूरनपुर पर मनाया जाएगा इसके साथ 02 जनवरी 2026 से नगर क्षेत्र डोर टू डोर डस्टबिन वितरण किया जाएगा और नाली सफाई के कार्य में पंजी के स्थान पर फावड़ा प्रयोग किया जाएगा।

# संवैधानिक पदों पर बैठे जनप्रतिनिधियों के आचरण पर उठे सवाल, राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।संवैधानिक पदों पर आसीन कुछ जनप्रतिनिधियों के कथित आचरण और बयानों को लेकर अल्पसंख्यक समाज में गहरी चिंता व्यक्त की गई है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज नूर अहमद अजहरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुस्लिम महिलाओं की गरिमा, निजता और धार्मिक स्वतंत्रता पर आघात का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि देश में अल्पसंख्यक समुदाय, विशेषकर मुस्लिम समाज के विरुद्ध नफरत और भय का माहौल बनाए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। आरोप लगाया गया है कि सत्ता के प्रभाव में कुछ जनप्रतिनिधि अपने शब्दों और व्यवहार से मुस्लिम समाज, खासकर महिलाओं को निशाना बना रहे हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंच रही है। ज्ञापन में हाल ही में बिहार में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का सार्वजनिक रूप से नकाब हटाए जाने की घटना का उल्लेख किया गया है। इसे असंवैधानिक बताते हुए कहा गया कि यह महिला की निजता, धार्मिक आस्था और आत्मसम्मान पर सीधा आघात है, जिससे समाज में गलत संदेश जाता है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद पर मुसलमानों के विरुद्ध कथित रूप से अपमानजनक और नफरत फैलाने वाले बयान देने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसे बयानों पर कार्रवाई न होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। राष्ट्रपति से मांग की गई है कि बिहार के मुख्यमंत्री से उक्त आचरण पर सार्वजनिक माफी दिलाई जाए अथवा संवैधानिक प्रक्रिया के तहत उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही केंद्रीय और राज्य स्तर के मंत्रियों के नफरतपूर्ण बयानों पर कठोर संवैधानिक कदम उठाने की भी अपील की गई है। अंत में ज्ञापन में संविधान में आस्था जताते हुए शांति, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

### अनियंत्रित ट्रक ने घर की दीवार में मारी टक्कर गर्भवती महिला गंभीर घायल

पूरनपुर।सेहरामऊ थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया। सरकारी राशन से लदा एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे बने मकान की दीवार में जा घुसा। हादसे में घर के अंदर बर्तन धो रही गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए। वहां महिला का उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार गांव बासूपुर निवासी फजलुर रहमान का मकान मुख्य सड़क पर स्थित है। शनिवार सुबह ट्रक रायपुर विचपुरी की ओर जा रहा था। गांव के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक दीवार से टकरा गया। टक्कर से दीवार ढह गई, जिसकी चपेट में महिला मेहनिम आ गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने ओवरलोड ट्रकों पर रोक और सड़क सुरक्षा के कड़े इंतजाम की मांग की है।

# पुलिस ने चोरी की सामग्री के साथ दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### जगदीशपुर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ ही पायल और एलसीडी टीवी किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना जगदीशपुर पुलिस ने बाबूपुर सरैया गांव में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से चोरी की दो जोड़ी पायल,एक एलसीडी टीवी, चोरी का अन्य सामान व चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार फूल चन्द्र,रामेश्र्वर पुत्रगण बसंत लाल उर्फ मोहन लाल निवासीगण ग्राम छतहुआ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल बजाज सीटी यूपी 33 बीडी 7292 के कागज माँगने पर दिखा नही सके। मोटरसाइकिल के बीच में रखे दो बैग,एक बोरी व पीठ पर टांगे हुए एक बैग की तलाशी से तो बोरी में एक एलसीडी टीवी, एक टार्च, एक फ्रेस,एक साकेट बोर्ड , एक सोलर लाइट, दो शर्ट, एक जीन्स, तीन दवाई के पर्चे (02 पर्चे पर पैसेन्ट नाम कमला देवी व 01 पर्चे पर रामसजीवन मौर्या), एक हार्ट केश, एक ताबे का लोटा,एक जैकेट, एक छाता, एक ईनर, भारतीय जीवन बीमा लिखा हुआ एक टीशर्ट, तथा मोटरसाइकिल की डिग्गी में एक पन्नी में दो जोड़ी पायल बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा की बढ़ोत्तरी की गयी और बरामद सामान के बारे में पूछने पर बताया कि पायलों के अतिरिक्त जो अन्य सामान बरामद हुआ है व दस हजार रुपये शुक्रवार को ग्राम बाबूपुर सरैया के एक घर से ताला तोड़कर चोरी किया थे और चोरी करने के बाद वहां आग लगा दी थी। बरामद पायलों में से एक को दोनों ने मिलकर एक सितम्बर की रात्रि में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक अन्तर्गत ग्राम माहेमऊ में एक घर से अन्य सोने चांदी के सामान के साथ चोरी किये थे तथा दूसरी पायल को दोनों ने मिलकर दिनांक पांच सितम्बर को थाना कमरौली अन्तर्गत यूपीएसआईडीसी कालोनी में एक घर से चोरी किया थे। इन पायलों के साथ चोरियों के अन्य सोने चांदी के जेवरात थे उन्हें उँचाहार में एक दुकान पर बेच दिये थे।

### सुशासन सप्ताह के तहत एक सौ सत्तावन ग्राम पंचायतों में लगायी गई चौपाल

अमेठी । जनपद में भारत सरकार द्वारा संचालित ''सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम उन्नीस से पच्चीस दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को सीधे ग्रामीण स्तर तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।तहसील मुख्यालय,ब्लाक एवं पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में भारत सरकार की केंद्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली तथा राज्य पोर्टल आईजीआरएस पर लंबित लोक शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही आनलाइन सर्विस डिलीवरी सेवाओं में वृद्धि एवं आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। शनिवार को डीएम संजय चौहान के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद की एक सौ सत्तावन ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल में पंचायती राज, राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, कृषि, सिंचाई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवविवाहित महिलाओं की मैपिंग व एएसडी सूची के सत्यापन में लापरवाही क्षम्य नहीं : संयुक्त सचिव

### एसआईआर अभियान को लेकर संयुक्त सचिव ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव कुनाल ने कलेक्ट्रेट सभागार अमेठी में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अब तक की गई प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नई विवाहित महिलाओं की मैपिंग एवं एएसडी सूची के गहन सत्यापन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुये जनपद के सभी बूथों पर दो दिवसीय विशेष कैंप आयोजित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गांवों में आने वाली नई बहुओं की सघन मैपिंग सुनिश्चित की जाय ताकि कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज होने से वंचित न रह जाय।संयुक्त सचिव ने सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त बैठकें आयोजित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि दोनों आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मैपिंग प्रक्रिया को शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी अपेक्षा जताई कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, जिससे निर्वाचक नामावलियों को अधिक सटीक और समावेशी बनाया जा सके। बैठक से पूर्व संयुक्त सचिव द्वारा जनपद के विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। इस क्रम में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय थौरी प्रथम स्थित बूथ संख्या 359 एवं 360 तथा विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज अंतर्गत जीजीआईसी गौरीगंज में बूथ संख्या 329, 330, 331 एवं 332 का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से मैपिंग कार्य की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त संयुक्त सचिव ने थौरी गांव का भ्रमण कर नई विवाहित महिलाओं की मैपिंग से संबंधित कार्य का स्थलीय सत्यापन भी किया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कार्य में और अधिक गति व गुणवत्ता लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### क्षेत्र में गोलीकांड महिला घायल, युवक की मौत मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के गांव नारायणपुर में शनिवार सुबह हुए गोलीकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी विक्रम दहिया और कोतवाल पवन पांडे टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया जहां से वह जिला अस्पताल रेफर हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव नारायणपुर निवासी गुरमीत कौर पत्नी पूरन सिंह का कोई सगा पुत्र नहीं था। बताया जा रहा है कि सुखदेव सिंह लंबे समय से उनके घर में बेटे की तरह रह रहा था। शनिवार सुबह करीब दस बजे गुरमीत कौर और सुखदेव सिंह के बीच पैसों को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि अचानक गोली चल गई। गोली लगने से गुरमीत कौर घायल हो गईं, जबकि सुखदेव सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के समय घर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। बताया जा रहा है कि पूरन सिंह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त हैं और घटना के समय वह घर के दूसरे कमरे में मौजूद थे। उन्हें घटना की जानकारी गोली चलने की आवाज सुनकर हुई। घटना के बाद दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि परिवार सामान्य रूप से रह रहा था और इस तरह की घटना की किसी को उम्मीद नहीं थी। हालांकि पुलिस अभी मामले की जाँच कर रही हैं।

### कांटा एवं बाट माप सत्यापन के लिये किया दो दिन के शिविर का आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सहयोग से नगर के स्टेशन चौराहा के पास दो दिवसीय बांट-माप शिविर का आयोजन किया गया पहले दिन बड़ी संख्या में व्यापारियों ने पहुंचकर कांटा-बांट का सत्यापन व मुद्रांकन कराया शिविर में लगभग 40000 रुपए की राजस्व वसूली हुई दो दिन शिविर का आयोजन किया गया बांट-माप और इलेक्ट्रानिक तौल उपकरणों के सत्यापन और मुद्रांकन के लिए व्यापार मंडल द्वारा हर साल दिसंबर माह में शिविर लगवाया जाता है इस साल भी दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर स्टेशन चौराहा पर आनंद रिपेयरिंग वर्क्स द्वारा किया।

# गौरीगंज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### जनपद में तिलोई तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई सर्वाधिक शिकायतें

अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील गौरीगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी संजय चौहान ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय।उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है।तहसील गौरीगंज में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील मुसाफिरखाना में पन्द्रह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का निस्तारण किया गया।तहसील तिलोई में तैंतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायत का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में चौबीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, बीएसए संजय तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एसआईआर अभियान के तहत बीएलओ और बीएलए की संयुक्त बैठक 22 दिसम्बर को होगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने जनसामान्य को सूचित करते हुए बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दृष्टिगत आयुक्त अयोध्या मंडल, अयोध्या/रोल प्रेक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में दिनांक बाइस दिसम्बर 2025 को जनपद के समस्त एक हजार चार सौ उन्यासी मतदेय स्थलों पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) तथा संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) पूर्वाह्न दस बजे बजे से अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे। बैठक का उददेश्य विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की गणना अवधि के दौरान चिन्हित किए गए अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सूचियों की गहन समीक्षा करना है। एडीएम ने बताया कि पूर्व बैठक में उक्त श्रेणियों के अंतर्गत चिन्हित मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा बीएलए को उपलब्ध कराई जा चुकी है।अब यदि इन सूचियों में कोई पात्र अथवा अपात्र मतदाता पाया जाता है, तो संबंधित मतदाता का गणना प्रपत्र तत्काल संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराया जाय ताकि पात्र मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सके और अपात्र प्रविष्टियों को समय रहते संशोधित किया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों, बीएलओ एवं बीएलए से अपेक्षा की कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस बैठक को सफल बनाएं, जिससे निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके।

### राशन कार्ड बनाने के नाम पर दो हजार रुपये लेने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।तहसील क्षेत्र के गांव मोहनपुर जप्ती निवासी अवनीश ने शनिवार सुबह दस बजे एक कोटेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित युवक का कहना है कि करीब एक वर्ष पूर्व कोटेदार ने उसका राशन कार्ड बनवाने के नाम पर ?2000 की रकम ली थी। इसके बावजूद आज तक उसका राशन कार्ड नहीं बनवाया गया। अवनीश का आरोप है कि कई बार कोटेदार से संपर्क करने के बाद भी वह हर बार टालमटोल करता रहा। जब युवक ने परेशान होकर अपने दिए गए रुपये वापस मांगे, तो कोटेदार ने साफ तौर पर रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। पीड़ित का कहना है कि कोटेदार लगातार आश्वासन देकर मामले को लटकाए हुए है। इतना ही नहीं, अवनीश ने यह भी आरोप लगाया कि कोटेदार द्वारा अन्य राशन कार्ड धारकों को भी निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जाता है। इससे गांव के कई गरीब और जरूरतमंद परिवार परेशान हैं। रुपए मांगने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

मामले से आहत पीड़ित युवक ने पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत उपजिलाधिकारी से की है।

### जायस पुलिस ने युवक को किया जिलाबदर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में थाना जायस पुलिस द्वारा एक युवक को जिलाबदर किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान के आदेश एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को तिलोई के क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत आजिम पुत्र दिलशेर निवासी मोहल्ला कजियाना थाना जायस जनपद अमेठी को जनपद की सीमा के बाहर छोड़कर जिलाबदर किया गया। थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ चार आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### अधेड़ ने फंदे से लटक कर दी जान

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। धनपतगंज थानांतर्गत पूरे मोतीमाला मजरे लोहंगी में पारिवारिक कलह की चलते फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। शुक्रवार की रात रामानंद सरोज पुत्र राम खेलावन उम्र लगभग 58 वर्ष ने पारिवारिक कलह से ऊबकर घर के अंदर फंदे को गले लगाकर जान दे दी। सुबह इस घटना की सूचना थाना पुलिस को मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को शव विच्छेदन गृह भेज दिया है। इस बाबत कोतवाल धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी जांच पड़ताल जारी है।

# आपसी विवाद में पत्नी ने पति पर किया धारदार हथियार से हमला, हालत नाजुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। हलियापुर थानाक्षेत्र में पति-पत्नी के विवाद में पति गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार रात पत्नी ने धारदार हथियार से पति पर हमला कर दिया, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

यह घटना शुक्रवार रात पूरे लाला मजरे डोभियारा गांव में हुई। गया प्रसाद (पुत्र संतराम चौहान) और उनकी पत्नी मीरा (पुत्री चैतराम) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि जब गया प्रसाद खाना खाकर सो रहे थे, तभी मीरा ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले के बाद, मीरा अपने पति को गंभीर रूप से घायल छोड़कर घर के बाहर से दरवाजा बंद कर भाग गई। बगल के कमरे में सो रहे उनके दो बच्चे, कविता (15 वर्ष) और बबीता (10 वर्ष), शोर सुनकर जागे और मदद के लिए चिल्लाने लगे। बच्चों का शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल गया प्रसाद को सौ शैय्या पिठला कुमारगंज, अयोध्या भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर दर्शन नगर, अयोध्या रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर से भी गया प्रसाद की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल के भाई रामकुमार ने बताया कि जब परिजनों ने पत्नी मीरा को पकड़ने की कोशिश की, तो वह भागते समय गिरकर चोटिल हो गईं। उनका इलाज सौ शैय्या पिठला कुमारगंज में किया गया और बाद में उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद उनके मायके वाले उन्हें अयोध्या के कुचेरा बाजार के पास हल्ले गांव ले गए हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी वंदना अग्रहरि ने बताया कि पति-पत्नी के विवाद में मारपीट हुई है। पति का इलाज लखनऊ में चल रहा है और पति की मां रामदुलारी ने इस संबंध में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही करेगी।

# रोडवेज बस-डंपर की टक्कर, चालक समेत दो घायल, डंपर चालक फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जयसिंहपुर/सुल्तानपुर। शनिवार सुबह लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ। बलिया से सुल्तानपुर जा रही रोडवेज बस और सामने से आ रहे डंपर में आमने-सामने की टक्कर हो गई। यह घटना मर्यादी इंटर कॉलेज बरौंसा के सामने करीब 10:30 बजे हुई। हादसे के समय रोडवेज बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। बस चालक राकेश दुबे और परिचालक पवन यादव यात्रियों को लेकर सुल्तानपुर जा रहे थे। सुल्तानपुर से कादीपुर जा रहा डंपर अनियंत्रित होकर बस से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोडवेज बस इंटर कॉलेज की बाउंड्री वॉल से जा टकराई। इस दुर्घटना में बस और डंपर दोनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर के बाद डंपर चालक अपना वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला और प्राथमिक सहायता प्रदान की। इस दुर्घटना में बस चालक राकेश दुबे (पुत्र राम कलप, निवासी भरतपुर, अयोध्या) घायल हो गए। एक महिला यात्री पूजा (पत्नी श्यामू, निवासी राईबिगो पांडेय बाबा, सुल्तानपुर) के पैर में चोट आई। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जयसिंहपुर में भर्ती कराया गया है। कुछ अन्य यात्रियों को भी मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही बरौंसा चौकी इंचार्ज रामराज और सिपाही अभिनीश पाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारु कराया। हादसे में अधिकांश यात्री सुरक्षित रहे। बाद में परिचालक पवन यादव ने यात्रियों के लिए दूसरी बस की व्यवस्था कर उन्हें उनके गंतव्य के लिए रवाना किया।

## सम्पादकीय

# आंखें तरेरता बांग्लादेश

अपने विदेश दौरों की गिनती बढ़वा कर और सबसे अधिक देशों से वहां का सर्वोच्च सम्मान हासिल करने का रिकार्ड अपने नाम करवाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगे हुए हैं। उनके लिए शायद बड़ी उपलब्धि यही होगी कि कितने राष्ट्राध्यक्षों को उन्होंने झप्पी दी है, कितनों के साथ कार में अकेले सवारी की है और कितनों को पहले नाम से बुलाते हैं। लेकिन मोदी से पहले भारत की विदेश नीति की धमक इस कारण से बनी हुई थी कि वह गुट निरपेक्ष आंदोलन का प्रणेता था, वैश्विक शक्तियों के सामने नवोदित देशों को सम्मान के साथ खड़े होने का आदर्श उसने पेश किया और तीसरी दुनिया के देश भारत को बड़े भाई की तरह देखते थे। पाकिस्तान के साथ तो भारत के रिश्ते हमेशा नरम-गरम रहे, लेकिन पाकिस्तान से अलग हुए बांग्लादेश, पड़ोसी देश नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार सब पर भारत का रसूख बना हुआ था, जो अब लगभग खत्म हो चुका है। इन सब देशों के साथ संबंध अभी सामान्य हैं, लेकिन जो गर्माहट पहले हुआ करती थी, वो मोदी सरकार के आने के बाद खत्म हो गई है।खास तौर पर बांग्लादेश के साथ तो हमेशा से एक अपनापा रहा है। वहां का मुक्ति संग्राम भारत के कारण सफल हुआ। दोनों देशों का राष्ट्रगान रवीन्द्रनाथ टैगोर ने लिखा है, इस बात पर भी नागरिकों को खुशी होती थी। दोनों देश पाकिस्तान की सैन्य तानाशाही के नुकसान देख चुके हैं। इसके अलावा अविभाजित भारत का हिस्सा होने के कारण सांस्कृतिक, भाषायी, धार्मिक इतिहास की साझेदारी भी रही है। लेकिन अब वही बांग्लादेश भारत को न केवल तोड़ने की धमकी दे रहा है, बल्कि खुलकर पाकिस्तान और चीन के साथ जाते हुए भारत के योगदान की अवहेलना भी कर रहा है।बुधवार को भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमिदुल्लाह को तलब कर ढाका में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता जताई थी। इसी पर बांग्लादेश की नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के सदर्न चीफ ऑर्गेनाइजर हसनत अब्दुल्लाह ने कहा कि भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था। इससे पहले अब्दुल्लाह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग करने की धमकी दे चुके हैं। बता दें कि दो महीने में यानी फरवरी 2026 में बांग्लादेश में आम चुनाव होंगे और एनसीपी ने हसनत अब्दुल्लाह को कुमिल्ला-4 से उम्मीदवार बनाया है। इसी कुमिल्ला में अब्दुल्लाह ने भारत विरोधी बातें कहीं, उन्होंने कहा कि भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था क्योंकि वह शेख हसीना को शरण दे रहा है। हम आपका सम्मान करें और आप देखते ही गोली मारने की बात करो, ये सही नहीं है।भारत के विदेश मंत्रालय ने इस पर प्रतिक्रिया दी है कि बांग्लादेश में हाल की कुछ घटनाओं को लेकर कट्टरपंथी तत्वों के झूठे विमर्श को हम पूरी तरह से खारिज करते हैं। हसनत जैसे चरमपंथी और हिंसक विचारधारा वाले लोग और उनके समर्थक अब मोहम्मद यूनुस को समर्थन देने वाली एकमात्र वास्तविक शक्ति बन गए हैं। जिस देश में यूनुस के नेता सार्वजनिक रैलियों में खुलेआम यह कह सकते हैं कि वे एक पड़ोसी देश के उच्चायुक्त को बाहर निकाल देंगे, वहां यह स्पष्ट है कि आम लोग दिन-रात खुद को कितना असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसे बांग्लादेश में आम नागरिक अब न तो अपने जीवन को लेकर सुरक्षित महसूस करते हैं और न ही अपनी संपत्ति को लेकर यह कठोर वास्तविकता देश में कानून-व्यवस्था और राजनीतिक संयम के पूरी तरह ढह जाने को उजागर करती है। इधर भारत में शरणागत बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजीद जॉय ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए ईमेल इंटरव्यू में कहा है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार एक इस्लामी शासन स्थापित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि बांग्लादेश में जो अभी स्थिति है, वह भारत के लिए खतरा बढ़ा रही है।

# राम वी. सुतार के हाथों में आकर पत्थर बोल उठते थे

**राम सुतार जी एक सौ एक साल के थे और उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनका जन्म 19 फ़रवरी 1925 को महाराष्ट्र में धूलिया ज़िले के गोन्दुर गाँव में एक ग़रीब परिवार में हुआ। उनका पूरा नाम राम वनजी सुतार था। वे भारत के सुप्रसिद्ध शिल्पकार थे। उनके द्वारा बनाई गईं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं अब तक विश्व के तीन सौ से अधिक शहरों में लग चुकी हैं। उनके कलात्मक एवं अनूठे शिल्प साधना को सम्मानित करते हुए भारत सरकार ने उन्हें 1999 में पद्मश्री और 2016 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। अक्टूबर 2018 में, सुतार को 2016 के सांस्कृतिक सद्भाव के लिए टैगोर पुरस्कार मिला। उनके पिता वनजी हंसराज जाति व कर्म से बढ़ई थे। राम सुतार का विवाह 1952 में प्रमिला के साथ हुआ। जिनसे उन्हें 1957 में एकमात्र पुत्र अनिल राम सुतार हुआ, जो पेशे से वास्तुकार हैं परन्तु अब वह भी नोएडा स्थित अपने पिता के स्टूडियो व कार्यशाला की देखरेख का कार्य करते हैं। राम वी. सुतार का जीवन सादगी का पर्याय था। इतनी बड़ी उपलब्धियों के बावजूद उनमें कोई दर्प नहीं था। वे शिल्प के साधक थे, शोर के नहीं। उनका कार्य बोलता था, वे स्वयं मौन में रहकर भी सब कुछ कह जाते थे। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सच्ची महानता प्रचार की मोहताज नहीं होती। वह अपने आप में पूर्ण होती है और समय उसे पहचान ही लेता है। उनकी कला में भारतीय परंपरा की गहरी जड़ें थीं, पर दृष्टि पूरी तरह आधुनिक और वैश्विक थी। वे अतीत से प्रेरणा लेते थे, वर्तमान की ज़रूरतों को समझते थे और भविष्य के लिए रूप गढ़ते थे। यही कारण है कि उनकी मूर्तियां किसी एक काल में बंद नहीं होतीं। वे हर युग में प्रासंगिक लगती हैं। उनमें इतिहास की गरिमा है, वर्तमान की चेतना है और भविष्य की उम्मीद भी।**

राम वी. सुतार का शतायु जीवन केवल वर्षों की गणना नहीं था, वह भारतीय मूर्ति-कला की सदियों लंबी साधना का सजीव विस्तार था। सौ वर्ष की उम्र में उनका जाना ऐसा है जैसे पत्थर बोलने वाली भाषा का कोई मौन हो जाना, जैसे हथौड़े और छैनी के बीच जन्म लेने वाली संवेदनाओं का विराम। वे उन विरले कलाकारों में थे जिनके हाथों में पत्थर, धातु और कांस्य केवल पदार्थ नहीं रहते थे, वे चेतना बन जाते थे। आकृतियां नहीं गढ़ी जाती थीं, जीवन प्रकट होता था। उनके स्पर्श से निर्जीव सजीव हो उठता था और शिल्प अपने भीतर मनुष्य की धड़कनें समेट लेता था। राम वी. सुतार केवल महान मूर्तिकार नहीं थे, वे एक दर्शन थे। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण था कि कला केवल सौंदर्य की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि मनुष्यता का विस्तार होती है। उन्होंने जब किसी महापुरुष की प्रतिमा गढ़ी, तो केवल चेहरे की रेखाएं नहीं उकेरीं, उस व्यक्तित्व के भीतर छिपे संघर्ष, संकल्प, करुणा और दृष्टि को आकार दिया। यही कारण है कि उनकी बनाई मूर्तियां देखने वाले को देखती हैं, मौन होकर भी संवाद करती हैं और समय की सीमाओं से परे जाकर पीढ़ियों को प्रेरित करती हैं। स्टैचू ऑफ यूनिटी आज विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा के रूप में खड़ी है, पर उसकी ऊंचाई केवल फीट और मीटर में नहीं मापी जानी चाहिए। उसमें सरदार पटेल की लौह इच्छाशक्ति के साथ-साथ राम वी. सुतार की तपस्या, धैर्य और अंतर्दृष्टि समाहित है। यह प्रतिमा केवल एक राष्ट्रीय प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय मूर्ति-कला की सामर्थ्य का वैश्विक घोष है। संसद परिसर में स्थापित गांधी प्रतिमा हो या देश-विदेश में फैली अनगिनत मूर्तियां, हर जगह उनकी कला ने इतिहास को वर्तमान से जोड़ा है और वर्तमान को भविष्य के लिए अर्थवान बनाया है। उनके हाथों में पत्थर बोलने लगते थे, पर उनके हृदय में मनुष्य बोलता था। वे जानते थे कि किसी नेता, संत या विचारक की प्रतिमा बनाते समय केवल शारीरिक समानता पर्याप्त नहीं होती। वहां आत्मा की समानता चाहिए। इसलिए वे पहले उस व्यक्तित्व को पढ़ते थे, समझते थे, आत्मसात करते थे। उनकी साधना में अध्ययन, ध्यान और संवेदना का अद्भुत संगम था। शायद यही कारण था कि उनकी कारीगरी में बारीकी के साथ-साथ एक ऐसी जीवंतता थी जो दर्शक को भीतर तक छू लेती थी। राम सुतार जी एक सौ एक साल के थे और उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनका जन्म 19 फ़रवरी 1925 को महाराष्ट्र में धूलिया ज़िले के गोन्दुर गाँव में एक ग़रीब परिवार में हुआ। उनका पूरा नाम राम वनजी सुतार था। वे भारत के सुप्रसिद्ध शिल्पकार थे। उनके द्वारा बनाई गईं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं अब तक विश्व के तीन सौ से अधिक शहरों में लग चुकी हैं। उनके कलात्मक एवं अनूठे शिल्प साधना को सम्मानित करते हुए भारत सरकार ने उन्हें 1999 में पद्मश्री और 2016 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। अक्टूबर 2018 में, सुतार को 2016 के सांस्कृतिक सद्भाव के लिए टैगोर पुरस्कार मिला। उनके पिता वनजी हंसराज जाति व कर्म से बढ़ई थे। राम सुतार का विवाह 1952 में प्रमिला के साथ हुआ। जिनसे उन्हें 1957 में एकमात्र पुत्र अनिल राम सुतार हुआ, जो पेशे से वास्तुकार हैं परन्तु अब वह भी नोएडा स्थित अपने पिता के स्टूडियो व कार्यशाला की देखरेख का कार्य करते हैं। राम वी. सुतार का जीवन सादगी का पर्याय था। इतनी बड़ी उपलब्धियों के बावजूद उनमें कोई दर्प नहीं था। वे शिल्प के साधक थे, शोर के नहीं। उनका कार्य बोलता था, वे स्वयं मौन में रहकर भी सब कुछ कह जाते थे। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सच्ची महानता प्रचार की मोहताज नहीं होती। वह अपने आप में पूर्ण होती है और समय उसे पहचान ही लेता है। उनकी कला में भारतीय परंपरा की गहरी जड़ें थीं, पर दृष्टि पूरी तरह आधुनिक और वैश्विक थी। वे अतीत से प्रेरणा लेते थे, वर्तमान की ज़रूरतों को समझते थे और भविष्य के लिए रूप गढ़ते थे। यही कारण है कि उनकी मूर्तियां किसी एक काल में बंद नहीं होतीं। वे हर युग में प्रासंगिक लगती हैं। उनमें इतिहास की गरिमा है, वर्तमान की चेतना है और भविष्य की उम्मीद भी। राम सुतार अपने गुरु रामकृष्ण जोशी से प्रेरणा लेकर मुम्बई गये, जहाँ उन्होंने जे0जे0स्कूल ऑफ़ आर्ट में दाखिला लिया। 1953 में इसी स्कूल से मॉडलिंग में उन्होंने सर्वोच्च अंक अर्जित करते हुए मेयो गोल्ड मेडल हासिल किया। मॉडलर के रूप में औरंगाबाद के आर्कियोलोजी विभाग में रहते हुए राम सुतार ने 1954 से 1958 तक अजन्ता व एलोरा की प्राचीन गुफ़ाओं में मूर्तियों के पुनर्स्थापन का कार्य किया। 1958-1959 में वह सूचना व प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के दृश्य श्रव्य विभाग में तकनीकी सहायक भी रहे। 1959 में उन्होंने अपनी मर्ज़ी से सरकारी नौकरी त्याग दी और पेशेवर मूर्तिकार बन गये। इन दिनों वह अपने परिवार के साथ नोएडा में निवास करते थे। राम सुतार ने वैसे तो बहुत-सी मूर्तियाँ बनायीं है, किन्तु उनमें से कुछ उल्लेखनीय मूर्तियों में 45 फ़ुट ऊँची चम्बल देवी की मूर्ति गंगासागर बाँध, 17 फ़ुट ऊँची मोहनदास कर्मचन्द गाँधी की मूर्ति गाँधीनगर, गुजरात, 21 फ़ुट ऊँची महाराजा रणजीत सिंह की मूर्ति अमृतसर, 18 फ़ुट ऊँची सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति संसद भवन, नई दिल्ली, 9 फ़ुट ऊँची भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति जम्मू, भारत के राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा की आवक्ष प्रतिमा, ब्रह्म सरोवर में कृष्ण अर्जुन रथ स्मारक कांस्य प्रतिमा आदि हैं। गुजरात में स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' राम सुतार के अद्भुत कला-कौशल का नमूना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारत ने एक ऐसे कलाकार को खो दिया है जिसने देश की सांस्कृतिक पहचान को विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें भारतीय कला परंपरा का स्तंभ बताते हुए कहा कि उनकी बनाई मूर्तियां आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के महापुरुषों से जोड़ती रहेंगी। अनेक राजनेताओं, कलाकारों और विचारकों ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए स्वीकार किया कि राम वी. सुतार का जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक युग का अवसान है। पर शायद स्वयं राम वी. सुतार इस तरह की श्रद्धांजलियों से अधिक अपने काम में विश्वास रखते थे। उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान यही था कि कोई उनकी बनाई मूर्ति के सामने खड़ा होकर कुछ क्षण मौन में डूब जाए, कुछ सोचने लगे, कुछ महसूस करने लगे। उन्होंने जीवन को भी उतना ही जीवंत बनाया जितना अपनी कला को। उनका व्यक्तित्व सहज, सरल और आत्मीय था। वे जहां भी गए, वहां प्रेरणा का एक शांत स्रोत बन गए। राम सुतार का जीवन शिल्प एवं कला की पाठशाला था, जिसमें उन्होंने यह भी सिखाया कि कला केवल तकनीक नहीं, साधना है। छैनी चलाने से पहले मन को तराशना पड़ता है। दृष्टि को निर्मल करना पड़ता है। शायद यही कारण था कि उनकी शतायु यात्रा के अंतिम क्षण तक उनकी सृजनात्मक ऊर्जा बनी रही। उम्र उनके लिए केवल एक संख्या थी, कला के प्रति उनकी जिजीविषा कभी वृद्ध नहीं हुई। आज जब हम उन्हें विदा कर रहे हैं, तो यह विदाई वास्तव में विदाई नहीं है। वे अपनी मूर्तियों में, अपने शिल्प में, अपनी संवेदनाओं में सदा उपस्थित रहेंगे। जब भी संसद परिसर में गांधी की प्रतिमा के सामने कोई सिर झुकाएगा, जब भी स्टैचू ऑफ यूनिटी के साये में कोई राष्ट्र की एकता को महसूस करेगा, राम वी. सुतार वहां होंगे। पत्थर के भीतर धड़कते हृदय की तरह, मौन में बोलती चेतना की तरह। उनका जीवन इस बात की साक्षी है कि एक साधारण मनुष्य भी अपनी साधना, संकल्प और संवेदना के बल पर महामानव बन सकता है। उन्होंने पत्थर को जीवन दिया, पर उससे भी बड़ा कार्य उन्होंने यह किया कि जीवन को अर्थ दिया। भारतीय मूर्ति-कला के इस शीर्ष पुरुष को विनम्र श्रद्धांजलि। उनका जाना हमें शून्य नहीं देता, बल्कि एक विराट उत्तरदायित्व सौंपता है कि हम कला, संस्कृति और मनुष्यता के इस दीप को बुझने न दें। -ललित गर्ग

# अकादमी सम्मान की रुकी हुई घोषणा

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

सचिव का इंतजार था जो संस्कृति मंत्रालय में निदेशक भी हैं।अकादमी सम्मान घोषित होने थे। इंतजार सिर्फ एक घोषणा का नहीं था , उस व्यवस्था का था जो कहती है कि साहित्य स्वायत्त है। देश दुनियां में साहित्य के मेरे जैसे जागरूक पाठक, सुधी रचनाकार, साहित्यिक पत्रकार सब इंतजार करते रह गए और कोई ब्यूरोक्रेट गले में आई कार्ड डाले हाल में आया, दबी जुबान में कह गया कि आज घोषणा नहीं होगी। शब्द सहम जाते हैं,दृश्य किसी रंगमंच का लगता है, पर है देश की साहित्य अकादमी का। काना फूसी है ऊपर से आदेश आया दो नाम जोड़ो किसी ने कहा जूरी और सरकार में टकराव हुआ है, किसी ने कहा नाम तय है पर घोषणा रुकी है। इस सारी गासिप में सच्चाई कहीं बीच में छिपी बैठी जरूर होगी पर उसे कुर्सी नहीं मिली, और सब हाल की कुर्सियां खाली होते देखते रहे। जिस हाल में कैमरे सज चुके हों , सवालों की फ़ेहरिस्त तैयार हों और समय की सुई प्रेस कांफ्रेंस के तय समय पर अटक गई हो,वहां पर्दा उठने से पहले ही गिरा दिया गया और दर्शक तालियां बजाने के बजाय सिर खुजाते हाल से बाहर निकलने के लिए मजबूर हुए। साहित्य अकादमी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि न प्रेस कांफ्रेंस हुई न प्रेस रिलीज जारी की गई। पत्रकार घर लौट आया पर खबर वहीं की वहीं अटकी रह गई। भीतर क्या हुआ यह कोई बताने को तैयार नहीं पर बाहर बैठे हर आदमी को पता है कि भीतर कुछ न कुछ जरूर हुआ है। मंत्री जी, सफ़ेद शर्ट वाले आका जी , बड़े प्रकाशक, कोई ना कोई तो है जो घोषणा रोकने की ताकत रखता है। सरकारी गलियारों की यह खासियत होती है कि वहां जब कुछ नहीं होता तब भी भीतर ही भीतर बहुत कुछ हो रहा होता है और जब बहुत कुछ होता है तब भी उसे कुछ भी नहीं कहा जाता। सवाल है कि इस उठापटक के बाद जो पुरस्कार घोषित होंगे, उन्हें सम्मान कहा जाए या जुगाड़, प्रेशर पॉलिटिक्स या प्रतिभा,कलम का अपमान अथवा समझौता, उपलब्धि या अनुकंपा। साहित्य का मौलिक स्वभाव प्रश्न करना है पर पुरस्कार का स्वभाव अक्सर चुप करा देना होता है। जो कल तक व्यवस्था की विसंगतियों पर कलम चलाता था आज उसी व्यवस्था की चुप्पी पर मौन साध ले तो आम पाठक के भीतर का आदमी सरे आम ठगा ठगा सा रह जाता है। यह वह बिंदु है जहां व्यंग्य जन्म लेता है , और रोता नहीं हंसता है ताकि रोने की आवाज कहीं दब न जाए। नोबेल पुरस्कार की राजनीति की बातें अब फुसफुसाहट नहीं रहीं। साम दाम दंड भेद के सूत्र वहां भी खुली किताब की तरह पढ़े जा रहे हैं। जब विश्व का सबसे प्रतिष्ठित मंच भी सत्ता समीकरणों से अछूता नहीं तो अपने यहां के छोटे बड़े मंचों से मासूमियत की उम्मीद करना बाल सुलभ ही है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के सम्मान , पुरस्कार वर्षों से लंबित हैं और फाइलें धूल खा रहीं हैं। सम्मान अब महज योग्यता का नहीं धैर्य का इम्तहान भी बन गये है। इस पूरी कथा में सबसे रोचक यह है कि सबको सब पता है पर कोई कुछ नहीं जानता। यह अनभिज्ञता नहीं एक संस्थागत अभिनय है। जब अकादमी जैसे मंच पर प्रेस कांफ्रेंस का रद्द होना एक रहस्य बने , तो समझ लेना चाहिए कि साहित्य से ज्यादा राजनीति और साहित्य की जुगलबंदी की गोपनीयता फलफूल रही है। समाधान क्या है? समाधान वही पुराना है। पुरस्कारों की प्रक्रिया को सार्वजनिक किया जाए , जूरी की राय को संक्षेप में सामने रखा जाए , सरकार का दखल अगर है तो उसे स्वीकार कर,स्पष्ट वैधानिक नामांकन नीति बनाई जाए ताकि पर्दे के पीछे की फुसफुसाहट मंच के खुले संवाद में बदल सके। और सबसे जरूरी यह कि लेखक पुरस्कार को अंतिम सत्य न माने बल्कि पाठक को ही अपना स्थायी निर्णायक समझे। व्यंग्यकार के लिए यह समय उपजाऊ है क्योंकि विसंगति खुलेआम मुस्कुरा रही है। यह पूरा प्रसंग किसी प्रहसन से कम नहीं जहां पात्र गंभीर हैं, संवाद गुप्त हैं और मंच पर अंधेरा है। फर्क बस इतना है कि यहां शो के प्रवेश पत्र पाठक ने, लेखकों ने और साहित्य प्रेमियों ने ले रखे हैं पर शो रद्द कर दिया गया है। ऐसे में हंसी ही बचाव है और सवाल ही उम्मीद है। साहित्य अगर जीवित है तो वह इन रहस्यों पर हंसेगा भी और उन्हें उजागर भी करेगा। यही साहित्य की सदा से जिद रही है ,यही उसका दायित्व भी है।

## सेहत मंत्र

# पैदल चलने और साइकिल चलाने से हार्ट अटैक का खतरा कम, 4.3 करोड़ लोगों पर हुआ अध्ययन

पैदल चलना या साइकिल चलाना आपके स्वास्थ्य के लाभदायक होता है, यह बात आप सभी जानते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि अगर आप पैदल चलने या साइकिल चलाने को अपने रोजाना की आदत में शामिल कर लें, तो आप हार्ट अटैक के खतरे से बच सकते हैं? जी हां, हाल में ही लगभग 4.3 करोड़ लोगों पर एक अध्ययन करने के बाद वैज्ञानिकों ने बताया है कि जो लोग अपने काम पर पैदल जाते हैं या साइकिल से जाते हैं, उन्हें भविष्य में हार्ट अटैक का खतरा होने की संभावना बहुत कम होती है। ये रिसर्च यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स के द्वारा की गई है, जिसमें ओलम्पिक मेडल विजेता भाइयों की जोड़ी एलिस्टेयर और जॉनी ब्राउनली भी शामिल थे। शोधकर्ताओं ने बताया कि हार्ट संबंधी बीमारियों को बढ़ाने वाले सबसे बड़े कारक व्यक्ति का ज्यादा वजन, धूम्रपान की लत, डायबिटीज और एक्सरसाइज की कमी है। ऐसे में जो लोग अपने रोजमर्रा के कामों के लिए पैदल चलने या साइकिल चलाने की आदत बनाते हैं, उन्हें हार्ट अटैक होने की संभावना कम हो जाती है। शोधकर्ताओं ने ये अध्ययन 2011 के यूके सेंसस डाटा के आधार पर किया, जिसमें 25 से 74 साल के लगभग 43 मिलियन (4.3 करोड़) लोग शामिल थे। ये सभी लोग नौकरीपेशा थे और अध्ययन का मुख्य आधार इनके काम पर जाने के साधन/माध्यम को बनाया गया। इस अध्ययन को यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी में छापा गया है। शोध के आंकड़े बताते हैं कि पैदल चलने या साइकिल चलाने के फायदे महिलाओं और पुरुषों, दोनों में ही बराबर पाए गए। इन सभी में हार्ट अटैक की संभावना सामान्य लोगों की तुलना में 1.7% तक कम पाई गई। हालांकि हार्ट की बीमारियों के मामले में 1.7% खतरे की कमी आपको बहुत मामूली मालूम पड़ सकती है, मगर शोधकर्ताओं ने बताया कि पैदल चलने और साइकिल चलाने के बहुत सारे अतिरिक्त लाभ भी हैं। पूर्व में की गई तमाम रिसर्च बताती हैं कि पैदल चलने और साइकिल चलाने से आपका ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, कोलेस्ट्रॉल आदि कंट्रोल रहता है।

## धर्म मंत्र

# श्री विट्ठल के विग्रह रूप में भगवान आज भी धरती पर विराजमान हैं

भगवान विट्ठल, श्री हरि के अवतार थे। उन्होंने यह अवतार क्यों लिया इसके बारे में एक पौराणिक कहानी में उल्लेख मिलता है। हुआ यूं था कि 6वीं सदी में संत पुंडलिक माता-पिता के परम भक्त थे। एक दिन वे अपने माता-पिता के पैर दबा रहे थे कि श्रीकृष्ण रुक्मिणी के साथ वहां प्रकट हो गए। वे पैर दबाने में इतने लीन थे कि अपने इष्टदेव की ओर उनका ध्यान ही नहीं गया। तब प्रभु ने उन्हें स्नेह से पुकार कर कहा, 'पुंडलिक, हम तुम्हारा आतिथ्य ग्रहण करने आए हैं।' पुंडलिक ने जब उस तरफ देखा, तो भगवान के दर्शन हुए। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी शयन कर रहे हैं, इसलिए आप इस ईंट पर खड़े होकर प्रतीक्षा कीजिए और वे पुनः पैर दबाने में लीन हो गए। भगवान पुंडलिक की सेवा और शुद्ध भाव देखकर प्रसन्न हो गए और कमर पर दोनों हाथ धरकर और पैरों को जोड़कर ईंटों पर खड़े हो गए। कुछ देर बाद पुंडलिक ने फिर भगवान से कह दिया कि आप इसी मुद्रा में थोड़ी देर और इंतजार करें। भगवान को पुंडलिक द्वारा दिए गए स्थान से भी बहुत प्रेम हो गया। उनकी कृपा से पुंडलिक को अपने माता-पिता के साथ ही ईश्वर से साक्षात्कार हो गया। ईंट पर खड़े होने के कारण श्री विट्ठल के विग्रह रूप में भगवान आज भी धरती पर विराजमान हैं। यही स्थान पुंडलिकपुर या अपभ्रंश रूप में पंढरपुर कहलाया। रेल : पंढरपुर में कुर्दुवादि रेलवे जंक्शन से जुड़ा हुआ है। कुर्दुवादि जंक्शन से होकर लातुर एक्सप्रेस , मुंबई एक्सप्रेस, हुसैनसागर एक्सप्रेस , सिद्धेश्वर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेने रोजाना मुंबई जाती हैं। पंढरपुर से भी पुणे के रास्ते मुंबई के लिए ट्रेन चलती है।

## पर्यटन



# ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संजोए मीरजापुर है हर तरह के यात्रियों के लिए खास

छोटे-छोटे झरनों की फुहार, रोमांचित करने वाले जल प्रपात तथा गुफा के पत्थरों पर बने भित्ति चित्र, मीरजापुर को बनाते हैं खास। धार्मिक और ऐतिहासिक दोनों ही लिहाज से यह जगह बनाता है अपनी अलग पहचान। तो इन चीज़ों को अगर देखने को रखते हैं शौक, तो यह जगह आएगी आपको पसंद। एक समय में घंटाघर की घड़ी की गूंज से नगर क्षेत्र सहित आसपास के गांवों के लोग समय जानते थे। देशी पत्थर पर गौथिक शैली में महीन कारीगरी ने घंटाघर को अद्वितीय बना दिया है। तीन मंजिला 100 फुट ऊंटा घंटाघर 31 मई 1891 को 18000 रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ था। 1735 ईस्वी में लॉर्ड मरक्यूरियस वेलेस्ले नाम के एक अंग्रेज अफसर ने इस क्षेत्र की स्थापना मीरजापुर नाम से की, लेकिन नगर पालिका वर्ष 1920 में अस्तित्व में आई। वेलेस्ले के नाम पर ही नगर का पाश इलाका वेलेस्लीगंज और अब वासलीगंज के नाम से प्रसिद्ध है। पालिका परिषद ने 97 वर्ष का सफर सफलतापूर्वक तय कर लिया है। यह घंटाघर शहर का दिल कहा जाता है। पवित्र पुण्यजला ओझला नदी के बारे में कहा जाता है कि यह अत्यंत पावन नदी है। इसमें स्नान करने से मनुष्य अनेक पापों से मुक्त हो जाता है। इस नदी पर महंत परशुराम गिरि द्वारा ओझला पुल का निर्माण वर्ष 1850 में कराया गया, जो एक दिन के रुई कारोबार की आय से निर्मित किया गया था। इस पुल के गर्भ गृह में कई कक्ष बने हुए हैं, जिनमें प्राचीन काल में यात्री आराम फरमाया करते थे। यह पुल आज भी नगरवासियों को गंगा दर्शन के साथ ही विंध्यवासिनी मंदिर से सीधा जोड़ने का एकमात्र माध्यम है। बाबू बिहारीलाल को उत्तर प्रदेश की प्रथम कॉटन मिल का जनक कहा जाता है। वे सेठ शिरोमणि के नाम से विख्यात थे। उन्होंने वर्ष 1896 में विन्ध्याचल मार्ग के मध्य में पुतलीघर इलाके में तब पांच लाख रुपये की लागत से मिल बनवाई थी। यह उत्तर प्रदेश की पहली कॉटन मिल थी। वर्ष 1928 में इसमें आग लगने के कारण यह बंद हो गई।

# टीमवर्क की झलक, एक -दूसरे को जमीन पर गिराने कोशिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित आठवीं स्पोर्ट्स मीट ''उड़ान'' के बीसवें दिन बालाजी का बचपन सत्य प्रेमी नगर ब्रांच में सभी हाउसेस के बॉयज एवं गर्ल्स की खो खो एवं टग ऑफ वार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी तेज़ गति और दांव-पेंच से सबको पछाड़कर किया आउट, वहीं दूसरी तरफ ताकत और टीमवर्क की झलक ने एक दूसरे को जमीन पर गिराने की रही भयंकर कोशिश खेल का मैदान हुआ रोमांचक, बच्चों की ऊर्जा और उत्साह ने सबको किया प्रभावित। खो खो प्रतियोगिता में ग्रुप एमें लड़कियों से अमानत,अरीबा,आद्रिका शुक्ला,साक्षी,आराध्या दीक्षित, इशिता यादव,इरम, आयुषी सुकैना, बरीरा, अनुष्का मौर्य विजेता रही।ग्रुप बी में लड़कियों में अभया, प्रभिनीत, भव्य, अंशिका गुप्ता,जिया, अलंकृत, ज़िकया, ईशानी, आराध्या शेखावत, राबिया, अश्लेषा, ओजस्वी, अंशिका मिश्रा विजेता रही। खो खो प्रतियोगिता में ग्रुप ए में लड़कों से अर्षित,शीर्ष,तिवारी,देवांश पटेल,अनमोल शर्मा,सत्यम पांडे, विनायक मिश्रा,वशिष्ठ मिश्रा, अथर्व सिंह हुजैफा कुशाग्र पांडे अथर्व प्रताप सिंह,शिवमकनौजिया,बिलाल, विजेता रहे। खो खो में ग्रुप बी से लड़कों में कृष्णा शुक्ला,स्वास्तिक पांडे, अगम तिवारी,जकरिया,देवांश मिश्रा,अबू हमजा,यश पटेल,अंश पाठक, अचिंत्या,तेजस वर्मा, मनाविक वर्मा,अंशुमान, अक्षत उपविजेता रहे। टग ऑफ वार प्रतियोगिता में लड़कों में कंपैशन हाउस से प्रथम स्थानसत्यम,विनायक मिश्रा,विनायकसोनी,देवांश,यशस्वी,विराट यादव,विजेता रहे।टॅग ऑफ वार प्रतियोगिता में स्ट्रैंथ हाउस से द्वितीय स्थान अंश,अरनव सिंह,आयुष्मान,तय्यब, अनंत, आराध्य वर्मा,अद्विक मिश्रा विजेता रहे। टॅग ऑफ वार प्रतियोगिता में इनोवेशन से तृतीय स्थान विनायक गुप्ता, अभिजीत, एकलव्य, कृष्णेंद्र, मेधांश, अभिजय, आदित्य सिंह विजेता रहे। टैग का वार प्रतियोगिता में लड़कियों से कंपैशन हाउस से प्रथम स्थान सिमरत कौर, वन्य, रितिका,मानवी,दिव्या,लाभ्य, अंशिका,विजेता रही।क्रिएटिविटी हाउस से लड़कियों में द्वितीय स्थान आराध्या सिंह,इरम, अभया सिंह,अरीबा रिजवान, महिमा सोनी, निष्ठा जैन, प्रभनीत कौर,विजेता रही स्ट्रैंथ हाउस से लड़कियों में तृतीय स्थानआराध्या, जाकिया ,अन्य, शांभवी, आरोही, अलंकृता, अविका विजेता रही। विद्यालय के निदेशक श्री अंकुर माथुर जी, चारों शाखाओं की प्रधानाध्यापिकाओं द्वारा सभी बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

## कार्य भार ग्रहण कर फरियादियों से रूबरू हुए तेजस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। नवागत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के. ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण के साथ ही तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों से रूबरू हुए। इसी मध्य वहां उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय भी प्राप्त किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से पाँच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष बची सात शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। इस मौके पर लेखपाल संघ अध्यक्ष शुभेन्द्र अवस्थी, आशुतोष मिश्रा और महेंद्र जयसवाल सहित अन्य लेखपालों ने बुके भेंटकर अपने नए अधिकारी का स्वागत किया। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार अन्नू सिंह और दिनेश कुमार पांडेय सहित कई अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## डॉ. वेदांती को कृतज्ञ जनमानस की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### विद्वत परिषद की अगुवाई में आयोजन

बाराबंकी।नगर के पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क में विद्वत परिषद के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्री राम जन्म भूमि आंदोलन के नायक एवं पूर्व सांसद संत डॉ.रामविलास वेदांती को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्मरण रहे कि डॉक्टर वेदांती का देहावसान मध्य प्रदेश प्रांत में एक राम कथा के मध्य हृदयाघात से हुआ। विद्वत परिषद के संयोजक अधिवक्ता राम लखन शुक्ल ने सभा में कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विश्व का सबसे बड़ा श्री राम जन्मभूमि का आंदोलन में नायक के रूप में डॉक्टर वेदांती का नाम अविस्मरणीय है। राष्ट्रभाषा परिषद के अध्यक्ष अजय सिंह गुरु ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में जाति पंथ भाषा सामाजिक स्तर गरीब धनवान सभी वर्ग के लोग इस आंदोलन से जुड़े , एक बड़ी शक्ति बनकर खड़े हुए देश की शक्ति का दर्शन संपूर्ण जगत ने किया। सभा की अध्यक्षता कर रहे राम जन्मभूमि आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले ओम प्रकाश निगम ने डॉक्टर वेदांती के कई स्मरण सुना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अनूप यादव एडवोकेट भाजपा विधि प्रकोष्ठ देवीशरण गुप्ता सुनील मौर्या वेद प्रकाश गुप्त विष्णु प्रताप सिंह दयाशंकर श्रीवास्तव मुकेश दीक्षित अमित शुक्ला सूर्य नारायण पाण्डेय(सत्यम) विकास गुप्ता लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुकूल प्रजापति कुंज बिहारी गुप्ता सुशील जायसवाल राष्ट्रीय जागरण मंच के मनोज श्रीवास्तव अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी प्रदीप मौर्या शैलेंद्र श्रीवास्तव दयाशंकर श्रीवास्तव शासकीय अधिवक्ता मथुरा प्रसाद वर्मा राम अवतार प्रजापति मनोज कुरील आदि गणमान्य उपस्थित रहे ।

## मार्या का अद्भुत कौशल प्रदर्शन 23 को खेल फाइनल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा प्रांगण में द राइट पिच संस्था द्वारा खेल के माध्यम से 21वीं सदी में कौशल विकास के दृष्टिगत आयोजित प्रदेश प्रीमियर लीग में विकासखंड क्षेत्र के चार विद्यालयों की क्रिकेट टीमें ,सम्मिलित हुई।विकासखंड निंदूरा के चार सरकारी विद्यालयों कम्पोजिट स्कूल उमरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय निंदूरा, कम्पोजिट स्कूल कुर्सी व कम्पोजिट स्कूल बहरौली– की क्रिकेट टीमों ने प्रीमियर लीग में हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद कम्पोजिट विद्यालय कुर्सी की सीनियर बालक व सीनियर बालिका टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया। आज के मैच में कुर्सी की मार्या का प्रदर्शन सराहनीय रहा। फाइनल मुकाबला 23 दिसंबर को देवा ग्राउंड में खेला जाएगा। कार्यक्रम में द राइट पिच के प्रोग्राम लीडर आशु सैनी सहित संस्था के कोच व सदस्य तथा सहभागी विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## धुसेडिंया में फिर कटी नहर कई सौ बीघा फसल जलमग्न, किसानों में आक्रोश, मुआवजे की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी धुसेडिया गांव में शारदा सहायक नहर की पीठापुर माइनर दूसरी बार कटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। किसानों ने नहर विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है, जिससे उनकी आलू, मटर, सरसों, गेहूं, चना और मसूर की फसलें खराब होने की आशंका है।किसानों के अनुसार, माइनर की उचित साफ-सफाई न होने के कारण यह जगह-जगह से कट रही है। शनिवार सुबह माइनर कटने से खेतों में पानी भर गया, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।जगतपाल, राधेश्याम, निर्मलकुमार, दुखहरन, राजेश कुमार, हरबख्श और शिव वरदान सहित कई किसानों ने बताया कि जब वे शनिवार सुबह अपने खेतों पर पहुंचे, तो उन्होंने फसलों को पानी में डूबा पाया। उन्होंने बताया कि पानी निकालने के लिए वे अब इंतजाम करने में जुटे हैं।किसान श्रवण कुमार ने जानकारी दी कि पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में माइनर कहीं न कहीं से कट रही है, जिससे किसानों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने नहर विभाग की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुआवजे की मांग की है।

## दौलतपुर में किसान पाठशाला का आयोजन,चर्चा में



जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददातां। विकासखंड हरख के ग्राम दौलतपुर में एक किसान पाठशाला का शनिवार करीब चार बजे आयोजन कर कृषि विभाग ने खेती की बात खेत पर की औपचारिकता निभाई। कृषि विभाग अधिकारियों के मुताबिक पाठशाला पद्मश्री रामसरन वर्मा के फार्म हाउस पर मुख्यमंत्रीके आगमन पर आयोजित खेती की बात खेत पर की तर्ज पर है। कृषि विभाग का एक और बड़ा दावा है कि पाठशाला में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। सफलता का गवाह पाठशाला आयोजन में उपस्थित किसानों से सहज लगाया जा सकता।सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सुरेंद्र कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य, दलहनी फसलों के उपयोग और उनकी उपयोगिता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।इसके अतिरिक्त, कृषि सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) ने कृषि रसायन, एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपी.एम), 'प्रणाम' योजना और प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला।

## दो वृद्धों की संदिग्ध मौत, पुलिस ने कब्जे में लिए शव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददातां। जनपद के विभिन्न अंचलों में दो व्यक्तियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।सफदरगंज बदोसराय मार्ग स्थित कस्बा रानीगंज में एक पुराने विवादित बाड़े में परिजनों के साथ रह रहे 70 वर्षीय वृद्ध ओमप्रकाश पुत्र शंभूदयाल बीती रात्रि बरामदे मे सो रहा था। शनिवार की सुबह वृद्ध ओमप्रकाश मृत अवस्था मे मिला। मृतक की बहू शालिनी निगम की सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ज्ञातव्य है कि ग्राम पंचायत सफदरगंज के पूर्व प्रधान स्वर्गीय मोहनलाल अवस्थी का वर्षो पुराना बाड़ा है। बाड़ा भूमि को लेकर कुछ विवाद बताया गया है। किसी क्रम में थाना रामनगर के कटका गांव में 71 वर्षीय हुकुम सिंह की अचानक मृत्यु हुई।घबराकर परिजनों ने 100 नंबर पर हत्या की सूचना दी जिस पर पुलिस मौके पर आ पहुंची।हालांकि परिजनों ने बाद में मौत का कारण हृदयाघात बताया और पोस्टमार्टम से इनकार किया।पुलिस ने मामला संदिग्ध मानते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बारे में कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे।

## जिला बार की बैठक बेनतीजा,स्थगित

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददातां। जिला बार एसोसिएशन की सामान्य सभा कार्यकारिणी द्वारा आहूत बैठक की कार्यवाही गहमागहमी के बीच स्थगित हो गई। बताते हैं कि सदन की कार्यवाही महामंत्री रामराज यादव द्वारा प्रारम्भ की गई तथा आज के विचारणीय बिन्दुओं को सदन में पढ़कर सुनाया गया तथा अधिवक्ताओं के विचारों हेतु अधिवक्ताओं को आमंत्रित किये जाने की बारी आयी तभी पूर्व अध्यक्ष ने पूल कार्रवाई संबंधी रजिस्टर छीनने एवं पढ़ने का प्रयास किया। सदन की आवाज के आलोक में आज की कार्यवाही अग्रिम सूचना तक स्थगित की गई।

## कटीले तार में फंसकर नीलगाय जख्मी

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फसल को बचाने के लिए किसानो द्वारा खेत के चारो तरफ लगाई गई कंटीली बाड़ में एक नीलगाय फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे गोसेवको ने नीलगाय के प्राण बचाते हुए पशु चिकित्सालय के पैरावेट की मदद से इलाज कराया।

## तहसीलदार ने किया तत्काल 10 शिकायतों का निस्तारण

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददातां। तहसील सभागार में तहसीलदार विपुल सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान कुल 56 प्रार्थनापत्र आए जिनमें से 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।प्राप्त शिकायतों में 23 राजस्व विभाग पुलिस 8 विकास 4 आपूर्ति 4 विद्युत 4 समाज कल्याण 3 कृषि 3 नगर पंचायत 2 नलकूप 2 चकबंदी 2 तथा वन विभाग से 1 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुआ।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत सहित सभी विभागों के अधिकारी पुलिस व राजस्वकर्मी उपस्थित रहे।

## महर्षि विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया द्वितीय विश्व ध्यान दिवस

सुलतानपुर। महर्षि विद्या मंदिर में द्वितीय विश्व ध्यान दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डॉ डीएस मिश्रा अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी सुल्तानपुर विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ दंत चिकित्सिका व महर्षि सहस्त्र सिरसा देवी मंडल की अध्यक्ष डॉ अनुराधा द्विवेदी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत गुरु पूजा के साथ हुई सभी उपस्थित जनों ने विधि विधान से परंपरागत गुरु पूजा की। औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथियों ,छात्र–छात्राओं, अभिभावको व शिक्षकों ने सामूहिक रूप से भावातीत ध्यान का अभ्यास किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य जे एन उपाध्याय ने सभी को विश्व ध्यान दिवस की महत्ता व भावातीत ध्यान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भावातीत ध्यान सरल सहज व स्वाभाविक प्रक्रिया है इसके नियमित अभ्यास से हम चेतना के उच्चतम स्तर को प्राप्त करते हैं जिसके द्वारा समरसता का भाव उत्पन्न किया जा सकता हैं। महर्षि महेश योगी ने भावातीत ध्यान के माध्यम से पूरे विश्व में अजेयता एवं शांति की स्थापना का जो संकल्प लिया वह आज संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉक्टर गिरीश चंद्र वर्मा जी के नेतृत्व में सफल हो रहा है और इसी कड़ी में संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस की घोषणा करके उस पर औपचारिक मोहर लगा दी। प्रधानाचार्य महोदय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा स्मृति चिन्ह व ज्ञान पत्रिका भेट कर सम्मानित किया। महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान के बैनर तले महर्षि विश्व शान्ति ट्रस्ट की इकाई के तत्वाधान में सामूहिक सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती व भावातीत ध्यान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रह।

## चंदौसी में रैन बसेरे का निरीक्षण किया डीएम ने

चंदौसी। कड़ाके की सर्दी में गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सक्रिय दिखा । शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक ने चंदौसी स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने रैन बसेरे में ठहरने की व्यवस्था, बिस्तर, रजाई, स्वच्छता और सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति ठंड में खुले में न सोए, अब यह बात और है कि लोग फुटपाथ पर भी सोते हैं। लेकिन जरूरतमंदों को रैन बसेरे में ठहराए जाने की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।डीएम ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य हर जरूरतमंद तक राहत पहुंचाना है। आए दिन हो रही चोरी वहीं एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं अपनी पुलिस को।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सर जी, स्वेटर ओद है, कड़ाके की ठंड में मासूम की बेबसी देख पसीजा नायब तहसीलदार का हृदय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विकसित भारत के सपनों के बीच ठिठुरता बचपन, नायब तहसीलदार ने बढ़ाया इंसानियत का हाथ**

**स्वेटर देने के साथ हर संभव मदद को बढ़ाया हाथ**



सिद्धौर, बाराबंकी । कड़ाके की ठंड में जब लोग रजाइयों और हीटरों में सिमट जाते हैं, उसी ठंड में अगर कोई मासूम बच्चा एक पतली शर्ट में ठिठुरता मिले तो यह दृश्य केवल आंखें नहीं, बल्कि आत्मा तक झकझोर देता है।

ऐसा ही एक हृदयविदारक दृश्य आज सिद्धौर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर बहादुर सिंह में देखने को मिला, जिसने प्रशासनिक निरीक्षण को मानवता की जीवंत मिसाल में बदल दिया।

आज एसआईआर की प्रगति का निरीक्षण करने क्षेत्र में निकले नायब तहसीलदार श्री सौरभ सिंह जब विद्यालय पहुँचे, तो उनकी दृष्टि कक्षा में पढ़ रहे बच्चों पर पड़ी। निरीक्षण के दौरान उनकी निगाह एक ऐसे मासूम पर ठहर गई, जो कड़ाके की ठंड में सिर्फ एक शर्ट पहने ठिठुर रहा था। यह दृश्य देखते ही नायब तहसीलदार के कदम रुक गए। शायद उन्हें अपने बचपन के स्कूल के दिन याद आ गए जब सर्दी में एक स्वेटर कितनी बड़ी जरूरत हुआ करता था।

वे सीधे बच्चों के बीच जाकर बैठ गए और उस बच्चे से स्नेहपूर्वक पूछा

बेटा, स्वेटर क्यों नहीं पहना?

मासूम ने बिना किसी बनावट के जो उत्तर दिया, उसने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं– ़सर जी, स्वेटर ओद (गीला) है।

इस छोटे से जवाब में गरीबी की पूरी कहानी छुपी थी। साफ था कि बच्चे के पास पहनने के लिए सिर्फ एक ही स्वेटर है, जो गीला होने के बाद दोबारा पहनने लायक नहीं था। जहां एक ओर देश विकसित भारत के सपने देख रहा है, वहीं दूसरी ओर एक बच्चा पूस की ठंड एक ही कपड़े में काटने को मजबूर है। कुछ पल के लिए पूरा विद्यालय परिसर खामोश हो गया।

लेकिन इसी खामोशी को तोड़ा संवेदनशील प्रशासनिक निर्णय ने। नायब तहसीलदार श्री सौरभ सिंह ने बिना किसी औपचारिकता के तुरंत अपने पास से स्वेटर मंगवाया और बच्चे को पहनाया। इतना ही नहीं, उन्होंने उस बच्चे को अपना निजी मोबाइल नंबर देते हुए कहा–

़बेटा, कभी कोई परेशानी हो तो मुझे फोन करना।

यह केवल एक स्वेटर देने की घटना नहीं थी, बल्कि यह उस भरोसे का प्रतीक थी, जो एक अधिकारी ने एक गरीब बच्चे को दिया–कि वह अकेला नहीं है, प्रशासन उसके साथ खड़ा है।

इस पूरे मानवीय क्षण के दौरान लेखपाल राहुल भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल को साक्षात घटित होते देखा। नायब तहसीलदार सौरभ सिंह का यह संवेदनशील और करुणामय व्यवहार साबित करता है कि प्रशासन अगर चाहे तो कागजों से निकलकर जमीन पर इंसानियत उतार सकता है। उनका यह कदम न सिर्फ प्रशंसनीय है, बल्कि उन तमाम अधिकारियों के लिए प्रेरणा है, जिनके छोटे-छोटे प्रयास किसी मासूम की ठंड, भूख और बेबसी को कम कर सकते हैं।

# विश्व की मानसिक, नैतिक और पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान है भारत की आध्यात्मिक विरासत में : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत को आधुनिकता और आध्यात्मिकता का संगम करार देते हुए कहा है कि इसकी आध्यात्मिक विरासत , विश्व की मानसिक, नैतिक और पर्यावरण संबंधी समस्याओं का समाधान प्रदान करती है। श्रीमती मुर्मु ने शनिवार को हैदराबाद में ब्रह्माकुमारीज़ शांति सरोवर की 21वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दो दशकों में शांति सरोवर ज्ञान, शांति और प्रेरणा का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। सम्मेलन के विषय ''भारत का कालातीत ज्ञानः शांति और प्रगति का मार्ग'' को मौजूदा समय में विश्व समुदाय में आ रहे बदलावों के मद्देनजर बेहद प्रासंगिक बताते हुए उन्होंने कहा कि इन बदलावों के साथ अनेक गंभीर चुनौतियां भी सबके सामने हैं जैसे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं, सामाजिक संघर्ष, पारिस्थितकीय असंतुलन और मानवीय मूल्यों का पतन। उन्होंने कहा, '' हमें यह याद रखना है कि केवल भौतिक विकास से जीवन में सुख और शांति की प्राप्ति नहीं होती है। इसके लिए आंतरिक स्थिरता, भावनात्मक समझ और मूल्यों पर आधारित सोच आवश्यक है।''

राष्ट्रपति ने कहा कि मौजूदा समय में भारत की शाश्वत ज्ञान-परंपरा अत्यंत उपयोगी है।'' हजारों वर्षों से हमारी सभ्यता ने उन सिद्धांतों को अपनाया है जो सत्य, न्याय, करुणा, आत्म-अनुशासन और प्रकृति के साथ सामंजस्य पर आधारित हैं। इन मूल्यों ने हमारे समाज को सही दिशा दी है और ये मूल्य वर्तमान चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देते हैं।''

उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक विरासत, विश्व की मानसिक, नैतिक और पर्यावरण संबंधी समस्याओं का समाधान प्रदान करती है। उन्होंने कहा,'' आधुनिकता और आध्यात्मिकता का संगम हमारी सभ्यता



की सबसे बड़ी शक्ति है। वसुधैव कुटुम्बकम् का भाव – पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की सोच – आज वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आवश्यकता है।'' भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा ने हमें सत्य, अहिंसा और सह-अस्तित्व का संदेश दिया है। भारत ने योग के माध्यम से विश्व को संदेश दिया है कि स्वस्थ शरीर और स्थिर मन होने से नागरिक राष्ट्र और समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि तनावग्रस्त और भाग दौड़ के जीवन में योग ने विश्व को तनाव कम करने तथा जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम करने का प्रभावी उपाय दिया है। यह अभ्यास आयु, वर्ग और संस्कृति की सीमाओं से परे जाकर मानवता को एक ही सूत्र में बांधता है। यह केवल शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास नहीं, बल्कि विचार, व्यवहार और जीवन-दृष्टि को सकारात्मक दिशा देने की एक समग्र साधना है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पहल ने इस प्राचीन भारतीय ज्ञान को वैश्विक मान्यता दिलाई है और भारत को शांति एवं मानव कल्याण के अग्रदूत के रूप में स्थापित किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार के लक्ष्य भी इस शाश्वत ज्ञान से गहराई से जुड़े हुए हैं। समावेशी विकास का लक्ष्य जिसमें समाज के वंचित वर्गों और हाशिये पर रह रहे लोगों का विकास शामिल है, यह लक्ष्य उपनिषदों के समावेशी विचारों के अनुरूप है। '' प्राचीन गुरुकुल प्रणाली में आत्म-अनुशासन और कौशल विकास पर बल दिया जाता था। आज आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा से हमें स्वावलंबन की प्रेरणा मिलती है। सतत विकास, स्वच्छ ऊर्ज़ा और पर्यावरण संरक्षण के प्रयास भी प्रकृति से प्रेम और उसके साथ सह-अस्तित्व की भारतीय सोच से प्रेरित हैं।''

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता सामाजिक एकता और राष्ट्रीय प्रगति में मजबूत आधार की तरह काम करती है। जब व्यक्ति मानसिक स्थिरता, नैतिक मूल्यों और आत्म-नियंत्रण का विकास करता है, तो उसका व्यवहार समाज में अनुशासन, सहिष्णुता और सहयोग को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति राष्ट्र के निर्माण में भी सक्रिय योगदान देते हैं। आध्यात्मिक चेतना से प्रेरित लोग अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में प्रयासरत रहते हैं।

## मोदी की रैली में नादिया जा रहे चार भाजपा समर्थकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शनिवार सुबह तहेपुर में होने वाली रैली में शामिल होने जा रहे चार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थकों की नदिया जिले में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।
पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह घटना कृष्णानगरऽराणाघाट रेल खंड पर तहेपुर और बड़कुल्ला रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। मृतक उन करीब 40 भाजपा समर्थकों के समूह का हिस्सा थे, जिन्होंने मुर्शिदाबाद से तहेपुर जाने के लिए एक बस किराए पर ली थी। वे प्रधानमंत्री की बैठक और मटुआ-बहुल राणाघाट लोकसभा क्षेत्र में होने वाली सार्वजनिक रैली में शामिल होने जा रहे थे। सूत्रों ने बताया कि सुबह-सुबह समूह के पांच सदस्य रेलवे ट्रैक के पास बस से उतरकर लघुशंका के लिए पटरियों पर चले गए। उसी समय उसी लाइन पर अचानक एक ट्रेन आ गई। क्षेत्र में घने कोहरे के कारण वे ट्रेन की आवाजाही को समय पर नहीं देख पाए। पटरी से हटने से पहले ही ट्रेन की चपेट में आ गए। तीन भाजपा समर्थकों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शवों को बाद में बरामद कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए कृष्णानगर सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने ले जाया गया। दो अन्य को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनमें से एक को मृत घोषित कर दिया। पांचवां व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी मृतक मुर्शिदाबाद जिले के बरान थाना क्षेत्र के बरान इलाके के निवासी थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। यह रैली राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इस क्षेत्र में मटुआ समुदाय की बड़ी आबादी है, जो क्षेत्र की चुनावी राजनीति में अहम भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री का यह दौरा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच मतदाताओं को आश्वस्त करने के लिए भाजपा के जनसंपर्क प्रयासों का हिस्सा भी माना जा रहा है। पार्टी नेताओं ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है, जबकि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि समर्थक प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर उत्साहित थे। इस बीच, रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सुबह के समय कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी और लोगों से विशेषकर सर्दियों की सुबह रेलवे पटरियों से दूर रहने की अपील की। पुलिस की जांच जारी है और आगे के विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।

# राहुल गांधी ने जर्मनी यात्रा के दौरान 'भारत के दुश्मनों' से मुलाकात की : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने जर्मनी यात्रा के दौरान भारत के दुश्मनों से मुलाकात की। पार्टी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष से सवाल किया कि ऐसे तत्वों के साथ हाथ मिलाकर वह देश के खिलाफ किस तरह की साजिश रच रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल की प्रेसीडेंट एवं प्रोफ़ेसर कॉर्नेलिया वोल के साथ गांधी की कथित तस्वीर दिखायी और इसे कंग्रेस नेता द्वारा ल्लजर्मनी में भारत-विरोधी ताकतों से मुलाकात का सबूत बताया। भाटिया ने दावा किया कि वोल सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी की ट्रस्टी में से एक हैं, जो अमेरिका के अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से वित्तपोषित है। राहुल गांधी या कंग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी। पिछले साल भी, भाजपा ने आरोप लगाया था कि कंग्रेस के शीर्ष नेताओं के सोरोस-वित्तपोषित संगठनों से संबंध हैं, जो 'भारत-विरोधी' गतिविधियों में शामिल हैं। भाटिया ने शनिवार को आरोप लगाया, ''अगर कोई भारत विरोधी ताकतों से मिलता है और विदेशी धरती से भारत का अपमान करता है, तो वह राहुल गांधी के अलावा और कोई नहीं।'' उन्होंने कहा, ''जॉर्ज सोरोस और राहुल गांधी दो शरीर हैं, लेकिन एक आत्मा हैं। भाजपा प्रवक्ता ने सवाल किया कि गांधी संसद के लगभग हर सत्र के दौरान या उससे पहले विदेश क्यों जाते हैं और 'भारत के दुश्मनों से मिलते हैं, जो भारत से जलते हैं और उसकी अखंडता पर हमला करते हैं। उन्होंने सवाल किया, ''यह किस तरह का भारत-विरोधी एजेंडा है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारत-विरोधी ऐसी ताकतों के साथ हाथ मिला कर भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं? भाटिया ने आरोप लगाया कि गांधी ने अपनी पिछली विदेश यात्राओं के दौरान भी 'भारत-विरोधी' ताकतों से मुलाकात की थी और अपनी टिप्पणियों से ''भारत को बदनाम और अपमानित किया था। उन्होंने दावा किया, ''यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ऐसी देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त हुए हैं। राहुल गांधी मीर जाफर बन गए हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि सोरोस भारत विरोधी बयान देते हैं और भारत में अशांति फैलाने और देश की अखंडता और संप्रभुता पर हमला करने के लिए धन भी देते हैं। उन्होंने कहा, ''जॉर्ज सोरोस भारतीय नहीं हैं; वह एक विदेशी हैं। लेकिन, राहुल गांधी ने संविधान की रक्षा करने की शपथ ली है। भारत के अंदर इन संपोलों का इलाज करने की जरूरत है।

# मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में यूपी के नवाचारों की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में उत्तरऽमध्य क्षेत्र के शहरी विकास से संबंधित विषयों पर एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य तेजी से बढ़ते शहरीकरण की चुनौतियों, भावी आवश्यकताओं और समाधानात्मक रणनीतियों पर राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करना रहा।बैठक में उत्तरऽमध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्यों में शहरी विकास की वर्तमान स्थिति, अधोसंरचना की जरूरतों, आवास, परिवहन, स्वच्छता, ऊर्ज़ा, पर्यावरण संरक्षण तथा स्मार्ट और टिकाऊ शहरों के निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।



उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा ने बैठक में सहभागिता करते हुए प्रदेश के शहरी विकास से जुड़े अनुभव और नवाचार साझा किए। उन्होंने कहा कि विकसित भारतऽ2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए शहरी विकास को समावेशी, संतुलित और सतत बनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शहरीकरण की प्रक्रिया में सभी वर्गों–गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, युवा एवं वंचित समूहों–की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जानी चाहिए।श्री ए के शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्ज़ा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्ज़ा के उपयोग, हरित शहरों के विकास तथा मजबूत आधारभूत ढांचे पर प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश में नगर विकास विभाग में हुए कार्यों के संबंध में केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर एवं उनकी टीम ने तारीफ की। ख़ास कर लेगेसी वेस्ट के दशकों पुराने कूड़े के पहाड़ों को दूर कर नगरों को स्वच्छ रखने के लिए यूपी की हुई प्रशंसा। उसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन कर देश में यूपी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बैठक के दौरान बेहतर शहरी शासन व्यवस्था, पारदर्शिता, तकनीक के उपयोग, नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने पर भी विचार किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि सुदृढ़ नगर निकाय ही स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित शहरों की नींव रखते हैं।बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि केंद्र सरकार का लक्ष्य राज्यों के साथ मिलकर ऐसे शहरी विकास मॉडल तैयार करना है, जो पर्यावरण-अनुकूल हों, रोजगार सृजन करें और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित, सशक्त और समावेशी राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह बैठक एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस बैठक में अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने सुझाव और अनुभव साझा करते हुए केंद्रऽराज्य सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।यह क्षेत्रीय बैठक उत्तरऽमध्य क्षेत्र के शहरों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने, शहरीकरण की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने तथा केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है।

## बंगलादेश में हिंदू युवक की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में सात लोग गिरफ्तार

**ढाका/नई दिल्ली।** बंगलादेश में अधिकारियों ने 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में 7 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अंतरिम सरकार ने शनिवार को मैमनसिंह शहर में गुरुवार को हुई इस घटना की त्वरित और गहन जांच के बाद इन गिरफ्तारियों की घोषणा की। इस घटना ने बंगलादेश में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है। श्री दास पर ईशनिंदा के आरोपों को लेकर भीड़ ने बेरहमी से हमला किया। वहां हिंसा भड़क उठी और भीड़ ने उस शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद उसके शरीर को जला दिया गया। इस घटना ने इस क्षेत्र में गहरी जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक तनाव को उजागर किया है इस भयावह घटना से बांग्लादेश में कानून व्यवस्था और अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है और इसकी विभिन्न पक्षों ने इसकी निंदा की है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक्स पर जारी एक आधिकारिक बयान में इस बात की पुष्टि की है कि विशेष कानून अनुपालन इकाई रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने हत्या से जुड़े सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। सरकार ने गहन जांच का वादा किया है और सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने का आश्वासन दिया है। बंगलादेश, एक मुस्लिम बहुल देश है जहां हिंदू अल्पसंख्यक भी आबादी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और यहां छिटपुट सांप्रदायिक हिंसा का इतिहास रहा है। ईशनिंदा के आरोपों की वजह से जनाक्रोश फैलता है और यह कभी-कभी भीड़ को बेहद हिंसक बना देता है। सरकार ने बार-बार सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और धर्म के आधार पर भेदभाव किये बिना नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के महत्व पर जोर दिया है। युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद बढ़ी राजनीतिक अशांति और भारत विरोधी प्रदर्शनों के बीच भीड़ के हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या करने की यह घटना घटी। इस अशांत दौर में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा बढ़ने को लेकर चिंताएं सामने आई हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा सहित भारतीय राजनीतिज्ञों ने गहरी चिंता व्यक्त की है और सरकार से बंगलादेशी अधिकारियों के साथ अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाने का आग्रह किया है। इस घटना ने आक्रोश को बढ़ा दिया है और बंगलादेश में सांप्रदायिक हिंसा और धार्मिक असहिष्णुता जैसे गंभीर मुद्दों को उजागर किया है। अंतरिम सरकार स्थिरता बनाए रखने और कानून के शासन को कायम रखने का प्रयास कर रही है, वहीं अधिकारियों पर घृणास्पद अपराधों से निर्णायक रूप से निपटने और अशांति को और ज्यादा बढ़ने से रोकने का दबाव बढ़ता जा रहा है। हालांकि ये गिरफ्तारियां हिंदू युवक की हत्या के मामले में जवाबदेही की दिशा में एक शुरूआती कदम हैं, लेकिन पर्यवेक्षक अल्पसंख्यक समुदायों के बीच विश्वास को फिर से स्थापित करने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक पारदर्शी न्यायिक प्रक्रिया की आवश्यकता पर जोर देते हैं।

## शांति विधेयक में जल्दबाजी परमाणु दायित्व पर अमेरिकी दबाव का परिणाम : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र में परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने वाले शांति विधेयक को पारित करने को परमाणु दायित्व से संबंधित नियमों पर अमेरिकी दबाव से जुड़ा करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम के एक हिस्से में भारत का जिक्र है जिसमें परमाणु दायित्व नियमों पर अमेरिका और भारत के बीच संयुक्त मूल्यांकन का उल्लेख किया गया है।
उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शांति विधेयक को लेकर सरकार की जल्दबाजी समझ आ गयी है कि यह शांति विधेयक वास्तव में 'ट्रम्प विधेयक' है जिसमें रिएक्टर उपयोग और प्रबंधन वादा अधिनियम है, इस कानून का उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करना है। उनका कहना था कि संसद में इसी सप्ताह पारित शांति विधेयक, परमाणु क्षति में नागरिक दायित्व अधिनियम 2010 के प्रमुख प्रावधानों को कमजोर करता है, जिससे सुरक्षा और दायित्व पर चिंताएं पैदा होती हैं।

# पेज एक का शेष

### कांग्रेस की दशकों ...

दृश्य पूरे देश को यह संदेश देगा कि नॉर्थ-ईस्ट अब नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने असम के पहले मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे राज्य का गौरव थे और उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। मोदी ने कहा कि बोरदोलोई ने कठिन समय में असम की पहचान और भारत की एकता की रक्षा की और उनकी मूर्ति आने वाले वर्षों तक प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। प्रधानमंत्री ने भारतीय न्याय संहिता लागू करने में असम की अग्रणी भूमिका की सराहना की और कहा कि आज राज्य में पारदर्शिता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरी मिलना असंभव माना जाता था लेकिन आज भाजपा सरकार में यह संभव हो पाया है। मोदी ने पूर्वोत्तर में हिंसा और उग्रवाद पर भी चर्चा करते हुए कहा कि कंग्रेस सरकारों के दौरान यह क्षेत्र लंबे समय तक हिंसा और अशांति से जूझता रहा। अब उनकी सरकार ने शांति स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में पहले खून-खराबा होता था, आज वहां 4जी और 5जी टेक्नोलॉजी के माध्यम से डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंच रही है। जो जिले कभी हिंसाग्रस्त माने जाते थे, वे आज 'आकांक्षी जिलों' के रूप में विकसित हो रहे हैं और भविष्य में औद्योगिक कॉरिडोर बनने की क्षमता रखते हैं। प्रधानमंत्री ने बांस से जुड़े पुराने कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 से पहले बांस को पेड़ मानकर उसे काटने पर रोक थी, जबकि दुनिया भर में इसे घास की श्रेणी में रखा जाता है। उनकी सरकार ने इस कानून में बदलाव कर बांस को सही पहचान दी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार को बढ़ावा मिला। घुसपैठ के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार अवैध घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंग्रेस इस मुद्दे पर देश विरोधी एजेंडा अपना रही है, जबकि सुप्रीम कोर्ट भी अवैध घुसपैठियों को हटाने की बात कह चुका है। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि ''देशद्रोही'' एसआईआर प्रक्रिया की आलोचना करके घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया शुरू की है कि घुसपैठियों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखा जाए लेकिन 'देशद्रोही' उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले 11 वर्षों में इस बदलाव में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में असम और पूरे नॉर्थ-ईस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और आज इस दिशा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है।

### बंगाल में 'महाजंगल...

हुई है, उनके परिजनों के प्रति उन्होंने गहरी संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि पश्चिम बंगाल के उन क्षेत्रों तक भी आधुनिक कनेक्टिविटी पहुंचे, जो लंबे समय से उपेक्षित रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाराजागुली से कृष्णनगर तक फोरलेन सड़क बनने से नॉर्थ 24 परगना, नदिया और आसपास के इलाकों को बड़ा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही बारासात से बाराजागुली तक फोरलेन सड़क परियोजना पर भी काम शुरू हो चुका है, जिससे आर्थिक गतिविधियों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने नदिया की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वही भूमि है जहां प्रेम, करुणा और भक्ति के प्रतीक चैतन्य महाप्रभु प्रकट हुए थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल ने 'वंदे मातरम्' जैसा अमर गीत देश को दिया, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नई चेतना का संचार किया। पूरा देश 'वंदे मातरम्' को अपनाने के 150 वर्ष मना रहा है। राजनीतिक हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश तेज विकास चाहता है और हाल ही में बिहार में राजग को मिली प्रचंड जीत इसका उदाहरण है। मोदी ने कहा कि बिहार में भाजपा, राजग के प्रचंड विजय के बाद मैंने एक बात कही थी कि गंगाजी बिहार से बहते हुए ही बंगाल तक पहुंचती हैं तो बिहार ने बंगाल में भाजपा का विजय का रास्ता बना दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार ने जंगलराज को एक स्वर में नकारा है और अब पश्चिम बंगाल को भी ल्लमहाजंगल राजङ्क से मुक्ति पानी होगी। मोदी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में न तो फंड की कमी है, न योजनाओं की और न ही केंद्र सरकार के इरादों की, लेकिन यहां की सरकार ल्लकट और कमीशनङ्क में व्यस्त है। हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं आज भी अटकी पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि टीएमसी चाहे मोदी का हजार बार विरोध करे, भाजपा का पूरी ताकत से विरोध करे लेकिन राज्य के विकास को रोकना समझ से परे है। प्रधानमंत्री ने घुसपैठ के मुद्दे पर भी टीएमसी को घेरा। उन्होंने कहा कि जब भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाती है तो टीएमसी नेता परेशान हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर 'मोदी गो बैक' के पोस्टरों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगर पश्चिम बंगाल की हर गली और खंभे पर 'घुसपैठिए वापस जाओ' लिखा होता तो ज्यादा अच्छा होता। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की जनता से अपील की कि वे राज्य के तेज विकास के लिए भाजपा को मौका दें और ल्लडबल इंजन सरकारङ्क बनाकर देखें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बंगाल की शान वापस लाने और लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए पूरी ताकत से काम करेगी।

### प्रदेश में ...

आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर सहित आसपास के इलाके। इन क्षेत्रों में अति शीत दिवस की अधिक संभावना : बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बरेली, पीलीभीत, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के क्षेत्र। मौसम विभाग ने नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से बचने, बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखने तथा ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

### भारतीय साइबर एजेंसी ...

सत्यापित करने के लिए कहता है। परामर्श में कहा गया है कि हमलावर यहां व्हाट्सऐप के फोन नंबर के माध्यम से डिवाइस लिंक करें फीचर का फायदा उठाकर भोले-भाले उपयोगकर्ताओं को उनके फोन नंबर दर्ज करने के लिए बरगलाते हैं। इस तरह, पीड़ित अनजाने में ही हमलावरों को अपने व्हाट्सऐप खातों तक पूरी पहुंच प्रदान कर देते हैं। 'घोस्टपेयरिंग' हमला उपयोगकर्ताओं को धोखा देकर हमलावर के ब्राउजर को एक अतिरिक्त विश्वसनीय और छिपे हुए उपकरण के रूप में पहुंच प्रदान करने के लिए मजबूर करता है, इसके लिए एक 'पेयरिंग कोड' का उपयोग किया जाता है जो देखने में प्रामाणिक लगता है। परामर्श में कहा गया है कि एक बार हमलावर अपने उपकरण को लिंक कर लेता है, तो उसे लगभग वही पहुंच मिल जाती है जो पीड़ित को व्हाट्सऐप वेब पर मिलती है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता...

का उपयोग करने की योजना बनाई थी और हमले से पहले मुख्यमंत्री आवास की रेकी की थी। अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के अन्य आपराधिक मामलों में शामिल होने और पहले सुप्रीम कोर्ट में बड़ी घटना करने की योजना का भी उल्लेख किया। सत्र न्यायाधीश ने सभी सबूतों की समीक्षा के बाद आरोप तय करने का आदेश दिया। अब मामले की सुनवाई 26 दिसंबर को होगी। मुख्यमंत्री पर 20 अगस्त को उनके आवास पर 'जनसुनवाई' के दौरान हमला किया गया था। आरोप पत्र के अनुसार, आरोपी राजेशभाई ने शुरुआत में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में स्वीकार किया कि कुत्तों के प्रति क्रूरता के वीडियो देखकर वह क्रोधित था और उसने मुख्यमंत्री की हत्या के जरिए एक संदेश देने के लिए तहसीन के साथ मिलकर यह साजिश रची थी।

### मनरेगा के लिए लड़ी...

इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने कहा ''इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। बीस साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे जैसे कंग्रेस के सभी नेता और लाखों कार्यकर्ता आपके साथ खड़े हैं। इससे पहले, कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर 'विकसित भारत- जी राम जी विधेयक संसद द्वारा पारित किए जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह प्रस्तावित कानून प्रदेश एवं गांवों के खिलाफ है तथा इसे वापस लेने के लिए सरकार को विवश करने के मकसद से एक राष्ट्रव्यापी मोर्चा बनाया जाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कल रात मोदी सरकार ने एक ही दिन में मनरेगा के बीस वर्षों को ध्वस्त कर दिया। जी राम जी विधेयक, मनरेगा का कोई ''पुनर्गठन'' नहीं है। यह अधिकार-आधारित, मांग-आधारित गारंटी को खत्म कर इसे एक सीमित योजना में बदल देता है, जिसे दिल्ली से नियंत्रित किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस विधेयक की संरचना ही राज्यविरोधी और गांवविरोधी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''मनरेगा ने ग्रामीण मजदूर को मोलभाव की ताकत दी। वास्तविक विकल्प मिलने से शोषण और मजबूरी में पलायन घटा, मजदूरी बढ़ी, काम की परिस्थितियां बेहतर हुईं और साथ ही ग्रामीण ढांचे का निर्माण व पुनर्जीवन हुआ। यही वह ताकत है जिसे यह सरकार तोड़ना चाहती है।'' उनके मुताबिक, काम की सीमा तय करके और काम से वंचित करने के और रास्ते बनाकर, जी राम जी विधेयक उस एकमात्र माध्यम को कमजोर करता है जो ग्रामीण गरीबों के पास था। राहुल गांधी ने कहा था, ''हमने कोविड-19 महामारी के दौरान देखा कि मनरेगा का क्या मतलब था। जब अर्थव्यवस्था बंद हो गई और आजीविकाएं खत्म हो गईं, तब इसने करोड़ों लोगों को भूख और कर्ज में डूबने से बचाया। इससे सबसे ज्यादा लाभ महिलाओं को हुआ, जिन्होंने साल दर साल कुल व्यक्ति-दिवसों का आधे से अधिक योगदान दिया है।''

### इसरो 24 को ...

(एल110) में तरल ईंधन है, जबकि तीसरा चरण क्रायोजेनिक (सी25) है। इस प्रक्षेपण यान का भार 640 टन है और ऊंचाई 43.5 मीटर है तथा यह भूस्थीर संक्रमण कक्षा (जीटीओ) तक 4,200 किलोग्राम पेलोड ले जाने की क्षमता रखता है। अपने पिछले मिशनों में एलवीएम3 ने चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और 72 उपग्रहों को ले जाने वाले दो 'वनवेब' मिशनों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। इसका पिछला प्रक्षेपण एलवीएम3-एमएस/सीएमएस-03 मिशन था, जिसे दो नवंबर 2025 को सफलतापूर्वक पूरा किया गया था। उल्लेखनीय है कि 'ब्लूबर्ड-6' उपग्रह 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' संचार उपग्रहों की अगली पीढ़ी का ही उपग्रह है। इसे अंतरिक्ष से 'सेलुलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी' प्रदान करने के लिए निर्मित किया गया है। एएसटी स्पेसमोबाइल ने बताया कि ब्लूबर्ड-6, ब्लूबर्ड एक से पांच की तुलना में आकार में 3.5 गुना बड़ा है और 10 गुना अधिक डेटा क्षमता रखता है। एएसटी स्पेसमोबाइल के संस्थापक और अध्यक्ष एबेल एवलन ने कहा, ''हमारे अगली पीढ़ी के उपग्रह जल्द ही अंतरिक्ष से रोजमर्रा के स्मार्टफोन पर ब्रॉडबैंड सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

### अटल, श्यामा प्रसाद और...

वाजपेयी जी की 65 फीट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमाएं।-राष्ट्रपुरुषों के जीवन, विचार एवं योगदान पर आधारित आधुनिक संग्रहालय।-दो लाख की क्षमता वाला रैली स्थल एवं मंच।-एम्फीथिएटर, मेडिटेशन सेंटर, विपश्यनाऽयोग केंद्र, कैफ़ेटेरिया एवं नागरिक उपयोगिता सुविधाएं।-आकर्षक लैंडस्केपिंग, स्पष्ट ज़ोनिंग, पार्किंग एवं सुरक्षा प्रबंधन के साथ सुदृढ़ ले-आउट।

# खेलों से अनुशासन, स्वास्थ्य और तनावमुक्त जीवन: धामी

## देवभूमि को 'खेल भूमि' बनाने की दिशा में उत्तराखंड तेज़ी से बढ़ रहा है आगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शासकीय कार्यों की व्यस्तता के बीच कार्मिको द्वारा खेल गतिविधियों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन लाने के साथ-साथ तनाव को दूर करता है और शरीर को स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा कि निरोगी रहना मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और खेल इस दिशा में सबसे प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता भविष्य में भी अनवरत रूप से आगे बढ़ती रहेगी और कर्मचारियों-अधिकारियों में सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार करेगी। इन विचारों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल, परेड ग्राउंड, देहरादून में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित 10वीं अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता-2025 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। प्रतियोगिता में राज्य के 42 विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड हर क्षेत्र में देश के सामने एक उदाहरण बनकर उभर रहा है। राज्य परिवर्तन की ओर अग्रसर है और नवाचारों, ऐतिहासिक निर्णयों तथा जनहितकारी नीतियों के माध्यम से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हाल ही में उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन किया गया, जिससे राज्य में खेल अवसंरचना और सुविधाओं का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में खेलों को प्रोत्साहित कर राज्य को 'खेल भूमि' के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष श्री हीरा सिंह बसेड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है। खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड एक उभरती हुई खेल महाशक्ति के रूप में पहचान बना रहा है।




# नकली इंजन ऑयल फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजधानी दिल्ली में चल रही नकली लुब्रिकेंट ऑयल बनाने वाली एक बड़ी फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इस फैक्टरी में कैस्ट्रोल, टीवीएस और हीरो जैसे नामी कंपनी के नाम पर नकली इंजन ऑयल तैयार कर बाजार में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में फर्जी लुब्रिकेंट ऑयल, मशीनरी और पैकिंग सामग्री जब्त की है। इसके अलावा मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच (पूर्वी रेंज-1) की टीम ने 18 दिसंबर को कबीर नगर, दिल्ली-94 स्थित एक गोदाम पर सुनियोजित छापेमारी की। इस दौरान तीन मजदूर मौके पर नकली तेल छानने, रंग मिलाने, बोतलों में भरने और कैस्ट्रोल के फर्जी लेबल चिपकाने का काम करते मिले। छापे के दौरान गोदाम मालिक मनीष गुप्ता (41) मौके पर पहुंचा, जिसने बिना किसी लाइसेंस के अवैध फैक्ट्री चलाने की बात कबूल की। वहीं कैस्ट्रोल कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि ने मौके पर मौजूद उत्पादों की जांच कर उन्हें पूरी तरह नकली बताया। पूछताछ में आरोपित मनीष गुप्ता ने खुलासा किया कि वह वर्ष 2019 से नकली इंजन ऑयल तैयार कर रहा था। वह स्थानीय बाजार से बेस ऑयल और केमिकल मिलाकर हर दिन करीब 150 लीटर नकली तेल बनाता था, जिसे कैस्ट्रोल, टीवीएस और हीरो के नाम से पैक कर कम कीमत पर बाजार में बेच दिया जाता था। आरोपित पुराने और एक्सपायर्ड ब्रांडेड डिब्बों को साफ कर दोबारा इस्तेमाल करता था। फर्जी लेबल, सील और होलोग्राम तिहाड़ और आसपास के बाजारों से मंगाए जाते थे। यह नकली तेल दिल्ली के अलावा उदयपुर, श्रीनगर और सहारनपुर तक सप्लाई किया जा रहा था। जिससे आरोपित हर महीने करीब 50 हजार रुपये की कमाई करता था। वहीं पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपित मनीष गुप्ता पहले भी कॉपीराइट एक्ट के तहत एक मामले में शामिल रह चुका है। फिलहाल उसके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह जब्ती बेहद अहम है, क्योंकि नकली इंजन ऑयल से वाहनों के इंजन को गंभीर नुकसान पहुंच सकता था, साथ ही उपभोक्ताओं की सुरक्षा और नामी कंपनियों की साख पर भी बड़ा खतरा था।

# संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल से दिल्ली-एनसीआर तक चरस सप्लाई करने वाले आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (पूर्वी रेंज) ने हिमाचल प्रदेश से दिल्ली-एनसीआर तक चरस की सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने इस संबंध में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 1.698 किलो चरस बरामद किया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच के ईआर-1 यूनिट की टीम ड्रग्स तस्करी के मामले की जांच कर रही थी। 12 दिसंबर को गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने पहाड़गंज स्थित एक होटल में छापा मारकर कुंदन लाल (40) को गिरफ्तार किया। वह जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1.136 किलो चरस बरामद हुई। जांच में सामने आया कि आरोपित इससे पहले भी वर्ष 2024 में हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार हो चुका है। बरामद चरस दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई की जानी थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पूछताछ के दौरान कुंदन लाल ने खुलासा किया कि पूर्वी दिल्ली के रहने वाले गौरव वर्मा और पीयूष कुमार इस खेप को लेने वाले थे। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर पूर्वी दिल्ली में छापेमारी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। वहीं, आगे की जांच में कुंदन लाल ने मनीष कुमार उर्फ मनीष ठाकुर, निवासी जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) का नाम उजागर किया, जो इस नेटवर्क का सक्रिय सदस्य था। आरोपित ने बताया कि चरस कुल्लू के छलाल और आसपास के पहाड़ी इलाकों से लाई जाती थी। इस सूचना पर 18 दिसंबर, 2025 को कश्मीरी गेट स्थित मजनूं का टीला-आईएसबीटी के पास छापा मारकर मनीष कुमार को दबोचा गया। उसके बैग से 562 ग्राम चरस बरामद हुई।

### नेत्रहीन यूनियनों की हर जायज़ मांग पूरी की जाएगी: डॉ. बलजीत कौर

**चंडीगढ़।** पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ बलजीत कौर ने शनिवार को पंजाब की नेत्रहीन यूनियनों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी हर जायज़ मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को दिव्यांग कोटे के तहत खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये। डॉ. कौर ने स्पष्ट किया कि जो मांगें विभागीय स्तर पर स्वीकार्य हैं, उन्हें तुरंत लागू किया जाएगा, जबकि जिन मांगों के लिए सरकारी स्तर पर निर्णय की आवश्यकता है, उन्हें सरकार के समक्ष पूरी तरह से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार दिव्यांग व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। बैठक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई।

### नागपुर के फैक्ट्री में बिहार के 06 मजूदरों की मौत पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त की संवेदना

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के नागपुर में बुटीबोरी के महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमआईडीसी) रीजन में स्थित सोलर पैनल निर्माण फैक्ट्री में पानी की टंकी फटने से बिहार के 06 मजूदरों की हुई मौत पर मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत मजदूरों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में बिहार के मृतक मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। उन्होंने बिहार के रहनेवाले घायल मजदूरों के समुचित इलाज की भी व्यवस्था करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को स्थिति का जायजा लेने तथा घायलों के समुचित इलाज के साथ-साथ हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने एवं मृत मजदूरों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिये सभी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

### अररिया-ठाकुरगंज रेलमार्ग के मध्य लक्ष्मीपुर स्टेशन को फारबिसगंज से जोड़ने का लोकेशन सर्वे हुआ पूरा

**अररिया।** नवनिर्मित अररिया-ठाकुरगंज रेलमार्ग के मध्य स्थित लक्ष्मीपुर स्टेशन को फारबिसगंज से जोड़े जाने हेतु 17.60 लंबे नये रेल संपर्क को बनाए जाने को लेकर फाइनल लोकेशन सर्वे का कार्य रेलवे द्वारा पूरा कर लिया गया है। इसके बाद निर्माण हेतु विस्तृत डीपीआर बनाकर फरवरी 2026 तक रेलवे बोर्ड को भेजे जाने की प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है।जानकारी रेल मामलों के जानकार एवं इंडो-नेपाल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ रेल यूजर्स-सह-डीआरयूसीसी सदस्य विनोद सरावगी ने दी।उन्होंने हर्ष जताते हुए कहा कि इस नए रेल संपर्क के निर्माण के बाद फारबिसगंज से सिलीगुड़ी की दूरी लगभग 38 किलोमीटर कम हो जाएगी। उत्तरी भारत की ओर से तथा भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा जोगबनी से सिलीगुड़ी के रास्ते पूर्वोत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों को अब अनावश्यक रूप से अररिया होकर नहीं जाना होगा, जिससे यात्रा समय के साथ परिचालन खर्चों में भी काफी बचत होगी। उल्लेखनीय है की भूतपूर्व रेल मंत्री स्वर्गीय ललित नारायण मिश्रा के कार्यकाल में फारबिसगंज से ठाकुरगंज नई रेल लाइन बनाए जाने को लेकर जो सर्वे हुआ था,उसका रूट भी यही था।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की आंतरिक एवं सामरिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से अति संवेदनशील चिकन नेक में रेल यातायात को सुदृढ़ करने हेतु कई रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। जिसके अंतर्गत फारबिसगंज-लक्ष्मीपुर नई रेल लाइन भी है ।

### श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के वार्षिक जन्म महोत्सव को लेकर तैयारी पूरी, निकलेगी शोभा यात्रा

**अररिया।** फारबिसगंज आईटीआई नजदीक स्थित सत्संग केंद्र में रविवार को होने वाले परमप्रेममय श्रीठाकुर अनुकूलचंद्रजी का 138वां वार्षिक जन्म महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। जानकारी स्थानीय ऋत्विक समीर डे ने देते हुए बताया कि उत्सव को लेकर विशाल पंडाल का निर्माण किया गया है। जिसमें बिहार,पश्चिम बंगाल एवं पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से ठाकुरजी के हजारों भक्तों का समागम होगा। पूरे मंदिर परिसर को बंगाल से आए कलाकारों के द्वारा आकर्षक ढंग से फूलों से सजाया गया है। उन्होंने बताया की मंदिर परिसर से रविवार को विशाल शोभा यात्रा नगर भ्रमण हेतु निकाली जाएगी। जिसके पश्चात भजन-कीर्तन, धर्मसभा,मातृ सम्मलेन जैसे कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

# हिमालय को विकास मॉडल बनाया जाएं : सुरेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। उत्तराखंड जल बिरादरी के सुरेश भाई ने मुख्यमंत्री को सुझाव पत्र प्रेषित कर राज्य में भीषण आपदा के बाद भविष्य के लिए आपदा न्यूनीकरण पर गहन चर्चा करवाने की मांग की हैं।

पत्र में कहा कि मानसून सीजन में धराली, थराली, ऋषि गंगा, छेना गाड, नंदनगर, स्यानाचट्टी केदारनाथ, बद्रीनाथ, और कुमाऊं मंडल में सन् 2023 से लगातार आई आपदाओं ने भविष्य में सावधानी पूर्वक सचेत रहने की चेतावनी दी है। उत्तरकाशी में भागीरथी इको सेंसेटिव की शर्तों को लागू करने की आवश्यकता है। सुझाव दिया गया कि इको सेंसेटिव जोन की शर्तें लागू की जाती तो आपदा को कम किया जा सकता था। झाला से भैरों घाटी के बीच में लगभग 20 किमी में देवदार के पेडों को बचाया जाए और सड़क की चौड़ाई इतनी हो कि दो गाड़ियां आ जा सके। इसके साथ ही नदियों के किनारे और ग्लेशियरों के मुहाने पर लोग बड़ी मात्रा में जमा हो रहे हैं। जहां पर बन रही बहुमंजली इमारतें, अंधाधुंध पर्यटन, बडे निर्माण के लिए वनों का कटान आदि कभी भी भीषण तबाही के शिकार बन सकते हैं। पत्र में यह भी अनुरोध किया गया कि वनों में लग रही आग के कारण वनस्पतियां जलने के बाद मिट्टी कमजोर पड़ जाती है और ऐसे संवेदनशील स्थानों पर वनों का व्यावसायिक दोहन किया जा रहा है। आपदा के समय काटी हुई लड़कियां भी बहकर आई है जो बहुत चिंताजनक है। यहां भी मांग की गई कि यमुनोत्री और गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर भविष्य में सुधारीकरण के नाम पर निकलने वाले मलवे को यमुना और भागीरथी में न डाला जाए। गंगा और यमुना के उद्गम से 150 किलोमीटर आगे तक बड़े निर्माण कार्य इसलिए नहीं होने चाहिए कि यहां पर बाढ़ भूकंप और भूस्खलन की संभावनाएं है। अतः यहां पर बहुत संयमित और सावधानीपूर्वक निर्माण आदि करने की आवश्यकता है ताकि पहाड़ भी बचे रहे और आपदा को भी न्यूनीकरण किया जाए। अंधाधुन पर्यटक और तीर्थ यात्रियों के द्वारा डंप किया जा रहा प्लास्टिक कूड़ा- कचरा का प्रबंध उचित देखभाल में करने की आवश्यकता है। हिमालय क्षेत्र में विकास के लिए पृथक मॉडल की आवश्यकता है। कम से कम उत्तराखंड में तो जहां हिमालय दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है वहां पर हिमालय विकास का एक मॉडल बनाया जाना चाहिए ताकि इको फ्रेंडली विकास की तरफ कदम बढ़ाया जा सके। सुरंग आधारित परियोजनाओं को रोकने की आवश्यकता है क्योंकि जहां-जहां सुरंगे बन रही है वहां गांव में दरारें पड़ रही है और पानी सूख रहा है।पत्र में सुझाव दिया गया कि आपदा में क्षतिग्रस्त भवन और मृतकों के के लिए मुआवजा राशि बहुत ही कम है जिसे 10 लाख रुपए तक बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही कृषि और कृषि योग्य भूमि को होने वाले नुकसान का मुआवजा उत्तराखंड जैसे हिमालय राज्य में जहां छोटे और सीमांत किसान है, उन्हें हेक्टर के रूप में भुगतान किया जाता है।

## जालंधर पुलिस ने पुलिस लाइंस में 'पुलिस एल्डर्स डे' मनाया

जालंधर। सेवामुक्त पुलिस अधिकारियों की समर्पित और सराहनीय सेवाओं का सम्मान करने के उद्देश्य से, जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने शनिवार को पुलिस लाइंस, जालंधर में सम्मान, आदर और गर्व के साथ 'पुलिस एल्डर्स डे' मनाया। इस कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (हेडक्वार्टर) सुखविंदर सिंह मौजूद थे। जिले के सभी रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर, जिला पुलिस पेंशनर्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की, जिसमें एसोसिएशन, पुलिस विभाग और सरकार द्वारा पुलिस पेंशनर्स की भलाई के लिए किये गये कल्याणकारी कामों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर, श्री चंदर कैलाश ( पूर्व डीएसपी), श्री हरदेव सिंह (पूर्व डीएसपी), श्री सोहन लाल (पूर्व डीएसपी), श्री महिंदर सिंह (पूर्व डीएसपी) सहित छह अन्य रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों को विभाग के प्रति उनकी निस्वार्थ और समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों को उनकी निस्वार्थ और समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

# द्वारका में एक नाइजीरियन समेत 9 ड्रग तस्कर गिरफ्तार, हथियार और नकदी बरामद

कैनविज टाइम्सस संवाददाता

नई दिल्ली। द्वारका जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप-2 के तहत ड्रग तस्करी में शामिल लोगों पर शिकंजा कस दिया है। इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने एक नाइजीरियन नागरिक सहित कुल 9 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ, अवैध शराब, हथियार और लाखों की नकदी बरामद की गई है। पुलिस का कहना है कि सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है।

द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने शनिवार को बताया कि भारत सरकार की ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह अभियान चलाया गया। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन और पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा के नेतृत्व में नशा मुक्त दिल्ली की दिशा में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 19 और 20 दिसंबर को द्वारका जिला पुलिस द्वारा एक साथ 50 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। एसीपी ऑपरेशन रामअवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, सुभाष चंद, विश्वेंद्र, मनीष, विवेक मंडोला की टीमों ने यह कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने नशे के कारोबार से जुड़े 9 लोगों को दबोचा और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में ड्रग्स, अवैध शराब, हथियार और नकदी बरामद की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया है उनमें द्वारका, उत्तम नगर, डाबरी, मोहन गार्डन और बिंदापुर इलाके के लोग शामिल हैं।

# एएसआई विभाग में फर्जी भर्ती घोटाले का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट ने देशभर के बेरोजगार युवाओं को ठगने वाले फर्जी सरकारी भर्ती घोटाले का पर्दाफाश किया है। आरोपित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), संस्कृति मंत्रालय के नाम पर नकली वेबसाइट बनाकर सरकारी नौकरी का झांसा दे रहे थे। इस संबंध में थाना स्पेशल सेल में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आईएफएसओ यूनिट के पुलिस उपायुक्त विनित कुमार ने शनिवार को बताया कि कुछ समय पहले पुलिस को ठगी की सूचना मिली थी। जांच में सामने आया कि आरोपितों ने एएसआई के नाम पर क्यूरेटर के 7 और जूनियर असिस्टेंट के 84 पदों के लिए फर्जी भर्तियां निकाली थीं। इसके लिए एएसआई और संस्कृति मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट जैसी दिखने वाली एक नकली वेबसाइट बनाई गई। जिसमें सरकारी लोगो, रंग, लेआउट और फॉर्मेट तक हूबहू नकल की गई थी। फर्जी भर्ती का लिंक कॉलेज छात्रों के व्हाट्सएप ग्रुप, ऑनलाइन फोरम और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जमकर वायरल किया गया। कई छात्रों और बिचौलियों को पैसे देकर भी इसका प्रचार कराया गया। जिससे सैकड़ों उम्मीदवारों ने इसे असली समझकर आवेदन कर दिया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच में पता चला है कि आरोपितों ने करीब 150 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया। परीक्षा के लिए जयपुर में एक प्रतिष्ठित परीक्षा केंद्र बुक किया गया। जहां पूरी तरह सरकारी परीक्षा जैसा माहौल बनाया गया। बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र, प्रक्रिया-सब कुछ इतना पेशेवर था कि किसी को शक तक नहीं हुआ। वहीं आरोपितों की योजना थी कि करीब 50 प्रतिशत अभ्यर्थियों को पास घोषित कर इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा और वहीं ह्लनिश्चित चयनङ्क के बदले मोटी रिश्वत मांगी जाएगी। लेकिन इससे पहले ही दिल्ली पुलिस ने इस पूरे रैकेट को ध्वस्त कर दिया और आरोपितों को इंटरव्यू चरण से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान जयपुर निवासी कुलदीप (30) और जयपुर निवासी पीयूष (25) के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि पकड़ा गया कुलदीप बी.कॉम पास, एलएलबी द्वितीय वर्ष का छात्र है और मुख्य आरोपित है। वहीं पीयूष ने भी बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) किया हुआ है और उसकी फर्जी वेबसाइट बनाने में भूमिका थी। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के साथ ही दो मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक डेस्कटॉप कंप्यूटर, एक आईपैड, एक टैबलेट और बैंक पासबुक बरामद किया है।


# मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना में लापरवाही पर अधिकारियों की जिलाधिकारी ने लगाई क्लास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सारण। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत जिला स्तरीय सामाजिक पुनर्वास कोष समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हिंसा से पीड़ित महिलाओं और उनके आश्रित बच्चों की चिकित्सा, शिक्षा और पुनर्वास संबंधी कार्यों की समीक्षा करना था।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी उस वक्त बेहद नाराज दिखे जब उन्हें पता चला कि पूर्व की बैठक में चयनित 31 पीड़ित महिलाओं का सत्यापन पिछले दस महीनो से लंबित है। जिलाधिकारी ने इस प्रशासनिक शिथिलता को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित 31 मामलों का सत्यापन एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किया जाए। सत्यापन के तुरंत बाद इन महिलाओं के पुनर्वास की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि उन्हें सरकारी सहायता का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने जिले के अधिकारियों को संवेदनशील होने का निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान या अपने आसपास यदि कोई भी हिंसा से पीड़ित महिला का मामला सामने आता है, तो उसे नजरअंदाज न करें। ऐसी महिलाओं का अविलंब समिति के माध्यम से चयन सुनिश्चित किया जाए। पीड़ित महिलाओं के साथ- साथ उनके बच्चों की चिकित्सा, शिक्षा और पुनर्वास के लिए हर संभव प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत समाज की वैसी महिलाएं जो घरेलू या सामाजिक हिंसा की शिकार हैं उन्हें मुख्यधारा में वापस लाने के लिए आर्थिक और सामाजिक संबल प्रदान किया जाता है। इसमें उनके बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य का खर्च भी शामिल है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063